आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 24 जून 2024
वर्ष 4, अंक 127, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित 13

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर 14

# नक्सली हमले में कानपुर का लाल बलिदान

## पुलिस ट्रक को उड़ाया

- बम धमाके में कांस्टेबल शैलेंद्र और चालक विष्णु आर बलिदान
- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आईईडी से किया गया धमाका

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को परिष्कृत विस्फोटक यंत्र (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर के रहने वाले थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे

शैलेंद्र

किया गया। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित नौगवां गौतम गांव के रहने वाले थे। बेटे के शहीद होने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घर पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

### मुख्यमंत्री साय ने जवानों के बलिदान होने पर जताया शोक

**रायपुर/जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो कोबरा जवानों के बलिदान होने पर गहरा दु:ख व शोक व्यक्त किया है। साय ने रविवार को ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं, विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

## इसरो ने बनाया एक और कीर्तिमान : 4.5 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया आरएलवी पुष्पक

# आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स-03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में टेस्ट रेंज पर लैंड करता पुष्पक। ● एजेंसी

की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।

पुष्पक नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया,यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।

## एक नजर

### केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जमानत की अर्जी

**नई दिल्ली।** धनशोधन के मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा शुक्रवार को उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकीलों ने सोमवार सुबह सुनवाई की अपील की है। अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दी थी।

### बस्तर में अब नकली नोट भी छाप रहे नक्सली

**सुकमा (बस्तर)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाए जाने की मशीन,नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियार बरामद किया।

# नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने दर्ज की रिपोर्ट

## पेपर लीक के दावों की जांच के लिए बिहार और गुजरात भेजे गए विशेष दल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने एजेंसी को दी गई एक शिकायत में आरोप लगाया है कि परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं। यह शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने विशेष दल गठित किए हैं जो गोधरा और पटना रवाना हो गए हैं, जहां पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक के मामले दर्ज किए हैं। केंद्रीय एजेंसी गुजरात और बिहार में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इन मामलों की जांच अपने हाथ में लेने की योजना बना रही है।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से अभ्यर्थियों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा कथित अनियमितताओं के सम्पूर्ण पहलुओं की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षड्यंत्र, धोखाधड़ी, अभ्यर्थी की जगह किसी और के परीक्षा में बैठने, विश्वासघात और साक्ष्यों को नष्ट करना शामिल है।

**कृपांक पाने वाले 1,563 अभ्यर्थियों में 813 ने दोबारा दी परीक्षा :** नीट-स्नातक में जिन 1,563 अभ्यर्थियों को पहले कृपांक दिए गए थे, उनमें से 813 अभ्यर्थी रविवार को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सात केंद्रों पर दोबारा परीक्षा आयोजित की गई।

### बिहार में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर हमला, चार लोग गिरफ्तार

सीबीआई टीम से मारपीट में गिरफ्तार आरोपी।

**नवादा।** यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने रविवार को यहां बताया कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम शनिवार को नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। जहां टीम को नकली बताकर ग्रामीणों ने मारपीट किया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

### एनटीए की वेबसाइट हैक नहीं हुईं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि उनकी वेबसाइट तथा अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। एनटीए का यह स्पष्टीकरण नीट-यूजी और यूजीसी-नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विवाद के बीच आया है।

### एटीएस ने दो शिक्षकों से की पूछताछ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में लातूर जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर चलाने वाले दो शिक्षकों से पूछताछ की। एटीएस की नांदेड़ इकाई ने शनिवार रात दोनों को हिरासत में लिया और कुछ घंटों तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इनमें से एक शिक्षक लातूर जिले के एक सरकारी स्कूल में काम करता है।

# संसद सत्र आज से, प्रोटेम स्पीकर को लेकर हंगामा होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। 24 जून से 3 जुलाई तक के चलने वाले 10 दिन के इस सत्र में कुल आठ बैठकें होंगी। सत्र के दौरान 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भाजपा नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सदन में हंगामा होने के आसार हैं।

महताब को अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में

● नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ सरकार साबित करेगी बहुमत

महताब को लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब प्रधानमंत्री से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों की समिति को शपथ दिलाएंगे। राष्ट्रपति ने शपथ दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (द्रमुक), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा) और सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है।

### इन 10 दिनों के दौरान संसद में क्या-क्या होगा ?

- प्रधानमंत्री मोदी संसद को संबोधित करेंगे
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- पीएम मोदी संसद में अपनी कैबिनेट सदस्यों का देंगे परिचय
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा
- प्रधानमंत्री 2 या 3 जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे

### नीट और यूजीसी नेट मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे

संसद संत्र के दौरान राहुल गांधी नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे, तो दूसरी तरफ सेना में अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार पर हल्ला बोल करेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस और टीएमसी ने तीन नए कानूनों पर भी मोदी सरकार को घेरने का संकेत दे दिया है। ये कानून तब पारित किए गए थे, जब रिकॉर्ड 146 विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया था।

# मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। उन्होंने आकाश को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर भी बहाल कर दिया है। ऐसे में आकाश आनंद फिर देश में पार्टी के मूवमेंट को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

मायावती ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भतीजे को लेकर निर्णय साझा करने के साथ आकाश को दूसरे राज्यों में भी बसपा को मजबूत करने की जिम्मेदारी

● बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद भी सौंपा

सौंपी। उन्होंने अन्य प्रांत समेत उप्र. में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की भी घोषणा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश के भाषण के दौरान आप लोग भीड़ लेकर मंच पर पहुंच गए थे। कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखने के लिए ही आकाश को पद से हटाया गया था।

# पिथौरागढ़ के बच्चे ने मजाक में भेजा था फ्लाइट में बम होने का ईमेल

हल्द्वानी/दिल्ली

**अमृत विचार :** दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की घटना का पटाक्षेप हो गया है। सनसनी फैलाने वाला यह ई-मेल उत्तराखंड के सीमांत पिथौरागढ़ जिले के रहने वाले एक बच्चे ने किया था। पूछताछ में पता चला कि ये मेल उसने सिर्फ मजाक के तौर पर भेजा था।

बीती 18 जून को दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की सूचना से सनसनी फैल गई थी। आनन-फानन सुरक्षा एजेंसियों ने फ्लाइट की तलाशी ली। तलाशी में विमान में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। यह मेल पिथौरागढ़ जिले के कक्षा नौ में पढ़ने वाले 13 वर्षीय किशोर ने किया था। उसे हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने किशोर से पूछताछ के बाद रविवार को घटना का खुलासा किया। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) ऊषा रंगनानी ने बताया कि लड़के ने कुछ दिन पहले बम की झूठी सूचना देते हुए फोन करने वाले एक अन्य किशोर से जुड़ी खबरों से प्रभावित होकर मजाक में ईमेल भेजा था। जांच के दौरान यह पता चला कि ईमेल भेजने के तुरंत बाद ईमेल आईडी हटा दी गई थी। किशोर ने बताया कि उसके माता-पिता ने पढ़ाई के उद्देश्य से उसे एक मोबाइल फोन दिया था जिससे उसने एक फेक ई-मेल आईडी बनाई। उसके बाद उसने इंटरनेट पर रिसर्च कर बम की धमकी देने वाला मैसेज तैयार किया और उसे दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी को भेज दिया।

### काउंसिलिंग के बाद बच्चे को परिजनों को सौंपा

पिथौरागढ़ की एसपी रेखा यादव ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस जांच पड़ताल करते हुए पिथौरागढ़ पहुंची थी। जहां लोकल थाने को इसकी सूचना दी और बच्चे को अपने साथ ले गई। घटना की सत्यता पता लगने के बाद दिल्ली पुलिस ने काउंसिलिंग के बाद बच्चे को परिजनों को सौंप दिया।

# प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज अप्राकृतिक यौनाचार में गिरफ्तार

**होलेनरासीपुर (हासन)।** कर्नाटक के हासन में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना के भाई एवं पार्टी

विधायक सूरज रेवन्ना को पुलिस ने पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत अर्कलगुड तालुक के एक युवक की ओर से दर्ज कराई गई। सूरज रेवन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए राजनीति से प्रेरित बताया है।

# परीक्षा सुधारों पर आज उच्च स्तरीय समिति की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी

परीक्षा सुधारों पर सुझाव देने और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति की सोमवार को बैठक होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष आयोजन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। एक सूत्र ने बताया कि शीघ्र कार्रवाई करते हुए, समिति की पहली बैठक सोमवार को होगी। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिन सुधारों की सिफारिश की गई है, उन्हें अगले परीक्षा चक्र तक लागू किया जाएगा। समिति परीक्षा कैलेंडर पर भी गौर करेगी और सुझाव देगी। समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली को लेकर सिफारिशें करेगी।

# चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार निलंबित

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग में चारधाम यात्रियों से भरे टैंपो ट्रैवलर के हादसे के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर परिवहन विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है। चेकिंग में लापरवाही पर तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार परिवहन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया।

रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में 15 जून को हुए टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गया था। हादसे में चारधाम यात्रा पर आए 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। चारधाम यात्रा पर हुए इस हादसे को शासन ने खासी गंभीरता से लिया। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

### हादसे में एक्शन

- 15 जून को टैंपो ट्रैवलर खाई में गिरने से हुई थी 15 तीर्थयात्रियों की मौत
- दो सचल दल प्रभारियों को दिए आरोप पत्र, पुलिस पर कार्रवाई को डीजी को लिखा

दिए गए। वहीं परिवहन विभाग ने भी हादसे की जांच की थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर खासी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आरटीओ पौड़ी ने हादसे की जांच कर दो दिन पहले परिवहन मुख्यालय भेजी थी। अब परिवहन विभाग ने तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी यशवीर सिंह बिष्ट, कार्यालय सहायक विवेक उनियाल, परिवहन उप निरीक्षक मेहताब अली व आरक्षी अमर सैनी को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए को निलंबित कर दिया है। जबकि दो पीआरडी जवानों को उनके मूल विभाग में लौटा दिया गया है।

इधर, उपजिलाधिकारी ने भी मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। रिपोर्ट में परिवहन विभाग के सचल दल की भी लापरवाही मानी है। इस पर सचल दल प्रभारी परिवहन कर अधिकारी वरुणा सैनी व जगदीश चंद्र को आरोप पत्र जारी कर दिया है। वहीं पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए डीजीपी को पत्र भेजा गया है।

# बदरीनाथ और यमुनोत्री में चार तीर्थयात्रियों की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- चारधाम यात्रा में अब तक 157 यात्रियों की हो चुकी मौत

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की मौतों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को बदरीनाथ व यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारधाम यात्रा पर अब तक 157 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। यात्रा 10 मई से प्रारंभ हुई थी।

शासन-प्रशासन द्वारा यात्रा को लेकर तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं लेकिन भीड़ की वजह से दिक्कतें भी सामने आती रही हैं। चारधाम यात्रा में रजिस्ट्रेशन के बाद ही यात्री व वाहनों के आने की व्यवस्था है। रजिस्ट्रेशन के वक्त भी संबंधित व्यक्ति को स्वास्थ्य परीक्षण आदि का भी उल्लेख करना होता है। वहीं इस संबंध में शासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए समय-समय पर मौसम आदि से संबंधित एडवाइजरी जारी की जाती है। इसके बाद भी यात्रा पर आए दिन श्रद्धालुओं की मौत की खबरें आ रही हैं। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 73 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, बदरीनाथ में 38, गंगोत्री में 13 और यमुनोत्री धाम में 29 यात्रियों की मौत हुई है। ज्यादातर मौतें हृदयगति रुकने से हुई हैं।

# ईटानगर में बादल फटने से भूस्खलन, बाढ़ से असम में 4 लाख प्रभावित, 37 की मौत

ईटानगर/गुवाहाटी, एजेंसी

- जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 415 के कई हिस्सों में जलभराव हुआ।

राज्य की राजधानी के लोगों की जीवनरेखा माने जाने वाले राजमार्ग पर कई वाहन फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में न जाने को कहा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब एक हफ्ते से हो रही बारिश के कारण आई बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं।

बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 134 रिलीफ कैंप लगाए हैं। जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ले रखी है। बराक के करीमगंज में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के अनुसार रविवार को दो लोगों की मौत हो गई। 3995.33 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी से जलमग्न है।

### एमपी समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश के मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। अगले 3-4 दिनों में इन राज्यों को मानसून पूरी तरह कवर कर लेगा।

रविवार की सुबह बारिश के दौरान रामपुर रोड पर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

बारिश से रामपुर रोड की एक गली में हुआ जलभराव।

लंबे समय बाद बारिश होने पर खुशी में झूमतीं युवतियां।

# लंबे इंतजार के बाद हल्द्वानी में प्री-मानसून की बारिश

## मानसून के भी शीघ्र आने का अनुमान, उष्ण लहर पड़ी मंद, लोगों को गर्मी से मिली राहत, शहर में कई जगह जलभराव भी दिखा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार हल्द्वानी में प्री-मानसून की बारिश हो गई। सुबह के समय हुई बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र ने अभी और बारिश होने का अनुमान जताया है।

रविवार की सुबह करीब 10 बजे हल्द्वानी शहर और आसपास के क्षेत्रों में बारिश शुरू हुई। करीब 15 मिनट तक बारिश होती रही। काठगोदाम क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हुई। ठंडी हवा के झोंके चलने लगे। दोपहर बाद धूप निकली, लेकिन अपेक्षाकृत गर्मी कम थी। हल्द्वानी में काफी इंतजार के बाद अच्छी बारिश हुई है। इससे पहले मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान गलत साबित होते रहे थे। बारिश की वजह से शहर में कई जगह जलभराव भी हो गया। शहर में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पांच दिन के अंदर अधिकतम तापमान में करीब 4.5 डिग्री सेल्सियस के कमी आई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने आने वाले दिनों में भी बारिश होने का अनुमान जताया है।

29 जून तक रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। 24 और 25 जून को नैनीताल जिले में भारी बारिश का भी अनुमान है। 27 जून से राज्य में मानसून सक्रिय होने की संभावना है। इस बार भी मानसून देरी के साथ राज्य में प्रवेश कर रहा है। राज्य में मानसून आने की औसत तिथि 21 जून है। उधर, पहाड़ों में बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है।

भवाली-रामगढ़ रोड पर तेज बहाव के साथ बहता मलबा। ● अमृत विचार

### हल्द्वानी में इस तरह से गिरा तापमान

| तिथि | अधि. तापमान | | |
|---|---|---|---|
| 17.06.2024 | 41.6 डिग्री | 20.06.2024 | 37.1 डिग्री |
| 18.06.2024 | 41.8 डिग्री | 21.06.2024 | 37.5 डिग्री |
| 19.06.2024 | 41.0 डिग्री | 22.06.2024 | 35.8 डिग्री |
| | | 23.06.2024 | 37.1 डिग्री |

### बारिश में खुली लोक निर्माण विभाग की पोल

**भवाली :** रविवार सुबह हुई बारिश से सड़कों पर वर्षा का पानी नदी बनकर बहने लगा। भीमताल रोड व रामगढ़ रोड पर पानी का बहाव इतना तीव्र था कि मिट्टी व पत्थर भी बहकर आने लगे। कुछ देर के लिए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पैदल चलने में भारी दिक्कतें हुईं, क्योंकि पानी का तेज बहाव एक फीट ऊंचाई तक बह रहा था। कुछ भी हो सीजन की इस थोड़ी देर की बारिश ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की पोल खोलकर रख दी। सड़क पर पानी के इतने तेज बहाव का मतलब नालियों और कलमठों की सफाई ना होना है। यह बारिश विभाग को अलर्ट दे गई कि समय रहते जाग जाओ। भवाली के पास की सड़कों का रखरखाव लोनिवि नैनीताल व भवाली डिविजन करता है। यदि समय रहते लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग ने उचित सुरक्षात्मक कार्य नहीं किये तो बारिश में भारी परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ सकता है।

### हल्की बारिश में नालियों का पानी आया सड़क पर

**हल्द्वानी :** हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी लेकिन चोक नालियों ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। रविवार की सुबह हुई हल्की बारिश से कई स्थानों में जलभराव और कई नालियां चोक हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ी। मुखानी के क्रियाशाला की ओर जाने वाली सड़क में केवीएम स्कूल के सामने वाला नाला चोक होने से गंदा पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर आ गया। इससे राहगीरों व दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कत हुई। रामपुर रोड स्थित गन्ना सेंटर के पास भी बारिश का पानी लोगों की दुकानों के अंदर घुस गया, जिसकी सफाई करने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा, शहर में कई अन्य जगहों में भी नालियों व सड़कों में जलभराव हुआ, जिससे नगर निगम की नालियों की सफाई के दावे की पोल खुल गई।

### पहली बारिश में बने गड्ढे

**भीमताल :** दस दिन पूर्व भीमताल के बाईपास मार्ग और गोरखपुर से आगे भवाली की ओर लोक निर्माण विभाग की ओर से पैंच वर्क के तहत डामर का कार्य किया गया था। पहली बारिश में ही बाईपास मार्ग में गड्ढे हो गए। वहीं गोरखपुर से आगे भवाली की ओर भी यही दशा है। एक सप्ताह पहले जोर शोर से लोक निर्माण विभाग के द्वारा पैंच वर्क कर लगभग ढाई किमी और गोरखपुर से आगे कुछ माह पूर्व डामर का कार्य लाखों रुपये से कराया गया था। गड्ढे होने पर लोगों ने लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता को लेकर हाई कोर कमेटी से जांच करवाने की मांग की।

### वैज्ञानिकों ने किया अलर्ट

**काशीपुर :** जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिकों ने तराई में 24 व 25 जून को भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। उन्होंने तराई में अधिकतम 20 एमएम जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में अधिकतम 35 एमएम बारिश होने की संभावना जताई है। इसके साथ तेज हवाएं चलने का भी पूर्वानुमान जताया है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि रविवार को तराई में 10 एमएम तक बारिश हुई है। जबकि 24 व 25 जून को 20 एमएम तक बारिश होने की संभावना है।

# नैनीताल में सुबह बारिश और दोपहर में खिली धूप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रविवार को सुबह 11 बजे तक नगर में तेज बारिश (200 एमएम) के बाद मौसम ने करवट बदली। गुनगुनी धूप खिल गयी। इस दौरान काफी संख्या में पहुंचे सैलानियों ने गुनगुनी धूप में सरोवर नगरी की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाकर विश्व विख्यात नैनी झील में नौकायन की तो वहीं बड़ा बाजार, माल रोड, पंत पार्क व भोटिया मार्केट से जमकर खरीदारी भी की।

वहीं सैलानियों की बड़ी आमद से एक बार फिर से नैनीताल में दिन भर गाड़ियों का लंबा जाम लग रहा, जिससे स्थानीय लोगों सहित सैलानियों को भी फजीहत उठानी पड़ी। वहीं सोमवार से 29 जून तक मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट की घोषणा की है, जिससे और अधिक तेज बारिश होने की संभावना बनी हुई है। वहीं मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार रविवार को नगर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया।

**मौसम**

- 200 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, किसानों को होगा फायदा
- 29 जून तक मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट की घोषणा की

### झील के जलस्तर में भी बढ़ोतरी होने लगी

**नैनीताल :** बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर नगर वासियों ने राहत की सांस ली है तो वहीं झील के जलस्तर में भी बढ़ोतरी होने लगी है। सूखने के कगार पर पहुंच चुके प्राकृतिक जल स्रोत भी पुनर्जीवित होने लगे हैं वहीं दूसरी ओर प्री-मानसून में ही विभागों की पोल भी खुलने लगी है। जगह-जगह सड़कों पर सीवर ओवरफ्लो होने से सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा जिससे पैदल चलने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा वहीं सीवर का पानी नालियों के जरिए झील में समाने लगा है।

नैनीताल में बारिश के बाद गुनगुनी धूप में पंत पार्क में चहलकदमी करते सैलानी।

## सार-संक्षेप

कवि संजय परगांई को सम्मानित करते हिन्दू जागृति मंच के पदाधिकारी।

### सुरंग गांव के युवा कवि कल्कि नगरी में सम्मानित

**भीमताल :** हिन्दू जागृति मंच और हिन्दू जागृति महिला मंच संभल के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के संभल (कल्कि नगरी) में 23 जून को विक्रम पैलेस में राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। इसमें जागृति मंच के पदाधिकारियों की ओर से काव्यपाठ के लिए ओखलकांडा क्षेत्र के सुरंग गांव निवासी युवा कवि संजय परगांई को आमंत्रित किया और बाद में उनको सम्मानित किया गया। काव्य संगम में संभल जिले के जिलाधिकारी आईएएस मनीष बंसल, पुलिस अधीक्षक आईपीएस कुलदीप सिंह गुनावत, हिन्दू जागृति मंच के पदाधिकारी अतुल शर्मा, उज्ज्वल वशिष्ठ, प्रवीण रस्तोगी, सुबोध कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

### बैरोली में धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय

**गरमपानी :** रामगढ़ ब्लॉक के बैरोली गांव में श्रीमद् भागवत कथा से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। विधि विधान से हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगा। आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विशेष मंत्रोच्चार के साथ क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि को प्रार्थना हुई। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा। बैरोली गांव में रोजाना की तरह धर्माचार्यों ने यजमान भुवन कपिल, लक्ष्मी दत्त कपिल, राकेश कपिल, जगदीश कपिल, नंदन कपिल से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। कथा व्यास पंडित राजेन्द्र चंद्र जोशी ने कथा पाठ किया।

### हॉटमिक्स प्लांट के अंदर घुसी तेज रफ्तार कार

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर तेज रफ्तार कार छड़ा बाजार के नजदीक असंतुलित होकर हॉटमिक्स प्लांट में खड़े रोलर से जा टकराई। दो कार सवारों समेत प्लांट में काम कर रहे लोग भी बाल बाल बच गए। नोएडा से अक्षत व विजय कार से अल्मोड़ा की ओर रवाना हुए। दोनों मध्य रात्रि साढ़े तीन बजे के आसपास हाईवे पर छड़ा बाजार के समीप पहुंचे ही थे कि एकाएक तेज रफ्तार कार असंतुलित हो गई। कार हॉटमिक्स प्लांट परिसर के अंदर जा घुसी। प्लांट परिसर में खड़े रोलर से टकराने के बाद बामुश्किल कार रुकी। कार के टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले और घटनास्थल की ओर दौड़े।

### डीएसबी परिसर में इग्नू टीम ने किया पौधरोपण

पौधरोपण करती इग्नू की टीम। ● अमृत विचार

**नैनीताल :** डीएसबी परिसर में रविवार को इग्नू टीम की ओर से पौधरोपण किया गया। इग्नू की टीम द्वारा पारिजात के पौधे का रोपण किया। पारिजात किन्नूर उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के किनूर में गोरखचिंच से संबंधित है। सांस्कृतिक एवं पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि महाभारत में माता कुंती के आग्रह पर अर्जुन इस वृक्ष को धरती पर लाए। नारद मुनि ने श्रीकृष्ण को भेंट में परिजात का पौधा दिया था। 1000 वर्ष की आयु वाला परिजात पुष्प माता लक्ष्मी को प्रिय तथा परिजात मनोकामनापूर्ण करने वाला माना गया है निक्टैंथस आर्बोट्राइटिस वानस्पतिक नाम तथा कोरल जैस्मिन, इंडियन मैग्नोलिया के नाम से जाना जाता है। इग्नू समन्वयक प्रो. ललित तिवारी के नेतृत्व में पौधारोपण कार्य संपन्न हुआ।

# पूर्व सैनिकों से मिले राज्यपाल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने रविवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में पूर्व सैनिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं व चुनौतियों के संबंध में चर्चा की। बैठक के दौरान राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक पूर्व सैनिक व उनके परिवारों की समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की विषम भगौलिक परिस्थितियों को देखते हुए राज्य में ईसीएचएस सिस्टम को सुदृढ़ करने और एनसीसी सेंटर को खोलने की कवायद गतिमान है। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा राज्यपाल के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखी गई, जिनमें मुख्य रूप से कुमाऊं में एक सीएसडी डिपो, हल्द्वानी में पूर्व सैनिकों के बच्चों हेतु छात्रावास, भीमताल में पूर्व सैनिक लीग की जमीन पर एक सैनिक आरामघर, हल्द्वानी नैनीताल रोड़ स्थित शहीद स्मारक का सौंदर्यीकरण करवाने और ईसीएसएच सुविधाओं के विस्तार से संबंधित सुझाव रखे। राज्यपाल ने सभी सुझावों एवं समस्याओं पर आश्वासन दिया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर डीके जोशी, कर्नल रमेश सिंह, आलोक पांडेय, आईसी जोशी, जेएस जंतवाल, एसके जोशी, बीडी कांडपाल, तहसीलदार सचिन कुमार, कैप्टन पी एस भंडारी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।


पूर्व सैनिकों और सैनिकों के साथ बैठक में मौजूद राज्यपाल। ● अमृत विचार

# तबादला नीति में पारदर्शिता नहीं अपनाने पर हो कार्रवाई

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मचारी व शिक्षकों का एक करोड़ तक का दुर्घटना बीमा किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया गया।

साथ ही कतिपय विभागों में अभी तक तबादला नीति के तहत रोस्टर अनुसार कार्रवाई नहीं करने पर परिषद की ऑनलाइन बैठक में रोष व्यक्त किया गया। तबादला नीति में पारदर्शिता नहीं अपनाने वाले विभागों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने कहा कि कि विगत दिनों कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मचारी शिक्षकों का एक करोड़ तक का दुर्घटना बीमा किए जाने की मंजूरी का सभी कर्मचारियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया, साथ ही उन्होंने कहा सरकार के इस कदम से कर्मचारियों को मानसिक रूप से सबलता मिलेगी। बैठक में परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इसरार बेग, शिक्षक संघ के प्रतीय संयुक्त मंत्री जगदीश सिंह बिष्ट, मंडली मंत्री रवि शंकर गुसाईं, मोहित सनवाल, दीपक बिष्ट, गणेश सिंह, विनोद भट्ट, महेंद्र पटवाल, मनीष त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह रौतेला आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा व सीबीडीटी ऑल इंडिया में होगी फाइनल में भिड़ंत

**नैनीताल, अमृत विचार :** 99वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता के तहत सोमवार को फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स हॉस्टल हरियाणा और सीबीडीटी ऑल इंडिया के मध्य खेला जाएगा। रविवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सीबीडीटी ऑल इंडिया ने शाहबाद को पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रदेश के शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल होंगे, जो फाइनल में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। जिला क्रीड़ा संघ और जिमखाना क्लब के सहयोग से डीएसए मैदान में हुए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सीबीडीटी ऑल इंडिया और मारकंडे हॉकी क्लब शाहबाद आमने-सामने रही। इस दौरान सीबीडीटी ऑल इंडिया ने मुकाबला 3-2 ने जीता। मुकाबले में रेफरी मोहित, लाल खान रहे।

# लोगों के विरोध पर बारिश में हो रहा डामरीकरण रुकवाया

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** पदमपुरी बबियाड़ मोटर मार्ग पर बरसात में लोक निर्माण विभाग भवाली के द्वारा कराए जा रहे डामरीकरण के कार्य को रुकवा दिया है। बरसात होने के बावजूद कार्य करने वाला ठेकेदार कार्य को रुकवाने को तैयार नहीं था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने स्थानीय निवासी और दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा से की गई। उन्होंने रविवार होने के बावजूद अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से डामरीकरण के कार्य को रुकवाने के आदेश जारी करवाकर कार्य को रुकवा दिया। मुकेश बोरा ने बताया कि कार्य को रोकने के लिखित आदेश हैं। उसके बाद भी पांच डंपर डामर और रोढ़ी के मोटर मार्ग पर खड़े हैं। यदि फिर भी कार्य नहीं रोका गया तो मुख्यमंत्री को मामले से अवगत कराया जाएगा।

मुकेश बोरा।

# पर्यटक सीजन में बढ़ी पानी की खपत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मैदानों में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए रोजाना हजारों पर्यटक नैनीताल पहुंच रहे हैं। ऐसे में सरोवरनगरी में पीने के पानी का संकट गहराने लगा है। स्थिति यह है कि शहर में सप्लाई होने वाले कुल पानी का आधा हिस्सा पर्यटक ही पी जा रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से पानी की मांग दोगुने के करीब पहुंचने लगी है। आम दिनों में नैनीताल की 40 हजार की आबादी और होटलों के लिए 7 से 8 एमएलडी पानी की सप्लाई जाती है, लेकिन इन दिनों 12 एमएलडी पानी की सप्लाई संस्थान रोजाना कर रहा है।

> शहर में वर्तमान में पानी की समस्या नहीं है। वोल्टेज कम होने के कारण पम्प नहीं चल पा रहे हैं। अगर किसी प्रकार की पानी की समस्या होती है तो विभाग की ओर से टेंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जाएगी।
> **-विपिन कुमार चौहान,** अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान

लगभग 4 एमएलडी पानी होटलों को सप्लाई किया जा रहा है। सामान्य तौर पर 7 से 8 एमएलडी पानी पर्याप्त होता है, लेकिन बीते एक महीने से 12 एमएलडी पानी सप्लाई किया जा रहा है। इसमें से 4 एमएलडी होटलों को और 8 एमएलडी स्थानीय लोगों को दिया जा रहा है। मांग बढ़ने से शहर के कुछ इलाकों में पानी की कटौती की समस्या आ रही है। नैनीझील का जलस्तर रोज एक इंच घट रहा है। वर्तमान में झील का जलस्तर माइनस 5.50 इंच पर पहुंच गया है, जो लगभग पांच साल के न्यूनतम स्तर पर है। नैनीताल में पानी की सप्लाई नैनीझील से की जाती है। बता दें कि नैनीताल में कुल 8600 पेयजल कनेक्शन हैं जिसमें 990 व्यावसायिक कनेक्शन हैं।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# रोडवेज बसों की कमी से यात्री परेशान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटक सीजन में शहर में यात्रियों की भीड़ लगी हुई है, जहां एक ओर दिनभर सड़कें जाम हैं। वहीं रोडवेज बस स्टैंड में भी यात्रियों की भीड़ लग रही है। बसों की कमी होने के कारण यात्रियों को घंटों तक बस का इंतजार करना पड़ रहा है।

रविवार को भी नैनीताल बस स्टैंड में यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई, जिससे रोडवेज की ओर टिकट काउंटर से टिकट लेने पर ही यात्रियों को बस में बैठने दिया गया।

तल्लीताल रोडवेज स्टेशन पर बस का इंतजार करते लोग। ● अमृत विचार

**रोज 76 चक्कर लगा रही हैं बसें**

रोडवेज की स्टेशन अधीक्षक विमला रौतेला ने बताया कि पर्यटक सीजन में रोडवेज की बसें नैनीताल से हल्द्वानी रोजाना 76 चक्कर लगा रही हैं। उसके बावजूद भी बसों की कमी है। साथ ही सड़कों में जाम के कारण बसें देर से स्टेशन में पहुंच रही। जिससे यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ रहा है।

**आवश्यकता है**

**अमृत विचार को**

- एचआर /एडमिन
- मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की

अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो

वेतन :- योग्यता अनुसार

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-

hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# किशोरियों के न मिलने पर भड़के हिंदूवादी संगठन, कोतवाली घेरी

## पांच घंटे तक पुलिस बहुउद्देशीय भवन व कोतवाली के बाहर किया प्रदर्शन, एसएसपी का पुतला जलाने को लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई नोकझोंक

**20** जून को लापता हुई थीं एक ही घर में रहने वाली 9वीं और 11वीं कक्षा की दो किशोरियां, इसी मोहल्ले में रहने वाले समुदाय विशेष के किशोर पर भगाने का आरोप

**12** बजे पुलिस बहुउद्देशीय भवन पहुंच गए थे प्रदर्शनकारी, एसएसपी के न मिलने पर हुए नाराज सड़क पर उतरकर पुतला फूंकने की कोशिश

**24** घंटे में किशोरियों को बरामद करने का एसएसपी ने प्रदर्शनकारियों को दिया भरोसा, किशोरियों की तलाश में लगाई पुलिस की एक और टीम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से लापता किशोरियों की अब तक बरामदगी न होने पर रविवार को हिंदूवादी संगठनों के लोग भड़क उठे। उन्होंने पुलिस के खिलाफ बहुउद्देशीय भवन में प्रदर्शन कर जय श्रीराम-जय श्रीराम के नारे लगाये। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद कोतवाली के बाहर सड़क पर धरना दिया। इस बीच आक्रोशित लोग एसएसपी का पुतला जलाने पर आमादा हो गए। बीच सड़क पर पुलिस की प्रदर्शनकारियों से पुतला छीनने को लेकर नोकझोंक भी हुई। करीब पांच घंटे तक कोतवाली में हंगामा चलता रहा। बाद में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के नैनीताल से हल्द्वानी पहुंचने के बाद हिंदूवादी संगठन के लोग शांत हुए।

लापता किशोरियां 9वीं और 11वीं कक्षा की दो छात्राएं हैं। आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाला समुदाय विशेष का एक 16 वर्षीय किशोर दोनों को उत्तर प्रदेश ले गया है। इसको लेकर बीते शुक्रवार को भी बनभूलपुरा थाने में हंगामा हुआ था। चार दिन बीतने के बाद भी जब किशोरियों का कोई सुराग नहीं लगा तो गौ रक्षक जोगेंद्र सिंह राणा, शिवसेना के रुपेंद्र नागर, भाजयुमो के कार्तिक हर्बोला और हिंदूवादी नेता विपिन पांडे समेत तमाम लोग एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा से मिलने पुलिस बहुउद्देशीय भवन पहुंचे। जब एसएसपी नहीं मिले तो सभी बाहर धरने पर बैठ गए।

एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी समेत तमाम पुलिस अधिकारी उन्हें मनाने की कोशिश करते रहे। एसएसपी फिर भी नहीं पहुंचे तो लोगों ने वहीं बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। कहा कि यदि साढ़े तीन बजे तक एसएसपी नहीं आये तो वह उनका पुतला फूंकेंगे। दोपहर 12 बजे से प्रदर्शन कर रहे लोगों का धैर्य 3 बजकर 10 मिनट पर जवाब दे गया। सभी एक साथ उठे और नारेबाजी करते हुए सड़क पर आ गए। हाथ में एसएसपी का पुतला देख पुलिस भी हरकत में आग गई। हिंदूवादी संगठन के लोग पुतला फूंकना चाहते थे। पुतला जलाने को लेकर पुलिस की प्रदर्शनकारियों के साथ नोकझोंक हुई। अंततः पुलिस ने पुतला छीन लिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारी कोतवाली के बाहर सड़क पर बैठ गए। इसके बाद एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा नैनीताल से हल्द्वानी पहुंचे और आश्वासन के बाद शाम 5 बजे प्रदर्शन खत्म हुआ।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन के बाहर प्रदर्शनकारियों को मनाने की कोशिश करते एसपी सिटी प्रकाश चंद्र व सीओ सिटी नितिन लोहनी।

कोतवाली गेट पर प्रदर्शनकारियों से वार्ता करते एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार

### प्रदर्शन में भी गुटबंदी, समय बढ़ा तो घटती गई संख्या

प्रदर्शनकारियों में कई संगठन और राजनीतिक दल के लोग थे, जिसमें से कुछ प्रभावशाली लोग भी थे। सभी एकमत थे कि एसएसपी मौके पर आएंगे और आश्वासन देंगे। इस बीच कुछ लोगों को पुलिस ने वार्ता के लिए अलग से बुला लिया, जिससे प्रदर्शनकारियों में गुटबंदी हो गई। प्रदर्शनकारी अपने लोगों पर ही आरोप लगाने लगे कि वह अधिकारियों के बीच अपने नंबर बढ़ाना चाहते हैं।

### पांच घंटे में विफल हुई पांच बार की वार्ता

एसएसपी नैनीताल में वीवीआईपी ड्यूटी में थे और उनका तत्काल आ पाना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने फोन पर वार्ता कर प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानें। जिसके बाद पुलिस ने पांच बार प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। पहले कोतवाल, फिर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष, सीओ नितिन लोहनी और एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने पांच बार कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों को मना नहीं सके।

### 24 घंटे में बरामदगी के आश्वासन पर माने प्रदर्शनकारी

किशोरियों की सकुशल बरामदगी का आश्वासन हर अधिकारी दे रहा था, लेकिन प्रदर्शनकारी यह आश्वासन एसएसपी से लेना चाह रहे थे। एसएसपी फोन पर आश्वासन दे रहे थे, लेकिन लोग चाहते थे कि वह सामने आकर भरोसा दें। शाम एसएसपी पहुंचे और जब उन्होंने भरोसा दिया कि 24 घंटे में दोनों किशोरियों को बरामद कर लिया जाएगा, तब प्रदर्शनकारी माने।

कोतवाली के बाहर प्रदर्शनकारियों से एसएसपी का पुतला छीनती पुलिस। ● अमृत विचार

## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

36.8° अधिकतम तापमान | 28.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 07.15

## एक नजर

### घर से निकली किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी :** कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी दो दिन पहले लापता हो गई। किशोरी के पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक तीनपानी निवासी एक व्यक्ति ने लिखित शिकायत देकर बताया कि 21 जून को उसकी बेटी घर से बिना बताए निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो रिश्तेदारों व परिचितों में पता किया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### बुध बाजार के पास से बाइक चोरी

**हल्द्वानी :** गोविंदपुर गढ़वाल मुखानी निवासी दिरगपाल मूलरूप से फरीदपुर बरेली उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने लिखा कि बीती 19 जून की शाम वह बुध बाजार सब्जी खरीदने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार के पास सड़क पर खड़ी कर दी थी। वापस लौटने तक उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### चाकू के साथ युवक पकड़ा

**हल्द्वानी :** मेडिकल चौकी पुलिस ने शनिवार की रात एफटीआई गेट के पास एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आनंद पुत्र कांता प्रसाद निवासी रोड नंबर 1 इज्जतनगर बरेली बताया। उसने बताया कि वह यहां लूट के इरादे से चाकू लेकर खड़ा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरियों के पास 15 सौ रुपये आखिरी लोकेशन बदायूं मिली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** किशोरियों को लापता हुए चार दिन बीत चुके हैं और उनके पास सिर्फ 15 सौ रुपये हैं। उनकी आखिरी लोकेशन बदायूं में मिली थी और तब से उनका कुछ पता नहीं हैं। रविवार को हंगामे की बाद एसएसपी ने एक और टीम को तलाश में लगाया। अब कुल तीन टीमें तलाश में जुटी हैं।

11वीं में पढ़ने वाली छात्रा के घर में 9वीं की छात्रा किराए पर रहती है, जिसके पिता एक ढाबे में काम करते हैं। इलाके में रहने वाला युवक दोनों को ले गया। गुरुवार की शाम से लापता छात्राएं युवक के साथ सीसीटीवी में दिखाई दीं। वह उन्हें मंगलपड़ाव से मैजिक में बैठाकर लालकुआं ले गया और वहां से बदायूं उत्तर प्रदेश चला गया। यहां तक मोबाइल ऑन था, जिसके जरिये पुलिस लोकेशन ट्रेस कर पाई। अब फोन बंद है। शुक्रवार को बनभूलपुरा थाने में हंगामे के बाद दो टीमों को तलाश में लगाया गया और अब तीसरी टीम भी रवाना कर दी गई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि किशोरियों के पास सिर्फ 15 सौ रुपये हैं, जो वह घर से अपने साथ ले गईं थीं। ऐसे में सवाल उठता है कि इतने कम पैसों में वह चार दिनों से कैसे गुजर-बसर कर रही हैं। पुलिस ने उत्तर प्रदेश खासकर बरेली के मजिस्द और दरगाहों में भी उनकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला।

### तलाश जारी

- मोबाइल ऑन होने के इंतजार में पुलिस टीम
- एसएसपी ने तीन टीमें तलाश के लिए भेजीं

फुटपाथ पर बिखरा पड़ा जूस की दुकान का सामान।

# जूस वाले को पीटा, सामान फेंका

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम में कुछ युवकों ने एक जूस वाले को बुरी तरह पीटा और दुकान का सामान उठाकर फेंक दिया। उसे दोबारा दुकान खोलने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस को दी तहरीर में लाइन नंबर 12 बनभूलपुरा निवासी अलाउद्दीन पुत्र अब्दुल सलाम ने कहा कि वह हाईडिल गेट के पास गन्ने के जूस की दुकान चलाता है। दोपहर करीब पौने दो बजे बाइक और जीप पर सवार कुछ युवक पहुंचे और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए दुकान में तोड़फोड़ करने लगे। रोकने पर लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। दोबारा दुकान खोलने पर जान से मार डालने की धमकी दी। उसने किसी तरह भाग कर जान बचाई। आरोप है कि युवक जाते-जाते गल्ले में रखे 25 सौ रुपये भी ले गये।

# कॉलेजों में चलेंगी जूनियर की कक्षाएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में अब जूनियर हाईस्कूल की कक्षाएं चलाई जाएंगी। ऐसे राजकीय हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में कक्षाएं चलाई जाएंगी जो जूनियर स्कूलों से एक किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर हैं। जिनमें एलटी संवर्ग के पद सृजित हैं और कक्षाओं के संचालन के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर कक्षा 6 व 8 की कक्षाएं संचालित न करने वाले राजकीय हाईस्कूलों व इंटर कॉलेजों में जूनियर कक्षाएं संचालित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार छात्रहित में शैक्षिक सत्र 2024-25 से जूनियर कक्षाओं का संचालन शुरू करने की अनुमति प्रदान की गई है। एकीकरण के तहत इन कक्षाओं का संचालन होगा। इसके तहत अन्य विद्यालय जो इससे कम दूरी पर स्थित हैं वहां भी स्थानीय लोगों की मांग पर कक्षाएं चलाई जायेंगी।

# 12 प्रभावित व्यापारियों को सरस मार्केट में मिलेंगी दुकानें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रोडवेज बस स्टेशन से मंगल पड़ाव तक सड़क चौड़ीकरण प्रस्तावित है, जिसकी वजह से कई व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में डीएम वंदना ने प्रभावित व्यापारियों को पुनर्वास का आश्वासन दिया है। प्रशासन पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहे व्यापारियों को सरस मार्केट में अस्थाई दुकानें आवंटित करेगा। ये दुकानदार नगर निगम के किराएदार हैं।

पिछले छह माह से सड़क चौड़ीकरण के चलते व्यापारियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि वह वर्षों से यहां काम कर रहे हैं। अब विकास के नाम पर उन्हें उजाड़ा जा रहा है। प्रशासन मंगल पड़ाव से लेकर रोडवेज बस स्टेशन तक बॉटल नेक को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी संपत्तियों को तोड़ा जा चुका है। स्टेडियम और सरस मार्केट की दीवार को तोड़कर पीछे कर दिया गया है। कालाढूंगी चौराहा स्थित बिजली घर और सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल को भी तोड़ा जा रहा है।

ऐसे में डीएम वंदना ने प्रभावितों व्यापारियों को पुनर्वास का आश्वासन दिया है। प्रशासन नगर निगम के किराएदारों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था कर रहा है। नगर निगम के किराएदारों में करीब 12 व्यापारियों की दुकानें पूरी तरह से टूट रही हैं। जिन्हें सरस मार्केट में अस्थाई तौर पर छह माह के लिए टीन शेड की दुकानें दी जायेंगी। पार्किंग की तरफ ये दुकानें बनाई जाएंगी। शीघ्र ही इन दुकानदारों के लिए एक शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा। इसमें छह माह का समय लग सकता है। संभावना है कि शॉपिंग कॉम्पलेक्स मंगल पड़ाव में बनाया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि शीघ्र ही पुनर्वास का काम शुरू किया जाएगा।

# तीन घंटे देरी से पहुंची रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रविवार को पर्यटकों की वापसी से पहाड़ी मार्गों पर यातायात का दबाव अत्यधिक बढ़ गया। जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई और राहगीरों के साथ ही परिवहन निगम की तमाम बसों को रुक-रुक कर चलना पड़ा। जिसके चलते बसें तीन घंटे की देरी से बस अड्डे पहुंचीं। सलड़ी से काठगोदाम और काठगोदाम से भुजियाघाट वाहन रेंगते रहे। रविवार को पर्यटकों का सुबह 11 बजे से लौटना शुरू हुआ। उधर, कैंची धाम रोड पर यातायात की रफ्तार सुस्त रही। हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि रानीखेत, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ से आने वाली बसें जाम के कारण रोडवेज बस अड्डे तीन घंटे देरी से पहुंची। बसें हल्द्वानी से नैनीताल और नैनीताल से हल्द्वानी डेढ़ घंटे में आ जाती हैं। जाम के कारण ये ढाई घंटे में पहुंची। इस कारण बसें एक दिन में दो फेरे ही लगा पाईं। अल्मोड़ा की ओर से आने वाली बसें तीन-तीन घंटा देरी से पहुंची। नैनीताल की बसें एक घंटा देरी से पहुंची।

### जाम का झाम

- सलड़ी से काठगोदाम और भुजियाघाट तक रेंगते रहे वाहन
- जाम के कारण दो फेरे नहीं लगा पाईं बसें, यात्रियों को हुई दिक्कत

रविवार को कोतवाली के बाहर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

**बदहाल व्यवस्था** | राजकीय महिला अस्पताल में नर्सों को करनी पड़ रही है 12 घंटे की ड्यूटी

# स्टाफ की कमी से दो शिफ्ट में चल रहा एसएनसीयू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय महिला अस्पताल में कोरोना की पहली लहर के समय गंभीर बच्चों के उपचार के लिए नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) बनाया गया था। करीब डेढ़ वर्ष पहले चिकित्सक नहीं होने की वजह से एसएनसीयू को बंद कर दिया गया। वर्तमान में एसएनसीयू को चलाया तो जा रहा है मगर स्टाफ की कमी से दो-दो शिफ्ट लगानी पड़ रही है। जबकि एसएनसीयू के लिए तीन शिफ्ट में स्टाफ काम करता है।

नवंबर 2020 में महिला अस्पताल में 12 बेड का एसएनसीयू स्थापित किया गया था। अस्पताल कुमाऊं के प्रमुख सरकारी प्रसव केंद्रों में से एक है। यहां रोजाना 15 से 20 बच्चों का जन्म होता है।

जन्म के समय जिन नवजातों में कमजोरी होती है, उन्हें एसएनसीयू में रखा जाता है। जिससे वह जल्द ठीक हो सकें। मगर महिला अस्पताल सामान्य स्टॉफ की कमी के साथ-साथ एसएनसीयू के स्टाफ की कमी से भी जूझ रहा है। एसएनसीयू एक गहन चिकित्सा इकाई है, जिसमें स्टाफ पूरी तरह से सजग होना चाहिए, लेकिन महिला अस्पताल में स्टाफ की कमी के चलते नर्सों को आठ की जगह 12 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी करनी पड़ रही है। इन नर्सों की दिनभर में तीन की जगह केवल दो ही शिफ्ट लगाई जा रही है। नर्सों को अवकाश लेने में भी दिक्कत आ रही है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि एसएनसीयू के लिए पर्याप्त स्टाफ भेजने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है, लेकिन अभी तक स्टाफ उपलब्ध नहीं हो पाया है।

### जुलाई माह में स्टाफ मिलने की उम्मीद

**हल्द्वानी :** महिला अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि अस्पताल में चिकित्सकों से लेकर नर्सों की कमी चल रही है। एनएचएम के तहत भी कई पद खाली चल रहे हैं। शासन से आश्वासन मिला है कि जुलाई माह में स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

> स्टाफ की कमी की वजह से एसएनसीयू को दो शिफ्ट में चलाया जा रहा है। स्टाफ की उपलब्धता के लिए शासन स्तर पर पत्र भेजा गया है।
> **-डॉ. उषा जंगपांगी**, सीएमएस, राजकीय महिला अस्पताल हल्द्वानी

# बहन के घर जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रात ड्यूटी खत्म कर बहन के घर जाने के लिए निकला भाई हादसे का शिकार हो गया। चोरगलिया के पास उसे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पंकज राम (26 वर्ष) पुत्र रंजीत निवासी वार्ड 11 बंगाली कॉलोनी सितारगंज सिडकुल में नौकरी करता था। शनिवार की रात करीब 10 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद वह बाइक से काठगोदाम में रहने वाली बहन के घर के लिए निकला था। चोरगलिया के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने उसे 108 एंबुलेंस की मदद से डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बेरोजगार दामाद ने मांगा दहेज ससुर ने लिखवा दिया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शादी होने के कुछ माह बाद पति ने नौकरी छोड़ दी और ससुरालियों से दहेज की मांग करने लगा। वह पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। इस मामले में मुखानी पुलिस ने रविवार को दहेज उत्पीड़न के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइंस मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी दान सिंह नेगी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी संगीता की शादी हल्द्वनी के आरटीओ रोड स्थित कलावती सदन निवासी प्रदीप सिंह मुनोला से कराई थी। आरोप है कि शादी के तीन माह बाद प्रदीप ने सिडकुल स्थित कंपनी की नौकरी छोड़ दी थी।

इसके बाद ससुरालियों ने बेटी को दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। वह 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। संगीता ने इसके लिए मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामले में प्रदीप सिंह मुनोला समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मामला

- पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा
- नौकरी छोड़कर पति 20 लाख रुपये के लिए कर रहा था प्रताड़ित

# अधेड़ ने खाया जहर जंगल में मिला शव

**हल्द्वानी :** गोरापड़ाव में एक अधेड़ ने विषैला पदार्थ गटक लिया। उसका शव जंगल में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। टीपीनगर क्षेत्र से लगे गोरापड़ाव के जंगल में सड़क किनारे बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान बच्चों को जंगल के अंदर एक अधेड़ व्यक्ति पड़ा दिखा। उन्होंने सड़क से गुजर रहे लोगों को बताया। उनकी सूचना पर टीपीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार पानदेव (45 वर्ष) पुत्र मदन निवासी आदर्श नर्सरी गोरापड़ाव लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह चार दिन अस्पताल में भर्ती होकर आए थे।

बताया जा रहा है कि वह गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनके शव के पास एक जहरीले पदार्थ की शीशी मिली है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

हाथी खाल तालाब में पानी पीने आए हाथी। ● अमृत विचार

### हाथी खाल तालाब में पानी पीकर प्यास बुझा रहे गजराज

**चोरगलिया :** ग्रामीणों और नंदौर रेंज के वन क्षेत्र अधिकारी के प्रयासों का असर दिखने लगा है। भीषण गर्मी में जहां लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं वहीं चोरगलिया के कुछ ग्रामीण और पशु प्रेमी नंदौर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी भोपाल सिंह मेहता के लगातार प्रयासों से हाथी खाल तालाब में जंगली जानवरों व पक्षियों के लिए टैंकरों से प्रतिदिन पानी भरा जा रहा है। दो दिन पहले वन अधिकारी बीएस मेहता ने व्यक्तिगत 20 टैंकर पानी तालाब में छुड़वाये। इसी तरह पशु प्रेमी दीपू जोशी सब्जी विक्रेता लोगों से सहयोग लेकर प्रतिदिन टैंकरों से तालाब को भरने का काम निस्वार्थ कर रहे हैं। इस तपती गर्मी में कुछ दिनों से हाथियों का झुंड लगातार यहां अपनी प्यास बुझाने और नहाने आ रहा है। शाम के समय वह रात को अन्य जंगली जानवर भी यहां प्यास बुझाने आ रहे हैं। लोगों का प्रयास है कि इस भीषण गर्मी में कोई भी पशु पक्षी प्यास ना रहे।

### मोटाहल्दू के प्रतीक पांडे ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**हल्दूचौड़ :** पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा में मोटाहल्दू के छात्र प्रतीक पांडे के देश में तीसरा स्थान हासिल किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रतीक की सफलता पर सांसद अजय भट्ट समेत अनेक लोगों ने शुभकामना दी हैं। उनके पिता डॉ. प्रकाश पांडे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोटाहल्दू में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी मां प्रभा पांडे भी मेडिकल सेक्टर में कार्यरत हैं। मेधावी छात्र प्रतीक पांडे की कामयाबी पर सांसद अजय भट्ट, पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल, विधायक डॉ मोहन बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुमका, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिश्चंद्र पांडे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं के चिकित्सक डॉ. लव पांडे, डॉ. सीमा आर्य, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हल्दूचौड़ के डॉ. दीपक गिरी, ग्राम प्रधान सीमा पाठक, क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप पांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य किरन जोशी, खड़कपुर के ग्राम प्रधान शंकर जोशी आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

शिविर में मौजूद चिकित्सक व दिव्यांग बच्चे। ● अमृत विचार

### दिव्यांगों का शिविर में किया स्वास्थ्य परीक्षण

**रामनगर :** बसई स्थित यूएसआर इन्दु समिति में चिकित्सकों द्वारा स्पेशल बच्चों की जांच की गई। यूएसआर इन्दु समिति के स्किल सेंटर हॉल में स्वास्थ्य शिविर में रामदत्त जोशी शासकीय संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सकों दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया और उनके स्वास्थ्य के प्रति विद्यालय प्रबन्धन को आवश्यक निर्देश भी दिए। चिकित्सकों का कहना था कि भीषण गर्मी व इसके उपरांत बरसात के समय इन बच्चो के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखे जाने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही घातक भी हो सकती है। शिविर में चिकित्सालय की ओर से डॉ. पूजा, डॉ. मुबारक, लैब सहायक योगेश, रेडियोग्राफर कमल सैनी, सहयोगी मुमताज, नर्सिंग स्टाफ रेनू वर्मा, संदीप शर्मा, प्रबन्धक संदीप रावत के साथ साथ संस्था की ओर से पैरामेडिकल स्टाफ तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

ताइक्वांडो में पदक प्राप्त करने वाले बच्चे। ● अमृत विचार

### ताइक्वांडो में चमके रामनगर के खिलाड़ी

**रामनगर :** खेल निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी में आयोजित ओलम्पिक दिवस पर ताइक्वांडो बालक बालिकाओं की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रामनगर के बच्चों ने पदक जीतकर अपनी आभा बिखेरी। प्रतियोगिता में मयंक एवं सृष्टि ने स्वर्ण, अजय, साक्षी ने रजत और अब्दुल्लाह, नैंसी अरोरा, धनमय, विपिन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। रामनगर ताइक्वांडो एकेडमी कोच नितेश शर्मा समीर कुमार व मनोवैज्ञानिक कोमल शर्मा, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, इंद्र रावत, संजय नेगी, हेम भट्ट ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर उम्मीद जताई कि एक दिन यही बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### हिन्दू साम्राज्य दिवस उत्सव मनाया

**चोरगलिया :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सूर्या देवी खण्ड चोरगलिया में हिन्दू साम्राज्य दिवस उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रचार प्रमुख प्रदीप व खण्ड संघ चालक सोबन सिंह राठौर ने पुष्पारचन कर किया। मुख्य वक्ता प्रदीप ने शिवाजी महाराज की युद्ध नीति, साहस व पराक्रम के बारे में बताया व सभी से आवाह्न किया कि हमें भी शिवाजी महाराज जैसा बनना चाहिए एवं हम सभी को संगठित होकर रहना चाहिए व भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में सूरज, ललित, सह खण्ड कार्यवाह विक्रम,पान सिंह, प्रकाश, मुकेश, कमल, दीपक आदि लोग उपस्थित रहे।

मंच पर अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

### संगीत की शिक्षा से होगा बच्चों का बौद्धिक विकास

**रामनगर :** आयुष म्यूजिक एवं डांस एकेडमी की ओर से संगीत की बीस दिन चली कार्यशाला का समापन कर मुख्य अतिथि भगीरथ लाल चौधरी ने कहा कि स्कूली छुट्टियों के समय बच्चो को संगीत की शिक्षा देना अपने आप मे बच्चो के बौद्धिक विकास के लिए जरूरी है। कार्यक्रम अद्यक्ष नीमा मठपाल ने कहा कि बीस दिन तक बच्चों को नृत्य, गायन, वादन के अलावा अभिनय की शिक्षा देने में प्रशिक्षक प्रकाश कोटवाल का योगदान शानदार रहा। उन्होंने कहा कि इन बीस दिनों में संगीत कार्यशाला में आने वाले सभी 90 बच्चों से विशेष लगाव हो गया। बस अभिभावकों से यही अनुरोध है कि बच्चों ने बिस दिनों में जो सीखा है उसका अभ्यास घर मे भी बच्चे को अवश्य कराएं। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अतुल मेहरोत्रा रहे। इस दौरान नीमा मठपाल, दीपा कोटिया, अंजू अग्रवाल, कल्पना शर्मा, रंजना भट्ट, ममता गर्ग, जानकी मेहरा, विमला रावत, तारा सती, जग्गू रावत, मितेश्वर आनंद, प्रणय श्रीवास्तव, अतुल मेहरोत्रा, खुशाल रावत, पूरन सिंह बिष्ट मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्की, विकास,पंकज, रोहित सत्यवली, आरव बिष्ट, नताशा का विशेष योगदान रहा।

## बाबा मोटेश्वर सेवा दल ने चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की पहल का समर्थन किया

# कुमाऊं-गढ़वाल के तीर्थ स्थलों के सम्पर्क मार्ग जोड़े जाएं

रामनगर, अमृत विचार : चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मांग अब श्री बाबा मोटेश्वर सेवा दल के सदस्यों की ओर से भी की गई है। इनका तर्क है कि कुमाऊं और गढ़वाल के तीर्थ स्थलों के सम्पर्क मार्गों को सरकार एक साथ जोड़े। जब चार धाम यात्रा शुरू हो तो उसे रामनगर से भी जोड़ा जाए। चार धाम यात्रा को इसलिए रामनगर से जोड़ा जाए क्योंकि यह कुमाऊं और गढ़वाल का प्रवेश द्वार भी है। श्री बाबा मोटेश्वर सेवादल के सदस्यों का क्या तर्क है आइये सुनते ही उनके मन की बात...

चार धाम यात्रा रामनगर से शुरू करने का फैसला यहां के ठंडे पढ़ते व्यापार को नई ऊर्जा प्रदान करने में ईंधन के रूप में काम करेगा। रामनगर की चार धाम यात्रा रामनगर की आवाज बनती जा रही है। इस मांग के पूरा होने से पर्वतीय अंचलों में पलायन पर रोक लगेगी। वीरान होते पहाड़ो में फिर से रौनक लौटेगी। **–अंशुल अग्रवाल**

चारधाम यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में यात्रा में भीड़ के दबाव से निपटने के लिए रामनगर से मोहान, मोलेखाल, भिकियासैंण और कर्णप्रयाग होते हुए चारधाम यात्रा की जा सकती है। पहले भी लोग इस मार्ग से जाते थे। चारधाम यात्रा प्रारंभ करने के कई फायदे हैं रोजगार भी बढ़ेगा, कुमाऊं की सड़कों का चौड़ीकरण भी होगा। **– ऋषभ अग्रवाल**

रामनगर से चारधाम यात्रा शुरू होने से लोगो का ध्यान रामनगर के धर्मिक स्थलों की ओर बढ़ेगा तो स्थानिय लोगो का रोजगार और बढ़ेगा। यह किसी एक कि मांग नही बल्कि अब जन जन की मांग बनती जा रहा है। यात्रा रामनगर से जुड़ेगी तो टूरिस्ट भी बढ़ेगा। टूरिस्ट बढेग़ा तो रोजगार के दरवाजे भी खुलेंगे। **–सागर माहेश्वरी**

रामनगर से चारधाम यात्रा शुरू करने से सडक यातायात कर्णप्रयाग तक दुरुस्त हो सकेगा। तीर्थ यात्रियों व पर्यटकों को हमारी ग्रीष्म कालीन राजधानी गैरसैंण को जानने और देखने का मौका मिलेगा। कुमाऊं के तीर्थ और यहां के इतिहास की भी जानकारी मिलेगी। धामी सरकार के लिए एक अच्छा कदम होगा। **–पारस अग्रवाल**

चार धाम यात्रा रामनगर से जुड़ने पर यहां के व्यापारी और यहां से जुड़े सभी पर्वतीय मार्ग पर रहने वाली आम जनता को बहुत फायदा मिलेगा। आर्थिक मदद भी मिलेगी और इस क्षेत्र के सभी मंदिर जैसे रामा मंदिर और हनुमान धाम गिरिजा मंदिर भी दर्शनार्थी सेवक भक्त बढ़ेंगे। इससे रामनगर और आसपास के क्षेत्र में रोजगार भी बढ़ेगा। पचास के दशक के बाद बंद पड़ी चार धाम यात्रा को फिर जोड़ना जरूरी हो गया है। **–राजा अग्रवाल**

यात्रा को यदि रामनगर से जोड़ा जाता है तो पहाड़ की सबसे बड़ी समस्या, पलायन और रोजगार को आसानी से दूर किया जा सकेगा। कर्णप्रयाग से रामनगर तक पड़ने वाले सुंदर स्थानों के दर्शन भी पर्यट करने में सक्षम होंगे। इस मार्ग पर विकास कार्य होंगे, स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और यात्रियों को भी कुमाऊं के मन्दिरों के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। **–हर्षित अग्रवाल**

# मोदी और धामी सरकार पूरा कर रही डॉ. मुखर्जी का सपना

## जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मृति दिवस भाजपा ने बूथ और मंडल से लेकर जिला स्तर तक मनाया

**श्रद्धांजलि**

- बिठौरिया मंडल में आयोजित किया गया कार्यक्रम
- कार्यकर्ताओं ने याद कर उनके बलिदान व विचारों से प्रेरणा ली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मृति दिवस भाजपा ने बूथ और मंडल से लेकर जिला स्तर तक मनाया। भाजपाइयों ने उन्हें याद किया और उनके बलिदान व विचारों से प्रेरणा ली।

बिठौरिया मंडल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि एक देश, एक निशान और एक संविधान की मांग को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरू सरकार को चुनौती दी। वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े और गिरफ्तार हुए। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि मुखर्जी ने बंगाल के विभाजन के समय हिंदू बाहुल्य क्षेत्रों को भारत में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि मुखर्जी के सपने को साकार करने का काम केंद्र की मोदी व राज्य की धामी सरकार कर रही है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रंजन बर्गली, मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़, बूथ अध्यक्ष विक्रम देउपा, महामंत्री दीपक सनवाल, दीपक बिष्ट, कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा महेंद्र नेगी, दिगंबर भोजक, नरेश खुल्वे, दयाल पांडे, कंचन उप्रेती मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मंचासीन मुख्य अतिथि व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करतीं विधायक सरिता आर्या।

### एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान का नारा दिया था

**रामनगर :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माया रावत ने कहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम भारतीय इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। जब उनका नाम सामने आता है तो उनकी छवि कट्टर हिंदूवादी नेता के रूप उभरती है। उनको जनसंघ का संस्थापक तो माना ही जाता है। एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान का नारा उनकी ही देन है। उनके सपनों को साकार करने के प्रदेश व केंद्र सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। इस दौरान माया रावत, आशीष ठाकुर, राजेंद्र मित्तल, मनप्रीत कौर, प्रेम मेहरा, जेसी लोहनी, पुष्पा पाठक ने विचार रखे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता।

### बलिदान दिवस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्य अतिथि गृह में गोष्ठी की

**नैनीताल :** भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्य अतिथि गृह में गोष्ठी की। बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता अरविंद सिंह पडियार रहे। संचालन मोहन सिंह नेगी ने किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि हमारे मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो हम सबको एक विचार दिया हम सब लोग उस विचार के साथ चले, और उनके द्वारा दिए गए विचार एक देश एक विधान एक प्रधान एक निशान को आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने परिलक्षित किया है। इस दौरान विमल अधिकारी, ललित तिवारी, नितिन कार्की हरीश राणा, अलका जीना, दीपिका बिनवाल, सुमन रावत, ज्योति ढोंडियाल, गजाला कमाल, सरोज आर्या, रेखा जोशी, तुलसी डालाकोटी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह रावत, विक्रम राठौर, निखिल बिष्ट, अरुण कुमार, मनोज जगाती, संतोष कुमार, रचित तिवारी, प्रेम सागर, दीप भट्ट, आयुष भंडारी, विकास जोशी, रितुल कुमार, प्रवीण साह, प्रकाश नौटियाल, विशाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## भीमताल में किया डॉ. मुखर्जी का पुण्य स्मरण

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व भारत के पहले उद्योग और अपूर्ति मंत्री रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने याद किया। भावपूर्ण श्रद्धांजलि और पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, महामंत्री महिला मोर्चा भावना मेहरा, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, पंकज जोशी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल, जिला मंत्री नितिन राणा, महेश जोशी, पुष्कर महरा, शरद पांडे, सुनीता पांडे, धन सिंह राणा, बॉबी रावत, योगेश तिवारी आदि मौजूद थे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## 'पुश्तैनी' में हेमू ने निभाई सह अभिनेता की भूमिका

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** फिल्म पुश्तैनी में पहाड़ की पीड़ा और पलायन का सफल मिश्रण न केवल काबिल-ए-तारीफ है बल्कि फिल्म की क्षेत्र में भी भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रितिक रोशन के एक्टिंग कोच रहे विनोद रावत के निर्देशन में बनी फिल्म पुश्तैनी में हेमंत पांडे 'हेमू' ने विनोद रावत के साथ में सह अभिनेता की भूमिका निभाई है।

यह फिल्म अन्य फिल्मों से हटकर पूरी तरह उत्तराखंड के पलायन एवं पहाड़ के दर्द पर आधारित फिल्म है, जिसके अस्सी फीसदी सीन पहाड़ में ही फिल्माए गए हैं, वर्तमान में यह फिल्म हल्द्वानी और रुद्रपुर के टॉकीजों के साथ-साथ हल्दुचौड़ के केशव प्लाजा मूवी जॉन सिनेमा हॉल में भी प्रातः साढे. दस बजे व शाम 5 बजे दिखाई जा रही है, जिसे देखने भारी संख्या में क्षेत्र के लोग पहुंच रहे हैं, फिल्म देखने के बाद दर्शक फिल्म की तारीफ कर इसे पहाड़ के वास्तविक दर्द को सामने लाने वाली मूवी बताया। भुवन चंद्र पांडे के अनुसार हेमंत ने 13 साल की उम्र में थिएटर से अपनी यात्रा शुरू की थी। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में हंसराज ड्रामाटिक्स सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में भाग लिया। मुंबई में, उन्होंने अदम्य रंगमंच की स्थापना की और 'लासनवाला' का निर्देशन किया, जिसने मेटा 2017 और थेस्पो थिएटर फेस्टिवल में प्रशंसा अर्जित की। उन्होंने मिस्टर पीयूष मिश्रा के साथ गगन दमामा बाज्यो का भी निर्देशन किया। इसके बाद उन्होंने पुश्तैनी फिल्म में डेब्यू किया, जिसे सिनेमाघरों में आने से पहले एमएएमआई फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था।

### सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**चोरगलिया :** चोरगलिया इंटर कॉलेज लाखन मंडी के मैदान में सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता व पूर्व छात्र संघ सचिव पान सिंह मेवाड़ी व ग्राम प्रधान कमल दुर्गापाल ने ने किया। खिलाड़ियों को लाइनअप कर उनसे परिचय प्रति किया उन्हे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों का समय-समय पर आयोजन होते रहना चाहिए।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

समीक्षा बैठक लेते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

### बरसात से पहले व्यवस्था करें चाक चौबंद

**रामनगर, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी राहुल साह की उपस्थिति मे विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ विभाग वार समीक्षा की। विधायक ने उपजिलाधिकारी रामनगर व अन्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि बरसात के सीजन को देखते हुए बिजली, पेयजल, सिंचाई, सड़कों आदि की व्यवस्था को समय से दुरुस्त कर लिया जाये। जिससे आम जनमानस को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। बैठक में तहसीलदार कुलदीप पाण्डेय, अधिशाषी अधिकारी महेश यादव, ईई विद्युत खण्ड उमाकांत चतुर्वेदी, पशु अधिकारी राजीव कुमार, एई लोक निर्माण विभाग नेहा शर्मा, विशेष शुक्ला, एसडीओ वन प्रभाग पूनम केंथोला, संदीप गिरी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. दिनेश कोहली, डॉ. जीसी श्रीवास्तव, सिंचाई विभाग से मयंक मित्तल, जल संस्थान से अजीत बिष्ट, शिल्पा सिंह आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## वन भूमि पर बनी पार्किंग पर कब्जे की कोशिश

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर खैरना चौराहे के नजदीक वन भूमि पर बने अस्थाई टैक्सी स्टैंड पर कबाड़ के ढेर से वाहन चालकों व यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कबाड़ का कार्य करने वाले लोग मनमाने ढंग से पार्किंग स्थल पर कबाड़ का ढेर लगा दे रहे हैं। वाहन चालकों व स्थानीय व्यापारियों ने टैक्सी स्टेंड से तत्काल कबाड़ हटाए जाने की मांग उठाई है। चेतावनी दी है की यदि जल्द कबाड़ नहीं हटाया गया तो फिर खुद ही कबाड़ का निस्तारण कर दिया जाएगा।

खैरना चौराहे से तमाम गांवों के लोग आवाजाही करते है। कई गांवों को वाहनों का संचालन किया जाता है। वर्षों पहले व्यापार मंडल की मांग पर तत्कालीन जिलाधिकारी शैलेश बगौली व डीएफओ बीजू लाल टीआर ने चौराहे के समीप वन भूमि पर अस्थाई टैक्सी स्टैंड बनाने के निर्देश दिए साथ ही स्टैंड में किसी भी प्रकार का निर्माण न करने कि हिदायत भी दी। स्टैंड के अस्तित्व में आने से काफि हद तक वाहन चालकों को राहत मिली साथ ही जाम कि दिक्कत भी कम हुई। वर्तमान में स्टैंड परिसर में कबाड़ का ढेर परेशानी का सबब बन गया है। कबाड़ का कार्य करने वाले स्टैंड पर बोरों व कट्टों में रखकर कबाड़ का ढेर लगा दे रहे हैं।

# एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश का क्रेज बरकरार, छात्र नहीं चाह रहे गौलापार

## राजकीय महाविद्यालय कुंवरपुर में 480 सीटों में केवल 14 छात्र-छात्राओं ने लिया प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं में क्रेज है। विभिन्न विषयों में प्रवेश लेने के लिए बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज पहुंचे। मगर कई छात्र-छात्राओं को अपना मनपसंद विषय नहीं मिल पाया। इसे लेकर उनमें नाराजगी है।

एमबीपीजी कॉलेज में इस बार 2449 छात्रों ने प्रवेश लिया है। जिसमें से बीए प्रथम सेमेस्टर में 1411, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 489, बीएससी गणित प्रथम सेमेस्टर में 293, बीएससी बायो प्रथम सेमेस्टर में 256 प्रवेश हुए हैं। एक तरफ छात्रों में एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश को लेकर होड़ मची है। दूसरी तरफ गौलापार के कुंवरपुर में राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी (शहर) में केवल 14 छात्रों ने प्रवेश लिया है। यहां करीब 480 सीटों पर प्रवेश होने थे। यहां बीए में 10, बीएससी गणित और बीएससी बायो में 2-2 ही प्रवेश हुए हैं। एमबीपीजी कॉलेज में स्नातक के छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले वर्ष इस कॉलेज को खोला गया था। ताकि एमबीपीजी कॉलेज पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव कम हो सके और छात्रों को अपने मनपसंद विषय मिल सके। इसके बावजूद भी गौलापार कॉलेज में चुनिंदा प्रवेश हुए हैं। वहीं लाल बहादुर शास्त्री राजकीय डिग्री कॉलेज हल्दूचौड़ में भी काफी कम प्रवेश हुए हैं। यहां लगभग 500 सीटें हैं, जिसमें आधे से भी कम प्रवेश हुए हैं। कॉलेज में बीए में 149, बीकॉम में 49, बीएससी गणित में 31 और बीएएसी बायो में 25 प्रवेश हुए हैं।

### मनपसंद विषय न मिलने से छात्र परेशान

**हल्द्वानी :** राजनीति विज्ञान और इतिहास जैसे विषय लेने के लिए छात्र हंगामा तक कर रहे हैं। गौलापार व हल्दूचौड़ कॉलेज में मनपसंद विषय की सीटें रिक्त होने के बावजूद छात्र यहां प्रवेश नहीं ले रहे हैं। गौलापार में कॉलेज इसी वजह से खोला गया, ताकि जिन छात्रों को अपना मनपसंद विषय नहीं मिल पाता है, वे इस कॉलेज में प्रवेश लेकर अपना मनपसंद विषय पढ़ सकते हैं। इसके बावजूद छात्र यहां प्रवेश लेने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। एमबीपीजी कॉलेज की प्रवेश समिति ने बताया कि शासन की ओर से भी निर्देश हैं कि जिन छात्र-छात्राओं को एमबीपीजी में मनपसंद विषय में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है, उन्हें गौलापार डिग्री कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

# 7 हजार से अधिक पशुपालक ले रहे क्रेडिट कार्ड का लाभ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले में सात हजार से अधिक भूमिहीन पशुपालक क्रेडिट कार्ड का लाभ ले रहे हैं। जिससे उन्हें पशुपालन के लिए बैंकों से आसानी से लोन व ब्याज में छूट भी मिल रही है।

केंद्र सरकार की किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पहले भूमि का मालिकाना हक रखने वाले किसानों का ही क्रेडिट कार्ड बनता था, लेकिन अब पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पशुपालक भी अपना कार्ड बना सकते हैं। पशुपालन विभाग के अनुसार नैनीताल जिले में 7580 पशुपालकों ने अपना क्रेडिट कार्ड बनाया है। जिसके माध्यम से उन्हें गाय आदि खरीदने के लिए बैंकों व सहकारी समितियों से बिना गारंटी का लोन मिल रहा है।

जिला पशु चिकित्साधिकारी डीसी जोशी ने बताया कि योजना के तहत पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड से एक गाय खरीदने के लिए बिना किसी गारंटी के 55 हजार रुपये तक कर्ज मिलता है। वह तीन गाय तक खरीद सकते हैं। कार्ड धारक पशुपालक अपनी जरूरत के हिसाब से समय-समय पर राशि ले और जमा करवा सकता है। एक पशुपालक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट 1.65 लाख रुपये तक होती है। लिमिट बढ़ाने के लिए पशुपालकों को जमीन संबंधित दस्तावेज पेश करने होते हैं।

उन्होंने बताया कि योजना में ब्याज दर 7 प्रतिशत है, लेकिन समय पर कर्ज चुकाने पर पशुपालक को 4 प्रतिशत की छूट मिलती है। उन्हें सिर्फ 3 प्रतिशत ब्याज पर कर्ज चुकाना होता है। बताया कि जनपद में 9 हजार पशुपालकों का पशुधन क्रेडिट कार्ड बनाने का लक्ष्य है। पशुपालक बैंकों से संपर्क करके भी योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत स्थानीय सरकारी पशु चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा पशु की स्वास्थ्य संबंधी जांच रिपोर्ट व उसका बीमा कराना पड़ता है। योजना का मुख्य लक्ष्य पशुपालकों की आजीविका बढ़ाना है।

## सार-संक्षेप

स्वास्थ्य शिविर में मरीज की जांच करते डॉ. लक्ष्मीकांत जोशी। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की जांच

**हल्द्वानी :** कैलाश न्यूरो सेंटर हल्द्वानी एवं जगत मोहनी फाउंडेशन, होटल शिखर अल्मोड़ा के निदेशक राजेश बिष्ट की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट (बागेश्वर) में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यूरो फिजिशियन डॉ. लक्ष्मीकांत जोशी ने न्यूरो से संबंधित माइग्रेन, सिर दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, मिर्गी व नसों की बीमारी, ब्लड प्रेशर, शुगर के मरीजों की जांच की। शिविर में 150 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क परामर्श एवं दवाएं दी गईं। शिविर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, जमन सिंह बिष्ट, गणेश उपाध्याय, प्रवीण एठांनी, छात्र संघ अध्यक्ष गणेश कोरंगा आदि का सहयोग रहा। इस दौरान सेंटर प्रबंधक दीया कार्की, डॉ. जेसी दुर्गापाल, डॉ. हर्षवर्धन पंत, डॉ. युक्ति पंत, डॉ. लता देवड़ी, पीआरओ दयाल टम्टा, फार्मासिस्ट रोहित, अविनाश यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पुरस्कार के साथ आईडब्ल्यूसी की सदस्य। ● अमृत विचार

### आईडब्ल्यूसी हल्द्वानी को प्लेटिनम ट्रॉफी से नवाजा

**हल्द्वानी :** इनर व्हील क्लब ऑफ (आईडब्ल्यूसी) हल्द्वानी के सदस्यों ने आगरा में आयोजित डिस्ट्रिक्ट एसेंबली में भाग लिया। यहां आयोजित नव्यारंभ कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी को क्लब के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्लेटिनम ट्रॉफी से नवाजा गया। अध्यक्ष इंदु पांडे को शताब्दी और उत्कृष्ट अध्यक्ष का पुरस्कार मिला। साथ ही सचिव निवेदिता पांडे, आईएसओ सुशीला भाकुनी, कोषाध्यक्ष रमा पांडे, संपादक निधि को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कार दिया गया।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**हल्द्वानी :** ओलंपिक दिवस के मौके पर मिनी स्टेडियम में रविवार को जिला स्तरीय जूनियर वर्ग के 73 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में विश्वजीत, हरीश ताकुली, प्रियांशु व मयंक तथा बालिका वर्ग में कृतिका, दिशा, महिका और हर्षिता ने पदक जीता। उपखेल निदेशक रसिका सिद्दीकी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, रितिका जोशी, देवेंद्र भट्ट, किशोर पाल, त्रिलोक जीना, कमलेश तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### ज्योलीकोट में ट्रक खाई में गिरा, चालक घायल

**नैनीताल :** रविवार सुबह लगभग चार बजे नैनीताल हल्द्वानी मार्ग में ज्योलीकोट के पास एक ट्रक लगभग दस मीटर खाई में गिर गया, जिससे ट्रक चालक को हल्की चोट आई है। ट्रक में दो लोग सवार थे। चालक हल्द्वानी से अल्मोड़ा सामान लेकर जा रहा था। मोड़ काटने के दौरान ट्रक का संतुलन बिगड़ गया, जिस कारण ट्रक खाई में गिर गया।

### सात अगस्त से होंगी आईटीआई की परीक्षाएं

**हल्द्वानी :** प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में 7 से 27 अगस्त तक मुख्य परीक्षाएं होंगी। नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (एनसीवीटी) के तहत संचालित पाठ्यक्रमों की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक अनिल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा परिणाम 5 सितंबर को घोषित किया जाएगा।

### शिव महापुराण के पारायण पर हुआ विशाल भंडारा

**हल्द्वानी :** हैड़ाखान आश्रम में चल रहे महामृत्युंजय, नवग्रह महायज्ञ व शिव महापुराण कथा का रविवार को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ पारायण हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व कथावाचक तत्वगुरु ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। 12 दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान महायज्ञ में सवा दो लाख आहुतियां दीं गईं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रमोद तोलिया, कमल नयन जोशी, सुरेंद्र सिंह रौतेला, कमला रौतेला आदि मौजूद रहे।

# 41 लाभार्थियों को मिला योजना से अपना घर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हल्द्वानी विकासखंड के 41 लाभार्थियों को अपना घर मिल गया है। जबकि 5 लाभार्थियों के घर का निर्माण चल रहा है जो जल्द पूरा हो जायेगा।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों का घर बनाने का सपना पूरा हो रहा है। योजना के तहत शहर और गांव में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत हल्द्वानी विकासखंड में 46 लोगों को आवास के लिए आर्थिक सहायता मिल गई है। योजना में पात्रों का चयन कर उन्हें आर्थिक मदद दी जाती है, लेकिन कई लोगों ने वर्ष 2017-18 में आवेदन किया था, जिनका आवास अब बनकर तैयार हुआ है। विकासखंड अधिकारी रमेश जोशी ने बताया कि योजना में प्रतीक्षा सूची के आधार पर लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाता है। आवास विहीन व जमीन का मालिकाना हक रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। योजना के तहत करीब 1.30 लाख रुपये की मदद मिलती है, जो तीन किश्तों में दी जाती है। पहली किश्त के तौर पर 60 हजार, दूसरी में 40 हजार व तीसरी में 30 हजार रुपये दिए जाते हैं। इसके तहत एक कमरा व एक शौचालय का निर्माण कराया जाता है।

# तीन जुलाई को होगा समिति का चुनाव

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की मासिक बैठक रविवार को हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 3 जुलाई को समिति का अधिवेशन व द्विवार्षिक चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। समिति का द्विवार्षिक कार्यकाल अप्रैल माह में पूरा हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता होने के कारण अधिवेशन व चुनाव नहीं हो पाया था। अब चुनाव 3 जुलाई को समिति के सभागार गोविंद बल्लभ पंत पुस्कालय में कराने का निर्णय लिया गया है।

अधिवेशन में मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र रौतेला और विशिष्ट अतिथि समिति के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एचपी जोसेफ होंगे। चुनाव के लिए समिति से निर्वाचन अधिकारी पीसी जोशी को नामित किया गया। अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने सभी सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में द्विवार्षिक बैठक में भाग लेने की अपील की।

# ओखलकांडा के स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

विधायक कैड़ा को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ओखलकांडा के कई स्कूल शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों से भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। बताया कि ओखलकांडा सहित रामगढ़, धारी, भीमताल व अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के स्कूलों में भी शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं।

हल्द्वानी स्थित आवास पर मुलाकात के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने विधायक कैड़ा को बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण कार्यरत शिक्षक आवश्यक कार्य के लिए अपने अवकाशों का भी उपभोग नहीं कर पा रहे हैं। संगठन विभागीय अधिकारियों से कई बार शिक्षकों की नियुक्ति की मांग कर चुका है, लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं हो पाई है। शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई भी ठीक प्रकार से नहीं हो पा रही है। जिस पर विधायक कैड़ा ने मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी से फोन पर वार्ता की और उन्हें शीघ्र शिक्षकों की तैनाती के निर्देश दिये। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने जल्द शिक्षकों की नियुक्ति का आश्वासन दिया। कहा कि जिले में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है, जिसमें लगभग 200 शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। विधायक से मिलने वालों में जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार, ओखलकांडा ब्लॉक मंत्री गोपाल बिष्ट, ईश्वर सिंह बोरा, हरीश चंद्र शर्मा, हेम शर्मा, तारा सिंह बोरा, खीमेश फुलारा शामिल रहे।

# मानसून से पहले नालों की सफाई का कार्य तेज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम प्रशासन ने मानसून आने से पहले नालों की सफाई का कार्य तेज कर दिया है। अब तक करीब 11 नालों की सफाई हो चुकी है। जबकि पांच नालों की सफाई का कार्य चल रहा है, जो जल्द पूरा हो जायेगा।

नगर निगम के एई नवल नौटियाल ने बताया कि रकसिया नाले की सफाई लगभग 90 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। रविवार को भी नाले में जेसीबी से सफाई कराई गई। वहीं शनि बाजार मंडी गेट से रेलवे क्रांसिंग, कब्रिस्तान से मंडी बाईपास, मुखानी चौराहे से सद्भावना कॉलोनी, मुखानी से श्यामा गार्डन पीलीकोठी, मुखानी से दुर्गा कॉलोनी तक नाले और गूलों की सफाई का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि नालों की सफाई के लिए कर्मचारियों की टीमें बढ़ाई गई हैं।

# नीट व यूजीसी पेपर लीक के विरोध में फूंका पुतला

**रोष**

- हल्द्वानी में पछासं कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे व एनटीए को भंग करने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

हल्द्वानी बुद्धपार्क में पुतला फूंकते परिवर्तनकामी छात्र संगठन के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछासं) ने रविवार को नीट व यूजीसी नेट पेपर लीक के विरोध में बुद्ध पार्क में पुतला फूंका। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने की मांग की।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों में 70 से ज्यादा राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पेपर लीक के मामले सामने आये हैं। अब नीट के बाद यूजीसी नेट की परीक्षा में बहुत बड़ी धांधली देखने को मिली है। जिससे देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।

उन्होंने कहा कि यूजीसी नेट का पेपर जिस तरीके से खुलेआम बिक रहा था, उससे साफ है कि केंद्र सरकार युवाओं के मुद्दों पर लगातार फेल हो रही है। सरकार न तो प्रवेश परीक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से करा पा रही है और न ही बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने में सफल है। सरकार के उदासीन रवैये से युवाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पेपरलीक पर रोक लगाने और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा देने, एनटीए को भंग करने और नीट परीक्षा को दोबारा करने की मांग की। पुतला फूंकने वालों में महेश चंद्र, चंदन, उमेश, सौरभ चंद्र, उमेश, टीकाराम पांडे, मुकेश भंडारी शामिल रहे।

रामनगर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता।

### युकां ने फूंका केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला

**रामनगर, अमृत विचार :** जिला युवक कांग्रेस ने लखनपुर चुंगी पर देश मे हुए नीट एवं नेट (यूजीसी) पेपर लीक होने पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय व केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि देश में छात्र छात्राओं का भविष्य खतरे में है जब शिक्षा जैसे संस्थान में ही घोटाला हो रहा है पेपर लीक हो रहे हैं। देश के मासूम छात्रो के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पेपर लीक मामले की निंदा कर कार्यकर्ताओं ने मांग की कि जो भी लोग मिले हुए हैं उनको जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उनको सख्त सजा दी जाए। इस दौरान अमित कुमार विधानसभा अध्यक्ष, दीपक राणा, ललित करकोटी अध्यक्ष छात्र संघ, चेतन पंत, विवेक पपनै, सलमान सलमानी, सचिन कुमार, समीर हसनी, मयंक पपनै, अब्दुल रहमान मौजूद रहे।

**योजना** | लघु, कुटीर उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए बनाई थी नीति

# दो जिलों को मिला क्रय वरीयता नीति का 70 प्रतिशत लाभ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए क्रय वरीयता नीति वर्ष 2019 में लागू की गई थी। इसमें निविदा के समय उद्योगों से उत्पादित उत्पाद और प्रदत्त सेवाओं को वरीयता देने की बात थी। पूरे राज्य में इस नीति का लाभ लेने में सिर्फ नैनीताल और देहरादून जनपद आगे रहे हैं। इन दोनों जिलों में इस योजना के तहत पंजीकृत इकाईयों की संख्या राज्य की संख्या के सापेक्ष करीब 70 प्रतिशत है।

क्रय वरीयता नीति उन सूक्ष्म व लघु उद्यमों और स्टार्टअप पर लागू की गई, जिन्होंने राज्य के उद्योग विभाग से लघु उद्योग स्थायी पंजीकरण, सूक्ष्म, लघु और मध्यम विकास अधिनियम 2006 के तहत आधार प्राप्त किया था। उद्योग विभाग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार नीति लागू होने के बाद अभी तक सबसे ज्यादा 28 इकाईयां देहरादून जिले में पंजीकृत की गई हैं। दूसरे नंबर पर नैनीताल जिला है, यहां 13 इकाईयां पंजीकृत हैं। आंकड़ों के अनुसार टिहरी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और पौड़ी जिले में इस नीति के तहत पंजीकृत इकाईयों की संख्या एक-एक है। वहीं चम्पावत, उत्तरकाशी, और चमोली जिले में कोई भी इकाई पंजीकृत नहीं है। पर्वतीय क्षेत्रों में यह योजना दम तोड़ चुकी है। ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जैसे मैदानी जिलों में भी इस नीति के तहत पंजीकृत इकाईयों की संख्या कम है, लेकिन यहां अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पहाड़ी जिलों की अपेक्षा ज्यादा हैं।

### कोरोनाकाल के बाद भी नहीं दिखा असर

**हल्द्वानी :** क्रय वरीयता नीति वर्ष 2019 की शुरुआत कोरोनाकाल से पहले हुई थी। कोरोना के बाद प्रवासियों की संख्या राज्य में बढ़ गई थी। कई लोग दूसरे राज्यों से वापस उत्तराखंड में आकर फिर से बस गए। खासतौर से पर्वतीय क्षेत्रों में लोग बड़े पैमाने पर पहुंचे। इसके बावजूद इस नीति का ज्यादा असर पहाड़ों पर नहीं दिखा।

### पंजीकृत इकाईयों का जनपदवार विवरण

| जनपद | पंजीकृत इकाईयां | | |
|---|---|---|---|
| देहरादून | 28 | अल्मोड़ा | 3 |
| हरिद्वार | 3 | बागेश्वर | 1 |
| यूएसनगर | 5 | पिथौरागढ़ | 1 |
| टिहरी | 1 | रुद्रप्रयाग | 1 |
| नैनीताल | 13 | पौड़ी | 1 |

(स्रोत : उद्योग विभाग, उत्तराखंड)

# कांग्रेस ने उप चुनाव के लिए कसी कमर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** चमोली जिले की विधानसभा सीट बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर विधानसभा का उपचुनाव होना है। राज्य में कांग्रेस को सभी लोकसभा सीटों पर हार मिली थी। अब कांग्रेस उप चुनाव से फिर से वापसी की फिराक में है। इसलिए नैनीताल जिले से भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़े कांग्रेसी चेहरों को दोनों सीटों पर चुनाव की बागडोर संभालने के लिए भेजा जाएगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने बताया कि दोनों ही सीटों के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। इसलिए पार्टी हाईकमान का आदेश मिलने के बाद जिले से भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वहां भेजा जाएगा। इस समय नीट और नेट पेपर लीक का मामला छाया हुआ है। ऐसे में कांग्रेस के लिए एक बड़ा मुद्दा है।

# ठीक नहीं हुए नलकूप, लोग परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश शुरू हो गई है और साथ ही पेयजल किल्लत भी बढ़ गई है। कई क्षेत्रों के नलकूप खराब पड़े हैं। जिस वजह से पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। नलकूपों को ठीक किया जा रहा है और पानी के टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है लेकिन तब भी स्थिति पूरी तरह से नहीं संभल रही है।

नलकूपों के खराब होने से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पेयजल संकट बना हुआ है। महिला डिग्री कॉलेज, ब्लॉक कार्यालय, लामाचौड़ खास और फतेहपुर क्षेत्र में नलकूप खराब पड़े हैं। इनकी मरम्मत की जा रही है। यहां विगत कई दिनों से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। स्थानीय लोग जल संस्थान के अधिकारियों से बार-बार शीघ्र नलकूप ठीक करने के लिए कह रहे हैं। इधर महिला डिग्री कॉलेज के नलकूप से नवाबी रोड, कुल्यालपुरा, जगदंबा नगर, जय दुर्गा कॉलोनी, आनंदपुर समेत कई इलाकों में पानी की आपूर्ति होती है लेकिन यह नलकूप खराब होने के कारण इन क्षेत्रों के लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि नलकूपों की मरम्मत हो रही है। 2 से 3 दिन में सभी नलकूप ठीक हो जाएंगे। जलसंस्थान का दावा है कि रोजाना 30 टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। गौलागेट, इंदिरानगर, कुमाऊं कॉलोनी, गौजाजाली, दमुवाढूंगा आदि इलाकों में रोजाना 30 टैंकरों के जरिए पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है।

### दौड़ रहे हैं निजी टैंकर

**हल्द्वानी :** जल संस्थान एक ओर दावा कर रहा है कि सरकारी टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है तो वहीं शहर में निजी टैंकर दौड़ते हुए भी नजर आ रहे हैं। पेयजल की किल्लत के चलते 800 से 1000 रुपये में टैंकर से पानी मिल रहा है। नलकूप खराब वाले क्षेत्रों में लोग पानी के लिए निजी टैंकर मंगवा रहे हैं।

### गौला नदी में अब सिल्ट का खतरा

**हल्द्वानी :** प्री-मानसून की बारिश शुरू हो गई। साथ ही गौला नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है लेकिन दिक्कत इस बात है कि बारिश के दिनों में शुरू में जो पानी आता है, उसमें सिल्ट की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। इस वजह से जल संस्थान के फिल्टर प्लांट को मिलने वाला पानी कम हो जाता है और हजारों की आबादी पेयजल के लिए तरस जाती है।

## सार-संक्षेप

### तीन लोगों को विद्युत चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा

**किच्छा/ पुलभट्टा :** विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने बंगाली कॉलोनी, पुरानी गल्ला मंडी, मुख्य बाजार सहित तमाम क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने चेकिंग के दौरान तीन लोगों को विद्युत चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलभट्टा पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को दी शिकायत में विद्युत वितरण खंड, किच्छा के अवर अभियंता ओम कुमार एवं उपखंड अधिकारी दिनेश चंद्र गुरुरानी ने बताया कि विद्युत चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विभागीय टीम पुलभट्टा, बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में विमल व्यापारी के परिसर पर पहुंची। जहां विद्युत उपयोगकर्ता पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा निवासी गुरप्रीत सिंह द्वारा विद्युत पोल से केबिल डालकर सबमर्सिबल मोटर चलाई जा रही थी। विद्युत चोरी का मामला पकड़े जाने के बाद लाइनमैन इजहार अहमद ने 12 मीटर केबिल उतार कर कब्जे में ले ली और केबिल को सील कर दिया। दूसरे मामले में विद्युत विभाग की टीम बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में जसवीर सिंह के परिसर में पहुंचे। जहां विद्युत उपभोक्ता जसवीर सिंह द्वारा विद्युत लाइन से डायरेक्ट केबिल डालकर सबमर्सिबल मोटर चलाते हुए विद्युत चोरी की जा रही थी। टीम ने करीब 15 मीटर विद्युत केबिल को पोल से उतारकर कब्जे में ले लिया। पुलभट्टा पुलिस ने विद्युत अधिकारियों की शिकायत पर विमल व्यापारी, गुरप्रीत सिंह तथा जसवीर सिंह के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

इंडोनेशिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. राधा वाल्मीकि। ● अमृत विचार

### पंतनगर की डॉ. राधा इंडोनेशिया में सम्मानित

**पंतनगर :** आई गुस्ती बागस सुग्रीव देनपसार यूनिवर्सिटी बाली (इंडोनेशिया) और साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन दिल्ली की ओर से बाली सभागार में दो दिनी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य संगोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें उत्तराखंड से पंतनगर निवासी और इंटर कॉलेज की प्रवक्ता डॉ. राधा वाल्मीकि को शोध पत्र वाचन और कविता पाठ के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. राधा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने शोध आलेख 'भारतीय संस्कृति में संत परंपरा' पर व्याख्यान दिया।

विशेष प्रशिक्षण के लिए चयनित खिलाड़ी अपने कोच के साथ। ● अमृत विचार

### विशेष प्रशिक्षण के लिए नीतू, मोहित, भरत चयनित

**खटीमा :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के खिलाड़ी नीतू चंद, मोहित पोखरिया और भरत भट्ट को विशेष मूल्यांकन शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने को आमंत्रित किया है। जो स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया पटियाला पंजाब में 20 से प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिले के 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के तीनों खिलाड़ियों नीतू चांद, मोहित पोखरिया और भरत भट्ट का चयन 16 से 18 फरवरी को आयोजित हुए 19वें राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता अहमदाबाद गुजरात में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए किया गया। इस प्रतियोगिता में देश के 609 जिलों के लगभग 9000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण शिविर में पूरे उत्तराखंड से नौ खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने बच्चों और कोच गोविंद सिंह खाती को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

रुद्रपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में विचार गोष्ठी को संबोधित करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

# डॉ. मुखर्जी के आदर्शों का अनुसरण करें कार्यकर्ता : भट्ट

## जनसंघ के संस्थापक की स्मृति में जिले भर में आयोजित किए गए कार्यक्रम, रुद्रपुर में आयोजित स्मृति गोष्ठी में पहुंचे सांसद अजय भट्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सांसद अजय भट्ट ने किया। कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज स्मृति दिवस देशवासी मना रहे हैं। संविधान के लागू होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को चोट पहुंचाने का प्रयास किया था। तत्कालीन सरकार की इन्हीं मंशाओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे डॉ. मुखर्जी ने अपना पद त्याग दिया और देश की प्रतिष्ठा और अखंडता के लिए कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन चलाया। जनसंघ की स्थापना करने के बाद हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह अभियान शुरू किया। जिनका सपना पीएम मोदी ने 370 को हटाकर पूर्ण किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के अलावा देश-प्रदेश की जनता से डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, सुरेश परिहार, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली ,हरीश भट्ट, अमित नारंग ,विपिन जल्होत्रा, जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, वेद ठुकराल, हिमांशु शुक्ला, राम प्रकाश गुप्ता ,राधे शर्मा, ज्ञान सिंह चौहान ,राकेश सिंह ,मोहन तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा ,डॉ शाह खान , योगेश वर्मा ,मोर सिंह यादव, जगदीश तनेजा, सुरेश गोरी ,अमित मिश्रा, रमेश कलर, कुंदन राठौर ,रोशन अरोड़ा, पंकज बंगा ,हरीश जोशी, श्रीकांत राठौर, प्रमोद शर्मा, अक्षय अरोड़ा, सुशील चौहान आदि मौजूद रहे।

खटीमा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करते झनकट मंडल के भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बाजपुर में विचार गोष्ठी को संबोधित करतीं राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी।

### मानवता के उपासक थे डॉ. मुखर्जी

**रुद्रपुर :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थापक के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। रविवार को माल्यार्पण के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी शिक्षाविद, चिंतक और जनसंघ के संस्थापक थे। वे मानवता के उपासक एवं सिद्धांतवादी थे। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान, विधान राय, निमित शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, आयुष तनेजा, शैलेंद्र रावत, डॉ. राकेश सिंह, शिव कुमार शिब्बू, अयूब अंसारी, असलम सलमानी, विनय विश्वास, तरुण गहलौत, विकास सिंह वीर पाल सिंह, अश्विनी शर्मा, नारायण जोशी, विजय बाजपेई, चंदन प्रजापति, श्याम पद मंडल, सुशांत गोलदार, गोपाल रंग, अमूल्य साना आदि मौजूद रहे।

### काशीपुर में भी डॉ. मुखर्जी को याद किया

**काशीपुर :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बलकार सिंह के बाजपुर रोड स्थित कैंप कार्यालय में संघ और भाजपा से जुड़े लोगों ने उन्हें याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग।

### खटीमा में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर लोनिवि में एकत्रित होकर श्रद्धांजलि दी और पौधरोपण किया। कार्यक्रम की संयोजिका नीता सक्सेना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश, धर्म के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर कर दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, अमित पांडे, नीरज रस्तोगी, कमल चौहान, सावित्री कन्याल, करण यादव, मेहताब राजा, अनवर अहमद, किशन बिस्ट आदि थे। इधर भाजपा झनकट मंडल कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट, नंदन सिंह खड़ायत, किशोर जोशी, भुवन जोशी, अंजू देवी, अनिता ज्याला, सुनिता राणा, ममता शर्मा, जानकी गोस्वामी, श्वेता मिश्रा, रेखा, शशांक वर्मा, सूरज धामी आदि मौजूद थे।

### बाजपुर में पहुंचीं राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी

**बाजपुर :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर रविवार को सिंचाई विभाग अतिथिगृह में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंची राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी ने किया। उन्होंने अपने विचार रखते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान, धारा 370 की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही 'एक पौधा मां के नाम' के अंतर्गत पौधारोपण किया। विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर जिला संयोजक गौरव शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, वीरेंद्र बिष्ट, विकास गुप्ता, सुदेश चौहान, मोहन बिष्ट आदि मौजूद रहे। वहीं राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी ने भाजपा नेता गौरव शर्मा के आवास पर पहुंचकर उनकी नवजात पुत्री को अपना आशीर्वाद दिया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना

मेरी वर्ष 2019 हाईस्कूल अनुक्रमांक सं. 19138960 एवं वर्ष 2021 की इण्टरमीडिएट की उत्तीर्ण अनुक्रमांक सं. 21516521 वास्तव में गुम हो गई है। जिसका अन्य द्वारा उपयोग अवैध होगा। **शिवम पुत्र राकेश कुमार ग्राम रामेश्वर पुर, तह. रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने विवाहित पुत्र ब्रज किशन को उसकी गलत संगत एवं आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी कृत्य व लेन-देन से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा। **हरी लाल पुत्र नथुनी, ग्राम खुर्पिया, किच्छा (ऊधम सिंह नगर)**

# राज्यपाल ने किया केंद्र व प्रदेश की योजनाओं पर मंथन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** दो दिवसीय भ्रमण पर आए राज्यपाल गुरमीत सिंह ने शनिवार की रात्रि साढ़े ग्यारह बजे तक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। पंतनगर अतिथि गृह सभागार में राज्यपाल ने केंद्र और प्रदेश की योजनाओं को लेकर मंथन किया और पात्रों को लाभान्वित करने का आदेश दिया।

शनिवार की रात्रि हुई बैठक में डीएम उदयराज सिंह ने प्रशासन द्वारा किए गए अभिनव कार्यों एवं चुनौतियों को राज्यपाल के समक्ष रखा। बताया कि नगर निगम इलाके में बसे नजूल भूमि के लाभार्थियों को मालिकाना हक देने के लिए सरकार आपके द्वार योजना के तहत प्रशासन घर-घर जाकर सुविधाएं प्रदान कर रही है। इस दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए सीसीटीवी नेटवर्क का जाल बिछाया गया है। पुलिस प्रशासन लगातार अपराध-अपराधियों की रोकथाम में सफलता प्राप्त कर रही है। बैठक में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि ऊधम सिह नगर कुमाऊं का प्रवेश द्वार है और पांच यूपी जिलों की सीमाओं से सटा हुआ है। जिस प्रकार मानसखंड मंदिर माला परियोजना आकार ले रही है, आने वाले समय में जिले से श्रद्धालुओं व यात्रियों की आवाजाही बढेग़ी। इसके अलावा जिला प्रशासन को भी योजनाओं पर फोकस करना चाहिए। कहा कि मनरेगा के माध्यम से हेलीपैड निर्माण जैसे कार्यों को पूर्ण करना सराहनीय कदम है। अब पंतनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने जा रहा है।

प्रशासनिक अधिकारियों के साथ देर रात्रि को बैठक करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

नानकमत्ता गुरुद्वारे में अरदास करते राज्यपाल गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

### राज्यपाल ने गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में मत्था टेका

**नानकमत्ता :** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने सपरिवार गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर अरदास की। राज्यपाल को गुरुद्वारा कमेटी ने सरोपा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जोगेन्द्र सिंह संधु, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने स्वागत किया। राज्यपाल ने गुरुद्वारे में चढ़ाने के लिए प्रसाद भी खरीदा। राज्यपाल ने संगत के समक्ष बैठकर अरदास सुनी। इस दौरान डायरेक्टर सुखवंत सिंह सोनी, गुरदयाल सिंह, प्रबंधक रणजीत सिंह, प्रेम सिंह टुरना, सुखवंत सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह राणा, उमेश अग्रवाल आदि मौजूद थे। उधर, राज्यपाल के नानकमत्ता आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यालय नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

पत्रांक : 403/8-2(2024-2025) दिनांक : 22 जून 2024

ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार निर्माण कार्य की निविदा वेबसाईट https://uktenders.gov.in पर दिनांक 08.07.2024 को सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो कि दिनांक 09.07.2024 को पूर्वान्ह 03:00 बजे उपरान्त उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति द्वारा कार्यालय नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा में खोली जायेगी। कार्य की निविदा दिनांक 24.08.2024 प्रातः 10 बजे से दिनांक 08.07.2024 को सायं 05:00 बजे तक https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध होगी। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी/ शर्तें पालिका कार्यालय के निर्माण अनुभाग से भी प्राप्त की जा सकती है। अपरिहार्य कारण से निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नन्दादेवी में रैम्जे पार्क का पुर्ननिर्माण एवं नीचे के तलों में दुकानों व गोदामों का निर्माण कार्य | 38.70 | 1.16 | 2500+18% GST | 06 माह | डी. |

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

(जयवर्धन शर्मा)
प्रशासक
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

# कूड़ा निस्तारण नहीं होने पर होगी कार्रवाई

**सख्ती**

- डीएम ने फिर किया ट्रंचिंग मैदान का स्थलीय निरीक्षण
- 30 जून तक कूड़ा निस्तारण का दिया आदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं नगर निगम के प्रशासक उदयराज सिंह ने रविवार को फिर ट्रंचिंग मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को 30 जून तक कूड़ा निस्तारण किए जाने का आदेश दिया। उन्होंने आगाह किया कि कार्य पूर्ण नहीं होने पर प्रशासन अपनी कार्रवाई करेगा।

रविवार की दोपहर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अचानक किच्छा हाईवे स्थित ट्रंचिंग मैदान का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्णय लिया और प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने लिगेसी वेस्ट एवं निस्तारण की प्रगति को जाना। कार्यदायी संस्था को 30 जून तक डंपिंग साइट लिगेसी वेस्ट का निस्तारण करने का आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि लिगेसी वेस्ट निदान की नियमित फोटोग्राफी की जाए, ताकि कार्यों की वास्तविक स्थिति का आंकलन हो सके। इस मौके पर उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी आदि मौजूद रहे।

ट्रंचिंग मैदान के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को आदेशित करते डीएम उदयराज सिंह।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### नाबालिग पुत्री को छीन कर जमीन पर पटका

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में दबंगों ने एक युवक को घेर लिया और उसकी गोद में मौजूद नाबालिग पुत्री को छीन कर जमीन पर पटक दिया। आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 18, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी मोहम्मद आसिफ ने कहा कि विगत 21 जून की शाम करीब 7 बजे पीड़ित अपनी पुत्री की दवा लेने के लिए निकट स्थित अंसारी मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने पैदल जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान पीछे से बाइक पर आए सिरोली कला निवासी मुन्ना एवं सोहेल, गुड्डू तथा अन्य आरोपियों ने उसे रोक लिया और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान उसकी गोद में मौजूद पुत्री को आरोपियों ने छीन लिया और दूर फेंक दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित के साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मिठाई की दुकान पर बालश्रम करते नाबालिग को पकड़ा

किच्छा : श्रम विभाग की टीम ने मुख्य बाजार में तमाम प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कर बाल एवं किशोर श्रम रोकने का अभियान चलाया। टीम ने नगर के मुख्य बाजार स्थित एक मिठाई की दुकान पर बाल श्रम करते एक बालक को रंगे हाथ पकड़ लिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मिठाई विक्रेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिठाई विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह के नेतृत्व में चाइल्ड लाइन एवं आंगनबाड़ी वर्करों की टीम ने रविवार को संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यापारियों को जागरूक किया और बाल श्रम के बारे में जानकारी दी। टीम नगर के मुख्य बाजार स्थित शिवम स्वीट्स एंड फास्ट फूड पर पहुंची। इस दौरान टीम ने निकटवर्ती ग्राम निवासी एक नाबालिग बालक को बाल श्रमिक के तौर पर काम करते चिन्हित किया। शिवम स्वीट्स एंड फास्ट फूड फर्म के स्वामी रमेश कुमार माखीजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 40 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शक्तिफार्म :** पुलिस ने 40 पाउच कच्ची शराब के साथ अरविंद नगर निवासी अनीश व्यापारी को झाड़ी गांव मोड़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। टीम में चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी, कांस्टेबल भारत भूषण, भुवन चन्द्र आर्या आदि थे।

बड़ी संख्या में लोगों ने निकाला विरोध जुलूस, मेंटीनेंस कार्यालय पर प्रदर्शन कर जताया रोष, आंदोलन की धमकी

# मेंटीनेंस चार्ज बढ़ाने पर भड़के मेट्रोपोलिस के लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** बिना सहमति के मेंटीनेंस चार्ज बढ़ाने पर भड़के स्थानीय लोगों ने कॉलोनी परिसर में विरोध जुलूस निकाला और मेंटीनेंस कार्यालय पर प्रदर्शन कर हंगामा काटा। उनका आरोप था कि मेंटीनेंस वसूलने वाली संस्था पैसा वसूली का कार्य कर रही है, जबकि कॉलोनी में सुविधाओं का अभाव है। इसके खिलाफ कई बार डीएम व एसएसपी से पत्राचार किया जा चुका है। उन्होंने आगाह किया कि यदि प्रशासन ने जल्द चुनाव नहीं कराए और मेंटीनेंस चार्ज कम नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

रविवार को मेट्रोपोलिस ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कोठारी और सचिव राजीव भटनागर की मौजूदगी में बड़ी संख्या में कॉलोनी के लोग मेंटीनेंस कार्यालय पर इकठ्ठा हुए और प्रदर्शन के बाद विरोध जुलूस निकाला। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव राजीव भटनागर ने बताया कि कॉलोनी में 1700 परिवार रहते हैं, लेकिन महज 100 लोगों की सोसाइटी बनाकर मनमानी आदेश किए जा रहे हैं, जबकि रजिस्ट्रार द्वारा अवैध तरीके से संचालित एमआरडब्ल्यूए का रजिस्ट्रेशन खारिज करने का आदेश किया जा चुका है और किसी भी प्रकार का मेंटीनेंस चार्ज नहीं बढ़ाने का आदेश दिया। फिर भी 20 जून की रात्रि गोपनीय तरीके से 1.20 रुपये से बढ़ाकर 1.85 रुपये कर दिया। इस कारण प्रतिवर्ष कॉलोनी के लोगों पर 17 लाख का अधिभार पड़ा। उन्होंने जिला प्रशासन से बढ़ाया गया मेंटीनेंस चार्ज कम करने, यूपीसीएल द्वारा विद्युत मीटर जल्द लगाने, कॉलोनी में प्रशासक बैठाकर दो माह के अंदर चुनाव कराने, मेंटीनेंस सिक्योरिटी के नाम पर बिल्डर द्वारा लिए गए 12 करोड़ वापस दिलाने, एमआरडब्ल्यूए को तत्काल भंग करने की मांग की। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही कॉलोनी के लोगों की मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएंगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष महेंद्र चौहान, चंद्रप्रकाश यादव, मुकुल अरोरा, पीयूष भाटिया, असलम कोहरा आदि मौजूद रहे।

मेंटीनेंस कार्यालय पर एकत्र होकर विरोध जताते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

# मृतक महिला के नाम पर बेच दिए टायर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मृतक महिला के नाम फर्जी तरीके से टायर बेचने के बाद पैसे के लिए दावा करने का मामला सामने आया है। मृतक महिला के पति ने धारा-156 (3) के तहत कोर्ट में याचिका दायर करके न्याय की गुहार लगाई है।

कुंडेश्वरी के ग्राम गांधीनगर निवासी लवप्रीत सिंह ने धारा 156 (3) के तहत अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उसकी पत्नी आरती की मृत्यु 26 मई 2023 को इलाज के दौरान हो गई थी। 31 मई 2024 को मुरादाबाद रोड स्थित एक टायर शोरूम के प्रोपराइटर ने लवप्रीत के पते पर उसकी स्वर्गीय पत्नी आरती के नाम चेक बाउंस का नोटिस भेजा। इसमें उन्होंने कहा कि आरती ने 8 अप्रैल 2024 को बिल के माध्यम से 90 हजार रुपये के टायर फर्म से खरीदे थे। उसके एवज में आरती ने अपने एसबीआई बैंक का एक चेक उनके फर्म के नाम दिया। ऐसे में जब आरती का निधन 26 मई 2023 को हो चुका है, तो उसने 8 अप्रैल 2024 को उनके फर्म से टायर कैसे खरीद लिए। लवप्रीत ने इस बात लिखित शिकायत पुलिस से की। कार्रवाई न होने पर लवप्रीत ने अपने अधिवक्ता अर्पित गरोडिया के माध्यम से टायर शोरूम के मालिक व उसके फर्म के विरुद्ध फर्जी बिल काटकर मृतका से रुपये वसूलने के संबंध में याचिका दाखिल करके न्याय की गुहार लगाई है।

# प्रेम प्रसंग में रोड़ा बनने पर पति ने की थी पत्नी वर्षा की हत्या

## चलती कार में पहले गला घोंटा फिर सड़क किनारे फेंककर सीने पर दागीं तीन गोलियां, बहुचर्चित वर्षा हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

वर्षा हत्याकांड

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** खाटू श्याम बाबा के दर्शन कराने के बहाने राजस्थान ले जाकर पति द्वारा गोली मारकर पत्नी की हत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पति ने प्रेम प्रसंग में रोड़ा बनने पर पत्नी वर्षा की हत्या की थी। पति ने पहले चलती कार में पत्नी का गला घोंटा फिर शव को सड़क के किनारे फेंक कर उसके सीने में तीन गोलियां दागी थीं। घटना का खुलासा करने के बाद राजस्थान पुलिस ने आरोपी पति व उसके सहयोगी कार चालक को जेल भेज दिया है।

जसपुर के मोहल्ला चौहान (गुजरातियान) वार्ड नंबर 3 निवासी विशाल कुमार ने अपनी पत्नी वर्षा की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया है। सुनियोजित योजना के अनुसार वह विगत 13 जून को अपनी पत्नी को खाटू श्याम बाबा के दर्शन कराने के बहाने राजस्थान ले गया था। वहां उसने अपने कार चालक गांव मंडुवा खेड़ा, जसपुर निवासी मोहित उर्फ मन्नू व अपने एक अन्य साथी सोनू ठाकुर के सहयोग से चलती कार में गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद उसके शव को राजस्थान के पाली जिले के थाना सोजत सिटी के अंतर्गत गांव अटपड़ा के पास स्टेट हाईवे बिलाड़ा मोड़ मार्ग के किनारे फेंक कर उसके सीने पर तीन गोलियां दागी थीं। 19 जून को वर्षा का शव हाईवे के किनारे पर अज्ञात महिला के शव के रूप में पड़ा मिला था। घटना का पता चलने पर मृतका के पिता जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश के थाना रेहड़ अंतर्गत गांव उदयपुर निवासी यशपाल सिंह चौहान ने 20 जून को राजस्थान पहुंचकर शव की शिनाख्त अपनी पुत्री वर्षा के रूप में की थी। अपने पिता के साथ राजस्थान गए मृतका के भाई हिमांशु चौहान ने घटना के संबंध में तहरीर देकर बहन वर्षा के पति विशाल पर हत्या और उसके कार चालक पर हत्या के षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया था। साथ ही पति विशाल कुमार, ससुर संजय कुमार पधान, सास रजनी, देवर अभिषेक, देवरानी अंजली पर बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृतका के भाई की तहरीर पर राजस्थान पुलिस ने मृतका के पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ धारा 498 ए, 302, 201व 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। उसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी पति विशाल व उसके सहयोगी कार चालक मोहित उर्फ़ मन्नू को गिरफ्तार कर लिया था। कड़ी पूछताछ के बाद विशाल ने हत्या करना स्वीकारा।

पत्नी के हत्यारोपी विशाल व कार चालक मोहित उर्फ मन्नू के साथ राजस्थान पुलिस।

### वर्षा के शव को दफनाने की थी योजना

**जसपुर :** राजस्थान पुलिस ने घटना के संबंध में आरोपियों से कड़ी पूछताछ के बाद बताया कि उन्हें वर्षा की हत्या करने के बाद उसके शव को दफनाना था, लेकिन गोली मारने के बाद वे पकड़े जाने के डर से बुरी तरह घबरा गए। इसलिए शव को सड़क के किनारे फेंक कर ही चले गए।

### शादी की सालगिरह के दिन ही कर दी हत्या

**जसपुर :** मृतका के पिता ने बताया कि उनकी पुत्री वर्षा की शादी 18 जून 2015 में हुई थी और 18 जून 2024 को शादी की सालगिरह के दिन ही उसकी हत्या कर दी गई। इससे उनका सारा परिवार शोक में डूबा हुआ है।

### दोस्त की बहन से चल रहा था विशाल का प्रेम प्रसंग

जसपुर : घटना का खुलासा होने पर पता चला कि हत्यारोपी पति विशाल का उसके दोस्त की बहन से ही अफेयर चल रहा था। उसने हत्या की योजना में अपने दोस्त को शामिल किया और पत्नी को घुमाने की बात कहकर राजस्थान ले गया था। एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया– वर्षा की हत्या घर से 900 किलोमीटर दूर लाकर इसलिए की, ताकि वह पुलिस की पकड़ में न आ सके। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ किए जाने पर यह बात खुलकर सामने आई कि विशाल के अपने दोस्त मोहित उर्फ मन्नू की बहन से अवैध संबंध थे। इस बात का मोहित को पता था, इसलिए विशाल उसका खर्चा भी उठाता था। सीओ सोजत सिटी देरावर सिंह सोढ़ा ने बताया कि मोहित उर्फ़ मन्नू ने विशाल पर उसकी बहन से शादी करने का दबाव बनाया था। इधर विशाल का अपनी पत्नी वर्षा से आए दिन झगड़ा होता रहता था। इसके चलते वर्षा अपनी बेटी के साथ अपने मायके चली गई थी। विशाल ने बताया कि दोस्त की बहन के साथ शादी करने के लिए पत्नी की हत्या करने की योजना बनाई थी और उसने अपनी इस योजना को अंजाम देने के लिए एक देसी कट्टा खरीदा था। विशाल ने इस योजना में अपने दोस्त मोहित उर्फ मन्नू को भी शामिल किया। उसने मोहित को विश्वास दिलाया था कि वह एडवोकेट है। वह उसे कुछ नहीं होने देगा।

### तीसरा आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**जसपुर :** वर्षा हत्याकांड का तीसरा आरोपी सोनू ठाकुर अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसकी भी सरगर्मी से तलाश कर रही है। इधर मृतका के पति के अलावा घटना से संबंधित मुकदमे में नामजद परिजनों द्वारा न्यायालय में आत्म समर्पण किए जाने की अपुष्ट जानकारी मिल रही है।

### सोशल मीडिया पर घूमने के फोटो शेयर किए

**जसपुर :** राजस्थान के थाना सोजत सिटी के एचएसओ कपूराराम ने आरोपी पति से की गई पूछताछ के हवाले से बताया कि विशाल खाटू श्याम के दर्शन के लिए राजस्थान आता रहता था। इसीलिए उसने अपनी पत्नी को राजस्थान घुमाने के बहाने उसकी हत्या करने की योजना बनाई थी। राजस्थान आने से पहले वह उसे मायके से लेकर घर आया था। घटना को आसानी से अंजाम देने के लिए ही वह अपनी 7 वर्षीय पुत्री परी को घर पर ही छोड़ आया था। सफर के दौरान वे उत्तर प्रदेश में भी रुके और वहां भी घूमे थे। इस दौरान विशाल ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी के साथ फोटो भी पोस्ट किए थे, ताकि किसी को उसकी भूमिका पर कोई शक न हो सके। उत्तर प्रदेश के बाद वे जयपुर, अजमेर, पुष्कर घूमते हुए जोधपुर की तरफ निकले। पहले से प्लान था कि ब्यावर से निकलने के बाद वर्षा की हत्या करनी है। ब्यावर से निकलने के बाद विशाल ने अपनी पत्नी को चालक के पास वाली सीट पर बैठा दिया। विशाल और मोहित पीछे बैठ गए। रास्ते में विशाल ने वर्षा का गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद उन्होंने उसका शव सोजत थाना क्षेत्र में सड़क के किनारे फेंक दिया। विशाल ने पुलिस को बताया उसे लगा कि कहीं वर्षा जिंदा न बच जाए। इसलिए उसने शव फेंकने के बाद मृतका के सीने पर 2 गोली मारी और 1 गोली उसके सहयोगी कार चालक मोहित उर्फ मन्नू ने मारी थी।

### मथुरा के बरसाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे थे

**जसपुर :** राजस्थान पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ करने के बाद यह भी बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अजमेर होते हुए उत्तराखंड की तरफ निकले थे। उत्तराखंड पहुंचने से पहले घटना को छुपाने के उद्देश्य से वे मथुरा, उत्तर प्रदेश के बरसाना थाने में मृतका वर्षा की गुमशुदगी दर्ज करवाने पहुंचे थे। लेकिन वहां की पुलिस ने जांच करने के बाद ही मामला दर्ज करने की बात कहकर उन्हें टाल दिया।

# पीडीपीएल मजदूर यूनियन की कार्यकारिणी गठित

- प्रकाश पुनः बनाए गए अध्यक्ष, दिनेश बने महामंत्री
- श्रमिकों की समस्याओं को लेकर हुआ मंथन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** ट्रेड यूनियन एक्टू से संबद्ध पीडीपीएल मजदूर यूनियन की आम सभा पुराना इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कार्यालय में हुई। इसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और श्रमिकों के मुद्दों पर मंथन हुआ।

एक्टू के प्रदेश कोषाध्यक्ष ललित मटियाली ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाते हुए सबसे पहले नई कार्यकारिणी पर विचार विमर्श किया। इसमें सर्वसम्मति से एक बार फिर प्रकाश सिंह चिलवाल को पुनः अध्यक्ष बनाया गया, जबकि दिनेश चंद्र को महामंत्री और नरेंद्र चौहान को कोषाध्यक्ष चुना गया। आम सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष मटियाली ने कहा कि सिडकुल में श्रमिकों का उत्पीड़न बढ़ता ही जा रहा है। शासन प्रशासन भी पूंजीपतियों का समर्थन कर रहा है। यही कारण है कि कंपनी प्रबंधन खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर श्रमिकों का दोहन कर रहा है। इसके खिलाफ श्रमिकों को एकजुट होने की जरूरत है। तभी दमनकारी नीति पर अंकुश लगाया जा सकता है। आमसभा में निर्णय लिया कि जल्द ही एक बैठक कर मुद्दों पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर जयपाल सिंह, जीवन राम, जयशंकर, गौरी शंकर, केशव प्रसाद, चरण सिंह, रंजन कुमार, ललित सिंह रावत, जगदंबिका प्रसाद, उदय पाल सिंह, ओम प्रकाश, पुरुषोत्तम, हेमराज, राजेश कुमार, जसवंत कुमार, अजीत गंगवार, लक्ष्मण सिंह, राकेश कुमार, नरेंद्र चौहान, उपेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

नई कार्यकारिणी के बाद आम सभा करते एक्टू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जर्जर सड़क के खिलाफ मुखर हुए लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** बगवाड़ा गांव से दक्ष चौराहे को जोड़ने वाले संपर्क मुख्य मार्ग की जर्जर हालत के खिलाफ नौ कॉलोनियों के लोग मुखर हो गए हैं। रविवार को उन्होंने सांकेतिक धरना देकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। उन्होंने ऐलान किया कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं हुआ, तो लोग निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगे और भाजपा प्रतिनिधियों का पुतला दहन करेंगे।

रविवार को बिगवाड़ा से दक्ष चौराहे को जाने वाले मुख्य मार्ग की नौ कॉलोनियों के प्रतिनिधि इकठ्ठा हुए और दरी बिछाकर सांकेतिक धरना दिया। उनका कहना था कि बगवाड़ा गांव के बीचोंबीच निकलने वाला मुख्य मार्ग दक्ष चौराहे पर जाकर मिलता है और वहां से सिडकुल इलाकों को जोड़ता है। बताया कि लगभग दो से तीन किलोमीटर की सड़क मार्ग पर कई कॉलोनियां भी पड़ती हैं। इसमें हजारों परिवार रहते हैं। जर्जर सड़क होने के कारण कॉलोनी के बाशिंदों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और गहरे-गहरे गड्ढे सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं। आरोप था कि सड़क निर्माण को लेकर कई बार भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने आगाह किया कि बरसात प्रारंभ होने से पहले मुख्य मार्ग का निर्माण नहीं हुआ, तो सभी कॉलोनी के लोग निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगे और भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इस मौके पर सतीश कुमार, देवेंद्र चतुर्वेदी, मनोज सिंह, नवीन नैनवाल, चंद्रसेन कुशवाहा, सुखदेव सिंह, नितिन कुमार, पंकज कुमार, प्रवेश कुमार, अशोक सिंह, अभिषेक यादव, दीपक कुमार, विभूति रंजन आदि मौजूद रहे।

सड़क निर्माण को लेकर धरना देते नौ कॉलोनियों के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

सतर्कता | मौनपालकों को सावधानी बरतने और प्रकोप की आशंका पर पंत विवि के कीट वैज्ञानिकों से संपर्क करने की सलाह

# उत्तराखंड में मधुमक्खियों में छत्ता भृंग लगने का खतरा

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** पिछले कुछ माह से देखने में आया है कि दक्षिण भारत में मौन वंशों में छत्ता भृंग के आक्रमण में तेजी आई है। परिणामस्वरूप बहुत सारी मौन वंशों में घरछूट के कारण मौनपालकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय में कीट विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद मल्ल ने बताया कि सौभाग्यवश छत्ता भृंग का प्रकोप अभी तक उत्तरी भारत में नहीं है। लेकिन बढ़ती गर्मी के चलते इस कीट का प्रकोप उत्तर भारत में भी फैलने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। इसलिए मौनपालकों को इस नाशी जीव से सजग रहने की जरूरत है। यदि किसी मौन पालक को यह कीट इटैलियन या भारतीय मौनवंश छत्तों में दिखाई दे, तो तत्काल इसकी सूचना पंतनगर विवि के कीट वैज्ञानिकों को दें। साथ ही कुछ कीटों को किसी कांच या प्लास्टिक की बोतल में डालकर अतिशीघ्र पंतनगर विवि के कीट विज्ञान विभाग में पहुंचा दें। ताकि इसकी पहचान कर उचित निदान किया जाए और इसको महामारी के रूप में फैलने से रोका जा सके।

छत्ता भृंग की प्यूपा से वयस्का तक की विभिन्न अवस्थाएं। ● अमृत विचार

### क्या है छत्ता भृंग

**पंतनगर :** छत्ता भृंग (बीटल) छोटा व बड़ा दो प्रकार का चमकदार काले रंग होता है। यह मधुमक्खियों के छत्ते, शहद और पराग को नुकसान पहंचाने वाला कीट है। अफ्रीका से उत्पन्न मधुमक्खी पालन को नुकसान पहुंचाने वाले इन बडे भृंग को को अंडे देने और विकसित होने के लिए सड़ने वाले पौधे के पदार्थ और शाकाहारी जानवरों के मल की आवश्यकता होती है। बड़े भृंग को शहद और पराग जैसे अन्य खाद्य श्रोतों के बजाय मधुमक्खी के भ्रूण खाने में दिलचस्पी होती है। इस कीट के स्वभाव और भ्रूण को जल्द खाने की क्षमता के चलते जल्द छत्ते की संरचना को नष्ट कर सकता है। मधुमक्खियों से बडे.आकार को ध्यान में रखते हुए अफ्रीका में मधुमक्खी पालक छत्तों के लिए छोटे प्रवेश द्वार का उपयोग करते हैं, जो छत्तों में भृंगों की पहंच को सीमित करता है।

### मौनपालक बरतें यह सावधानी

**पंतनगर :** मौनगृहों मे उपरी ढक्कन के नीचे यदि गनीबैग लगे हों तो उन्हे तत्काल हटा दें। मौनगृहों का मुख्य द्वारा संकरा कर दें। मौनालयों का स्थानांतरण आस-पास के क्षेत्र में एक माह के अंतर पर करते रहें। मौनालय की भुमि की जुताई एक सप्ताह में कर दें। छत्तो में शहद के सड़न की दुर्गंध आने पर या भृंग की सूड़ी दिखाई देने पर उन छत्तों को नष्ट कर दें। भृंग का प्रकोप होने पर उसके विभिन्न अवस्थाओं के नमूने लेकर पंतनगर विवि को भेज दें। पंत विवि के वैज्ञानिकों की टीम तुरंत पहुंचकर समाधान का प्रयास करेगी।

### चाकू दिखाकर लूटी बाइक और नगदी

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में चाकू दिखाकर बाइक और नगदी लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित का कहना था कि रात्रि को जन्मदिन की पार्टी में गया था। तब हथियारबंद युवकों ने घेर कर उसके साथ लूटपाट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वार्ड-आठ शिवनगर ट्रांजिट कैंप निवासी जय मंडल ने बताया कि वह सात जून की रात्रि साढ़े ग्यारह बजे अपने दोस्त वेद प्रकाश के साथ बाइक से जन्मदिन की पार्टी से लौट रहा था कि श्मशान घाट आजाद नगर मार्ग पर अचानक गौरव, शिप्पी, अंकित कुमार, देव उर्फ पुलपुलिया, अमित कुमार, दीपक सिंह, सागर और कोहनी ने उसे घेर लिया और धारदार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोप था कि आरोपियों ने डरा-धमका उसकी बाइक व दोस्त की जेब में रखी 3500 की नगदी लूट ली और हमला कर घायल कर दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## एक नजर

### हॉकी में स्टेडियम ब्लू ने स्टेडियम रेड को हराया

**काशीपुर :** विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर रविवार को काशीपुर स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्टेडियम ब्लू ने मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। रविवार को फाइनल मुक़ाबला स्टेडियम रेड व स्टेडियम ब्लू टीम के मध्य खेला गया। इसमें स्टेडियम ब्लू ने 3-1 से जीत दर्ज कर मैच अपने नाम किया। ब्लू टीम की ओर से तीनों गोल रितिक ने किए। रेड टीम से रवि ने एक गोल किया। इसके बाद रविवार को प्रतियोगिता का संचालन हॉकी उत्तराखंड के कोषाध्यक्ष योगेश जोशी ने किया। इस अवसर पर हॉकी प्रशिक्षक मोहित सिंह, राहुल यादव, मनीष मनराल आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय योग दिवस का हुआ समापन

**काशीपुर।** काशीपुर में पूर्णधेनु योग शोध संस्थान द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया किया। इसका समापन रविवार को किया गया। योग गुरु आयुर्वेदाचार्य रीतिन योगी ने बताया कि यदि आसान और प्राणायाम को मुद्राओं के साथ किया जाए तो सूक्ष्म शरीर ऊर्जित होता है। सूक्ष्म शरीर में मूलाधान चक्र सक्रिय होता है। जो शरीर में साध्य व असाध्य रोगों को नष्ट करता है।

# नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूटा

## काशीपुर, गदरपुर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री व केंद्र सरकार का फूंका पुतला, खटीमा में उप नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में धरना दिया, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई

काशीपुर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

खटीमा में नीट परीक्षा लीक मामले को लेकर शहीद स्मारक पर धरना देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** नीट और यूजीसी नेट पेपर लीक और धांधली मामले में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंककर उनके इस्तीफे की मांग की गई।

रविवार को युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राहुल रमनदीप काम्बोज व महासचिव अनित मारकंडे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 2024 की नीट के परीक्षा पत्र लीक मामले में कई लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले संलिप्त दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष एनएसयूआई लवदीप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष युकां मोहम्मद सुहेल, अनीस अंसारी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष साहिल रजा, अंचित शर्मा, पंकज चौधरी, जतिन शर्मा, विशेष शर्मा, गुल्लू माहीगिर, अमन सैनी, शहजाद अंसारी, मोहम्मद सेफ, कामिल, सोहेल, फरमान आदि मौजूद रहे।

गदरपुर के मुख्य बाजार में केंद्र सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गदरपुर।** कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अरोड़ा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता हजारीलाल पेट्रोल पंप के सामने एकत्रित हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका।

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अरोरा, संजीव झाम, रामविलास, पारस धवन, त्रिनाथ विश्वास, किशोर सावंत, अमरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

**खटीमा।** उपनेता प्रतिपक्ष और विधायक भुवन कापड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य चौक पर एकत्र हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला फूंका। कापड़ी ने कहा कि लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। बाद में उन्होंने शहीद स्मारक पर धरना दिया। इस अवसर पर देवेंद्र कन्याल, राजू सोनकर, गणेश मुंडेला, जसविंदर सिंह पप्पू, रवीश भटनागर, रेखा सोनकर, सन्नो वर्मा, विद्या, नासिर खान, नरेंद्र आर्य, पंकज टम्टा, भूपेंद्र गंगवार, उमेश चंद, राशिद अंसारी, उमेश चंद, विक्रम बुंगला, विनोद चंद, मन सिंह, रवि अग्रवाल, लक्ष्मण राणा, जगत भंडारी, विजय चंद, ओमी चंद, रोहित गंगवार आदि थे।

# पर्यावरण प्रेमियों ने बांटे पौधे

- पर्यावरण संरक्षण की चलाई मुहिम
- हजारों पौधे बांटने का रखा है लक्ष्य

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पर्यावरण प्रेमी युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण मुहिम की शुरुआत करते हुए राहगीरों को छायादार पौधे वितरित किए और वातावरण को स्वच्छ रखने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष वातावरण में बदलाव देखने को मिल रहा है। इस कारण देश-प्रदेश में गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। वहीं ग्लोबल वार्मिंग की समस्या में बढ़ती जा रही है। रविवार को निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल संजय जुनेजा और पौध वितरण मुहिम के आयोजक दुर्गेश मौर्य, रविंद्र भट्ट ने अपने साथियों के साथ डीडी चौक पर आने जाने वाले राहगीरों को पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि कम से कम एक पौधा लगाकर उसको वृक्ष बनने में अपना योगदान दे। इसी सोच की बदौलत ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात मिल सकती है। आयोजकों ने बताया कि पौधरोपण मुहिम एक सप्ताह तक संचालित रहेगी और दो हजार पौधे बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर विजय वाजपेयी, राकेश सिंह, सीए अभिषेक मौर्य, अधिवक्ता विशाल सिंह, सुमित भट्ट, सूरज मौर्य, जतिन मौर्य, प्रमोद शर्मा, विकास सिंह, विक्की मौर्य, विधान रॉय, आयुष तनेजा, सुशील चौहान, निमीत शर्मा, अनिल चौहान, लवली लांबा, मुकुल रावत मौजूद रहे।

राहगीरों को पौधे वितरित करते पर्यावरण प्रेमी। ● अमृत विचार

## पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग उठाई

**बाजपुर।** बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ग्राम चंदनपुरा में पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बलविंदर सिंह सहित गांव में 55 ग्रामवासियों के आवास हैं। समस्या है कि गांव में पीडब्ल्यूडी की सड़क के किनारे नाला नहीं है जिसकी वजह से बारिश के दिनों में ग्रामवासियों के मकानों के अंदर में पानी जमा हो जाता है। जिससे ग्रामीणों में तमाम तरह की बीमारियां फैलने का अंदेशा बना रहता है तथा बच्चे स्कूल जाने में असमर्थ हो जाते हैं। ज्ञापन में ग्राम प्रधान कुलजीत कौर, दारा दिलेर सिंह रंधावा, बलविंदर सिंह के हस्ताक्षर हैं।

# प्रवीण नदी पर गांव पूर्णापुर में पुलिया का लोकार्पण किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** पूर्णापुर में प्रवीण नदी पर प्रतापपुर को जाने वाले मार्ग की स्वीकृत पुलिया निर्माण का रविवार को ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी और पूर्व बीसीसी साधु सिंह नामधारी ने संयुक्त रुप से लोकार्पण किया।

पुलिया निर्माण स्थल पर गुरु ग्रंथ साहिब के श्री जपजी साहिब का पाठ रखा गया और प्रसाद वितरण किया गया। यह पुलिया ग्राम पंचायत प्रतापपुर और पूर्णापुर को आपस में जोड़ेगी। पुलिया निर्माण से मार्ग सुचारू होगा और आवागमन बढ़ेगा। हर साल प्रवीण नदी में बाढ़ आती है और महीनों तक यह मार्ग बंद रहता है। पुलिया के निर्माण से यह समस्या हल हो जाएगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, जुझार सिंह नामधारी, दान सिंह, अमरजीत सिंह, विकास विश्वास, अनुज सिंह, जसपाल सिंह, सतनाम सिंह, कुलतार सिंह नामधारी, ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, राजविंदर सिंह, बंटी सिंह, अवतार सिंह, गुरसेवक सिंह, जगजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, राजेश साहनी, दान सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

पूर्णापुर में पुलिया लोकार्पण पर श्री जपजी साहिब का पाठ करते लोग। ● अमृत विचार

## हाईवे पर तेंदुआ दिखने से दहशत

**बाजपुर।** क्षेत्र में तेंदुआ की मौजूदगी अभी बरकरार है। शनिवार की देर रात पुलिस चौकी दोराहा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर तेंदुआ दिखने से वाहन चालकों व राहगीरों में दहशत फैल गई। नगर पंचायत केलाखेड़ा निवासी इकराम ने बताया कि वह शनिवार को घर से दोराहा की तरफ आ रहा था। इसी बीच देर रात करीब साढ़े 10 बजे एक पेट्रोल पंप के नजदीक अचानक वाहन के आगे तेंदुआ आ गया, जोकि तेजी से रोड पार करके झाड़ियों में चला गया। एकाएक तेंदुआ आने से उसने ब्रेक लिए तो पीछे आ रहे डंपर की चपेट में आने से बाल-बाल बच पाया। उसने इसकी जानकारी अन्य वाहन चालकों व राहगीरों को भी दे दी। इस घटना की जानकारी से आसपास रह रहे लोगों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

अनंत आश्रम से कलश यात्रा की शुरुआत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### श्रीमद् भागवत कथा की पूर्व संध्या पर निकाली कलश यात्रा

**रुद्रपुर :** सोमवार से प्रारंभ होने वाली श्रीमद् भागवत कथा की पूर्व संध्या पर शहर के अनंत प्रेम आश्रम से महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इससे माहौल भक्तिमय हो गया। रविवार को निकली यात्रा अनंत प्रेम आश्रम से प्रारंभ हुई और अग्रवाल धर्मशाला, भगत सिंह चौक, आदर्श कॉलोनी होते हुए पुन: आश्रम पहुंची। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा का ग्रंथ स्वरूप विराजमान किया गया। जहां कथावाचक आचार्य नीरजा शरणार्थी ने कलश यात्रा का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि सोमवार से प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जाएगी। जो 29 जून तक चलेगी। इस मौके पर कथा व्यास आचार्य नीरजा शरणार्थी, संत प्रेम निष्ठानन्द बाई जी, पंडित लव कुश शास्त्री, श्री धाम वृंदावन के कमल जैन, कमल बंसल, अंजू बंसल, अरिहंत बंसल, चारुल बंसल, सालिकराम बंसल, राधेश्याम बंसल, विष्णु बंसल, महेश बंसल, गोपेश बंसल, जसपाल अरोरा, खैराती लाल गगनेजा, सुभाष गगनेजा, राजू हुडिया, राजपाल पुष्पा रानी आदि मौजूद रहे।

## कार और बाइक की टक्कर के बाद मारपीट

**बाजपुर।** कार व बाइक की भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों के चालकों में मारपीट हो गई। आसपास के दुकानदारों व राहगीरों ने किसी तरह बीच-बचाव करवाया। घटना शनिवार की देर रात करीब 9 बजे नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर मुड़िया तिराहा के पास हुई। बताया जाता है कि गोलगप्पे की दुकान के सामने एक ही दिशा में जा रहे बाइक व कार की मामूली सी भिड़ंत हो गई। जिसके लिए दोनों वाहनों के चालक एक-दूसरे पर दोषारोपण करने लगे और उनमें देखते ही देखते बात बढ़ गई तो हाथापाई होने लगी तथा जमकर मारपीट हुई। करीब दस मिनट तक दोनों गुटों के युवक मारपीट करते रहे। इसी बीच दौड़कर पहुंचे आसपास के दुकानदारों व राहगीरों ने किसी तरह उनमें बीच-बचाव करवाया। सूचना परपुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक दोनों पक्षों के युवक जा चुके थे।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने की पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद

- अध्यक्ष जीवन सिंह नयाल ने मासूम गौरव जोशी को पढ़ाने का लिया जिम्मा

पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देते श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष।

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन दिनेशपुर- गूलरभोज अध्यक्ष जीवन सिंह नयाल ने यूनियन की तरफ से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की।

उन्होंने स्व. महेश चंद्र जोशी के तीन वर्षीय मासूम गौरव जोशी का पठन-पाठन करवाने का खर्चा उठाने का जिम्मा लिया। 8 जून शनिवार को महेश चंद्र जोशी (32) पुत्र हरीश चंद्र जोशी का आकस्मिक निधन हो गया था। वह परिवार का पालन-पोषण के लिए सिडकुल में मजदूरी करते थे। वह अपने पीछे परिवार में पत्नी दीपा जोशी, तीन वर्षीय मासूम गौरव जोशी, बूढ़ी माता गीता जोशी व पिता हरीश जोशी को बेसहारा छोड़ गए हैं। अब उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट मंडराने लगा है। महेश चंद्र जोशी मूल रूप से ग्राम पोथिंग, थाना-कपकोट, जिला बागेश्वर के रहने वाले थे। परिवार के भरण-पोषण के लिए वह छह साल पूर्व दिनेशपुर के ग्राम दुर्गापुर नंबर-दो में रह रहे थे। मृतक महेश चंद्र जोशी अस्थमा रोग से पीड़ित थे। अब उनके पिता हरीश चंद्र जोशी परिवार का भरण-पोषण के लिए दुर्गापुर में एक छोटी चाय की दुकान चलाते हैं। यूनियन के अध्यक्ष जीवन सिंह नयाल ने क्षेत्र के सामाजिक संगठनों से आगे आने का अनुरोध किया। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन महामंत्री गौतम सरकार, संरक्षक केवल चंद्र पाठक, मनोज अधिकारी, सचिन राणा, केशवानंद जोशी मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

काशीपुर में छबील लगाकर शरबत बांटते लोग।

### मानपुर रोड पर छबील लगाकर लोगों को पिलाया शरबत

**काशीपुर।** मानपुर रोड स्थित जैन सभा के निकट सामाजिक सरोकार से जुड़े शिक्षक कौशलेश गुप्ता के परिवार की ओर से अपने पिता की स्मृति में छबील लगाई गई। इस दौरान शरबत वितरण राहगीरों की भीषण गर्मी में प्यास बुझाई गई। इस अवसर पर कुमायूं वैश्य महासभा संरक्षक एसपी गुप्ता, ईश्वरचंद्र गुप्ता, मनोहर गुप्ता, ब्रजेश कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र कोठारी, गोविंद सिंह नेगी, सुरेश गोयल मौजूद थे।

गांव गढ़ीनेगी में जनसंपर्क करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ता।

### गांव गढ़ीनेगी व करनपुर में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया

**जसपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के गांवगढ़ी नेगी व करनपुर में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर पंपलेट वितरित किए। उन्होंने लोगों को उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। जनसंपर्क में टीम नंबर 16 के पैनल अधिवक्ता राजवीर सिंह, पीएलबी वीर सिंह गौतम, मुनेश कुमारी, लता देवी व संगीता रानी आदि शामिल रहे।

### शिविर में 82 लोगों ने कराई आंखों की जांच

**किच्छा।** वार्ड नंबर 7 में नगर पालिका के वार्ड सभासद शोभित शर्मा के प्रयासों से प्रभु नेत्रालय की टीम ने नगर स्थित विद्या मंदिर स्कूल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. सना नाज, डॉ. इलिया खान, डॉ. शिवम राजपूत एवं स्वीटी सरकार की टीम ने नेत्र रोगियों की जांच की। उनका उपचार कर निशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर में 82 लोगों के नेत्रों की जांच कर निशुल्क दवा दी गई तथा गंभीर रोगों से पीड़ित 12 नेत्र रोगियो को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर पवन पांडेय, राजेश राठौर, सोनम कुशवाहा, केशव जोशी, हरीश सक्सेना, सन्नी सागर, अमर थापा आदि मौजूद रहे।

किच्छा में आयोजित शिविर में आंखों की जांच कराते लोग।

**रोष** ओवरलोड डंपर द्वारा 11 केवीए की विद्युत लाइन को क्षतिग्रस्त करने से गुस्साए ग्रामीण

# ओवरलोड वाहनों से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** गुलजारपुर स्थित स्टोन क्रशरों से ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण परेशान हैं। एक ओवरलोड डंपर ने 11 केवीए की विद्युत लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे ब्रहमनगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर धरना देकर प्रदर्शन किया।

कोसी नदी से खनन कर ट्रक व डंपर बजरफुट, गुलजारपुर क्षेत्र के स्टोन क्रशरों पर खनिज सामग्री डाल रहे हैं। वहीं क्रशरों से माल लादकर गुलजारपुर, ब्रहमनगर, ढकिया, कुंडेश्वरी होकर चलते हैं। ओवरलोड वाहनों से हादसों का खतरा बना रहता है। ब्रहमनगर वाली सड़क संकरी होने के कारण यहां आए दिन दुघर्टनाएं होती हैं। शनिवार की रात नौ बजे ओवरलोडड डंपर के चालक ने 11 केवीए लाइन तोड़ दी। डंपर में तार उलझने से खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क पर जा रहे कुछ बच्चे बाल-बाल बच गए। लाइन टूटने के कारण ग्राम ब्रहमनगर में रात भर अंधेरा छाया रहा। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़क अवरुद्ध कर वहां सांकेतिक जाम भी लगाया। धरना प्रदर्शन करने वालों में गुरवचन सिंह, ऋषि, सोनू, राजपाल, अमर सिंह, खीम सिंह, शीला, सरोज, कविता, सीमा, धर्मवती, सुनीता, सविता, फूलवती, राहुल, सीमा, सुनहरी, क्रांति, तारावती आदि थे।

ओवरलोड वाहनों की आवाजाही के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# मरने के बाद भी सरोज की आंखें देखेंगी दुनिया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** ग्राम जुनेजा फार्म निवासी सरोज जुनेजा का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मृत्यु से पहले सरोज जुनेजा अपनी आंखें दान कर दो लोगों की जिंदगी रोशन करने का सराहनीय कार्य कर गई हैं। परिजनों की सूचना पर पहुंची मुरादाबाद की आई बैंक की टीम ने उनके निवास पर पहुंचकर आंखें सुरक्षित रख लीं। सुरक्षित की गई दोनों आंखों को नेत्रहीनों को प्रत्यारोपित किया जाएगा।

युवा समाजसेवी विशाल जुनेजा एवं अजय जुनेजा की माता सरोज जुनेजा ने रविवार की सुबह अपने निवास पर अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु के उपरांत परिजनों ने मां के निधन पर नेत्रदान करने का निर्णय करते हुए मुरादाबाद के सीएल गुप्ता आई बैंक वेलफेयर सोसाइटी से संपर्क किया। सूचना के बाद आई बैंक की टीम के सीनियर टेक्नीशियन दीपक कुमार एवं अन्य टीम फार्म हाउस पर पहुंच गई और सरोज जुनेजा की आंखों को सुरक्षित रख लिया। परिजनों के इस निर्णय के बाद तमाम लोगों ने उनकी सराहना की। अब मृत्यु के उपरांत भी उनकी आंखें जीवित रहकर दो लोगों के जीवन को रोशनी देंगी।

सरोज जुनेजा।

## एक नजर

### पूनम हत्याकांड में पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**किच्छा :** अवैध संबंधों के शक में पति द्वारा की गई पत्नी की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। शनिवार की दोपहर कोतवाली अंतर्गत मंड फॉर्म में अशोक कुमार द्वारा अपनी 30 वर्षीय पत्नी पूनम की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आरोपी पति अशोक को हिरासत में ले लिया था। पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद पूनम के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में महतोष मोड़, थाना गदरपुर निवासी मृतका पूनम की मां मुन्नी देवी ने आरोपी दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### हादसों में दो युवक घायल

**बाजपुर :** अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक घायल हो गए। सुल्तानपुर पट्टी निवासी मोहम्मद फईम बाइक पर कहीं जा रहा था। इसी बीच मुख्यमार्ग पर शॉपिंग कांप्लेक्स के नजदीक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से फईम की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें मोहम्मद फईम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना बन्नाखेड़ा के पास मुख्यमार्ग पर हुई। खंबारी का मझरा निवासी रमेश घर से बन्नाखेड़ा पैदल जा रहा था जिसे तेज रफ्तार बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर चपेट में ले लिया। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

### बग्गा चौवन में दबंगों पर मेड़ जोतने का आरोप

**खटीमा :** बग्गा चौवन निवासी हरीश कुमार ने थाना झनकईया पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि रविवार सुबह करीब 10 :30 बजे जब वह अपने खेत पर गया तो देखा कि गांव के कई लोग मिलकर ट्रैक्टर से उसके खेत की मेड़ को जोत रहे हैं। इतना ही नहीं मेड़ पर लगे खंबे और तारबाड़ को भी तहस नहस कर दिया है। पीड़ित ने पुलिस से मिली भगत का आरोप लगाया है। उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों का मेड़ संबंधी विवाद लंबे समय से चल रहा है ।

# प्रतिमा के मामले में नहीं निकला हल

## विवादित भूमि से बाबा साहब की प्रतिमा हटाने को लेकर एसडीएम ने ग्रामीणों के साथ बैठक की

एसडीएम कार्यालय में ग्रामीणों के साथ बैठक करते उपजिलाधिकारी आरसी तिवारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा दूसरी जगह स्थापित करने को लेकर एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। इसमें ग्रामीणों को समझाते हुए उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने की बात कही। फिलहाल बैठक में कोई निर्णय नहीं निकल पाया है। 29 जून को दोपहर बाद तीन बजे गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ पुनः बैठक करने का निर्णय लिया गया है।

ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति हटाने के प्रयास का मामला अभी थमता नजर नहीं आ रहा है। रविवार को इस मामले में ग्रामीणों का पक्ष जानने व उनकी बात सुनने के लिए एसडीएम कार्यालय में उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी ने तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट व विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ बैठक की। इसमें उच्च न्यायालय से जारी दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए मूर्ति को दूसरी जगह स्थापित करने को कहा गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपना पक्ष रखा। घंटों तक चली वार्ता के बावजूद कोई सर्वमान्य हल नहीं निकल पाया। इसके चलते बैठक स्थगित करते हुए 29 जून को पुनः गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर एसएसआई विनोद कुमार फर्त्याल, एसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी, राजस्व निरीक्षक सुनीतिपाल सैनी, पटवारी दीपक चौहान, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे। बता दें कि उच्च न्यायालय में इस मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होनी है।

## चेक बाउंस में तीन माह की सजा, 2.50 लाख का जुर्माना

**काशीपुर:** तृतीय एसीजे की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को तीन माह की सजा और ढाई लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। मेन चौराहा स्थित एक प्रतिष्ठान के स्वामी असित अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता पवन कुमार के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि उससे जून 2021 में बांसियोवाला, जसपुर खुर्द निवासी धर्मेंद्र कुमार ने 2.10 लाख रुपये उधार लिए थे। उसने दो माह में इसे वापस करने का वायदा किया था। दो माह बाद तकादा करने पर उसने 05 अक्तूबर 2021 को 2,10,000 रुपये की राशि का एक चेक दिया, जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी को कोर्ट में तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर अदालत ने आरोपी धर्मेंद्र को एनआई एक्ट का दोषी पाया। एसीजे तृतीय हर्षिता शर्मा ने आरोपी को तीन माह के कारावास और 2.50 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को एक माह का कारावास भोगना होगा।

चौथे दिन भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

## सामाजिक कार्यकर्ता की भूख हड़ताल जारी

**जसपुर :** अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह की भूख हड़ताल नगर के पुराना नगर पालिका चौक में रविवार को चौथे दिन भी जारी रही। उन्होंने गुरुवार को अपनी भूख हड़ताल शुरू की थी। चौथे दिन भी नगर पालिका प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उनके आंदोलन को जन समर्थन मिल रहा है। तेज सिंह, अमर सिंह, सुरेश कुमार, विनीत कुमार, रानी सहायक ने उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया है।

# स्रोत से अन्य गांव को पानी दिए जाने पर रोष

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार:** बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों के बाशिंदों को पेयजल उपलब्ध कराने वाले स्रोत से अन्य गांव को पानी दिए जाने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ गया है। ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। आरोप लगाया की पानी के नाम पर राजनीति की जा रही है। वर्षों पुराने गांव के स्रोत से दूसरे गांव को पानी देकर हजारों उपभोक्ताओं के हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है। चेतावनी दी की यदि जोर जबरदस्ती की गई तो गांवो के बाशिंदे मोर्चा खोल देंगे।

गांवों में बूंद बूंद पानी को हाहाकार मचा हुआ है। तल्लाकोट, मल्लाकोट, बादरकोट, पनौराकोट समेत तमाम गांवों के लगभग एक हजार से भी अधिक परिवारों को धूरापातल जल स्रोत से पानी की आपूर्ति की जाती है। लंबे समय से जल स्रोत का स्तर भी कम होने लगा है ऐसे में अब जजूला गांव को पानी देने को किए जा रही जद्दोजहद से गांवों के बाशिंदों का पारा चढ़ गया है। ग्रामीणों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को हस्ताक्षरयुक्त पत्र भेज मामले में राजनिति किए जाने का आरोप लगाया है। बताया है की प्राकृतिक जल स्रोत पर पानी कम होता जा रहा है बावजूद जजूला गांव को पानी देने को प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है जबकि जजूला में पहले ही जल संस्थान व बारगल - कफूल्टा पंपिंग पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है। बताया की यदि जल स्रोत से पानी देने को सत्ता पक्ष से जुड़े लोग महज कुछ परिवारों को लाभ पहुंचाने को मनमानी पर आमादा है। दो टूक चेतावनी दी है की यदि जनहित से खिलवाड़ किया गया तो फिर गांवों के बाशिंदे आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। ज्ञापन में ग्राम प्रधान बादरकोट पूजा पिनारी, कृपाल सिंह मेहरा, पुष्कर सिंह पनौरा, शंभू राम, गोधन राम, पूरन सिंह, पंकज सिंह, बचे सिंह, मोहन सिंह, राम सिंह, त्रिलोक सिंह, भुवन सिंह, जगमोहन सिंह, हेमंत कुमार आदि के हस्ताक्षर हैं।

# 50 किलो प्रतिबंधित मांस पकड़ा

संवाददाता, बाजपुर

**कार्रवाई**

▸▸ महिला गिरफ्तार, पति मौका पाकर हो गया फरार

**अमृत विचार:** पुलिस ने 50 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार महिला से कोतवाली में पूछताछ की जा रही है।

रविवार की प्रातः पुलिस को सूचना मिली कि नगरपालिका की सीमा से सटे ग्राम मुड़िया कलां में एक घर के अंदर प्रतिबंधित गोमांस रखा हुआ है। सूचना पर एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम के पहुंचते ही आरोपी तस्कर नईम मौके से फरार हो गया जिसके चलते पुलिस ने उसकी पत्नी सन्नो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घर से करीब 50 किलो प्रतिबंधित गोमांस के साथ ही छुरी, सूजे, तराजू व अन्य सामान बरामद किया है। इसके बाद पुलिस ने पशु चिकित्सक शैलेश कुमार को सूचना दी और प्रतिबंधित मांस के सैंपल लिए। सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के नेता यशपाल राजहंस मौके पर पहुंच गए, जहां उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला और उसके पति के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हसनपुर में डंपर से कुचल कर बालक की गई जान

**जसपुर:** सीमावर्ती गांव हसनपुर में डंपर से कुचलकर एक बालक की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया।

अदनान।

सीमावर्ती थाना रेहड़ अंतर्गत गांव हसनपुर- मोहद्दीननपुर निवासी कमालुद्दीन का 11 वर्षीय पुत्र अदनान अपनी बहन सिगरा के साथ गांव के पास मेन रोड पर साइकिल से खेलने गए थे। तभी उनकी साइकिल वहां से गुजर रहे 18 टायरा डंपर के नीचे आ गई जिससे अदनान बुरी तरह कुचल गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी बहन सकुशल बच गई। थाना रेहड़ पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया और डंपर चालक को हिरासत में ले लिया।

# चिड़ियाघर में वन्यजीवों की संख्या में लगातार गिरावट

गौरव जोशी, नैनीताल

**हालात**

▸▸ अन्य चिड़ियाघरों से जानवर नहीं मिलने से भी नई प्रजातियों का संकट

**अमृत विचार:** नैनीताल चिड़ियाघर में बुजुर्ग जानवरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उम्र पूरी कर चुके जानवरों के दुनिया को अलविदा कहने के कारण यहां विभिन्न प्रजातियां भी तेजी से कम हुई हैं।

देश के चिड़ियाघरों से नए जानवरों की अदला-बदली की प्रक्रिया ठप होने से भी नई प्रजातियों की गिनती आगे नहीं बढ़ पा राही है। नैनीताल को पर्यटकों के लिए और आकर्षक बनाने के लिए यहां 1995 में गोविंद बल्लभ पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान की स्थापना की गई थी। समुद्र की सतह से करीब 2100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस चिड़ियाघर को उत्तर भारत का एकमात्र हाई एल्टीट्यूट चिड़ियाघर माना जाता है। चिड़ियाघर की उम्र बढ़ने के साथ ही अब यहां के जानवर भी तेजी से बूढ़े हो रहे हैं। चिड़ियाघर में आज 20 फीसदी से अधिक जनवर उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। चिड़ियाघर की शान माने जाने वाले भालू, लेपर्ड, टाइगर और भेड़िया सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से हैं, हालांकि चिड़ियाघर प्रबंधन अन्य प्राणी उद्यानों से पत्राचार कर नए जानवर लाने का प्रयास कर रहा है लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है।

### दर्जनभर नए मेहमानों के पहुंचने की उम्मीद

नैनीताल चिड़ियाघर के रेजर प्रमोद तिवारी बताते हैं, वन्यजीवो की कमी के चलते देश के विभिन्न चिड़ियाघरों से पत्राचार किया है। उनका सकारात्मक जवाब भी मिला है। स्न्हे लेपड मंगाने की कवायद काफी पहले से की जा रही है। दर्जनभर नए मेहमान नैनीताल चिड़ियाघर में लाए जाने की कवायद की जा रही है।पूर्व में दार्जिलिंग जू से एक मादा मरखोर नैनीताल लाई गई है। जल्द दूसरे स्थानों से दूसरे जानवर लाने की योजना बनाई जा रही है।

### पांच साल में घट गए 33 प्रजातियों के जानवर

नैनीताल चिड़ियाघर में पांच साल पहले तक यहां 33 प्रजातियों के 231 जानवर रहते थे, लेकिन आज चिड़ियाघर में जानवरी की संख्या 200 के आस पास आकर सिमट गई है। साइबेरियन टाइगर और स्नों लेपर्ड जैसी प्रजातियां तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। इसके अलावा कुछ पक्षियों की प्रजातियां भी पूरी तरह समान हो गई है।

# नगर का डिजिटल डाटा जुटाने पहुंची सर्वे टीम का विरोध किया

संवाददाता, नैनीताल

**रोष**

▸▸ शासन की ओर से भेजी गई टीम बिना डोर टू डोर सर्वे पूरा किए ही लौटी

**अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र का स्थलीय और ड्रोन सर्वे कर पालिका की संपत्ति का सटीक आंकड़ा जुटाकर डिजिटल बेस तैयार करने के काम में शहरवासी ही बाधा बने हुए हैं। सर्वे के बाद भवन कर में बढ़ोतरी की आशंका के चलते तमाम क्षेत्रों में सर्वे टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। नतीजतन शासन की ओर से भेजी गई टीम बिना डोर टू डोर सर्वे पूरा किये ही लौट रही है। सर्वे के बाद कर में मामूली बढ़ोतरी होने की बात पर भी लोग मानने को तैयार नहीं हैं, जिससे टीम और शहरवासियों के बीच समन्वय बना रहे पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों की भी मुश्किल बढ़ी हुई हैं।

बता दें कि नैनीताल में टीम ने चार वार्डों में सर्वे कार्य पूरा कर लिया है। मगर भविष्य में कर में बढ़ोतरी की आशंका के चलते बड़ा बाजार समेत अन्य क्षेत्रों के लोग सर्वे टीम का विरोध कर रहे हैं। शनिवार को डोर टू डोर सर्वे को पहुंची टीमों को लोगों के विरोध के चलते बिना सर्वे किये ही लौटना पड़ा, जिसके बाद टीम के सहयोग को पहुंचे पालिका कर्मचारियों ने भी लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया, मगर लोग सर्वे के लिए नहीं माने। अब पालिका लोगों और टीम के बीच समन्वय बनाने की समस्या से जूझ रही है। शासन की ओर से पूर्व में जारी किए गए शासनादेश के तहत सर्किल रेट के आधार पर कर में 0.01 प्रतिशत से 01 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का प्रावधान है, जिसमें नगर पालिका की ओर से 0.01 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास कराया हुआ है। साथ ही शासन की ओर से यह भी स्पष्ट है कि वर्तमान में दिये जा रहे कर में अधिकतम पांच प्रतिशत तक की ही बढ़ोतरी की जा सकती है। दोनों ही नियम लागू होने के बाद कर में मामूली बढ़ोतरी होगी, हालांकि जिन भवनों की पैमाइश सटीक दर्ज नहीं होने के कारण कर चोरी जैसी समस्या आती थी वह खत्म हो जाएगी।

ईओ पूजा चंद्रा ने कहा कि शासन स्तर पर निकाय क्षेत्र में आने वाली सभी संपत्तियों आवासीय, व्यावसायिक, कार्यालयी भवनों समेत बाजारों व खली भूमि का डिजिटल डेटा तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक संपत्ति को यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। जिसका प्रयोग भविष्य में शहर के विकासकार्यों का प्लान तैयार करने में किया जाएगा। प्रत्येक संपत्ति में क्यूआर कोड जारी किये जाने के बाद भवन स्वामी को कर, बिल समेत अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपने भवन की डिजिटल फाइल प्राप्त कर सकेगा।

## वर्ग पहेली-110

**बाएं से दाएं**

1.1. छोटा-सा मठ 2. छोटा मंदिर या देवालय 3. साधु या संन्यासी की समाधि स्थल के समीप बनी हुई कुटिया, झोपड़ी 4. छोटा घर 5. छोटा मंडप।

4.1. पदसंज्ञित 2. नामज़द 3. मनोनीत, नामित, निर्दिष्ट।

6. दे. इनाम।

7.1. सरसों की एक किस्म, तोड़िया 2. स्त्रियों का एक आभूषण।

**ऊपर से नीचे**

1.1. मत या विचार रखने वाला 2. किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी।

2.1. अवनति करने वाला या गिराने वाला 2. जिसका पतन या नाश होने वाला हो 3. नीचे की ओर गिराने वाला या ले जाने वाला।

3.1. सूद, ब्याज 2. दूसरी या अन्य कला 3. लाभ।

4. प्रकाशित करना, रोशन करना।

5.1. चपत, थप्पड़ 2. मारपीट 3. धोखा, छल।



## वर्ग पहेली -109 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 वि | दे | श | |
| 2 अ | | 3 ज़िं | | | | |
| नि | | 4 दा | दू | पं | थी | |
| बं | | दि | | | | |
| 5 ध | 6 व | ली | | 7 टु | | |
| | ज | | 8 चाँ | क | ना | |
| 9 पी | ह | री | | ड़ा | | |

## सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | | 1 | 6 | | 4 | |
| | 6 | | 8 | 7 | | | | 9 |
| 8 | | 3 | | 2 | | | | 1 |
| | | | | 4 | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |
| | | 9 | | 3 | | | | |
| 5 | | | | 6 | | 2 | | 7 |
| 6 | | | | 5 | 1 | | 8 | |
| | 4 | | 7 | 9 | | 1 | 6 | |

## सुडोकू - 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 | 4 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 25 जून 01 .23 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 15 .54 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज का दिन पारिवारिक दृष्टि से उत्तम रहेगा तथा सभी के बीच आपसी स्नेह बढ़ेगा। इस दौरान आपकी पुराने मित्रों से भी बातचीत हो सकती है जिससे मन भावुक हो सकता है। परिवार के साथ घूमने का विचार बन सकता है।

**वृष** — आज यदि आप प्राइवेट नौकरी करते हैं तो आपके बॉस आपसे खुश हो सकते हैं व पदोन्नति भी संभव है। यदि अभी-अभी आप कॉलेज में दाखिल हुए हैं तो कुछ सहपाठियों के द्वारा चुनौती मिल सकती है जिससे मन कुंठित रहेगा। धर्म के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा।

**मिथुन** — आज पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए कोई नया ऑफर मिलने की संभावना है,लेकिन किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज यदि आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में लगे हैं तो आपको अपना पैटर्न बदलने की आवश्यकता है। आप अपने लिए नए विषयों का भी चुनाव कर सकते हैं। भोग और विलासिता वाली जीवनशैली के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

**सिंह** — आज यदि आप संगीत, कला या रचनात्मक क्षेत्र में काम करते हैं तो आपको अपने प्रतिद्वंद्वी से कड़ी चुनौती मिल सकती है,लेकिन ऐसे समय में उससे भागने की बजाए डटकर सामना करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी।

**कन्या** — आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने सहकर्मियों का भरपूर साथ मिलेगा जो उन्हें उनके काम में सहयोग देगा। अध्यापक भी आपसे प्रसन्न होंगे तथा कॉलेज में आपको कोई सम्मान भी मिल सकता है। पिता से परामर्श लेना आपके लिए हितकर होगा।

**तुला** — आज आर्थिक दृष्टि से खर्चों में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यापार के क्षेत्र में हैं तो आप अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से खर्चे करेंगे जिससे मानसिक तनाव होने की भी आशंका है। ऐसे में कोई भी बड़ा खर्चा करने से पहले उस पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श अवश्य कर लें।

**वृश्चिक** — आज यदि आपका अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद या लड़ाई-झगड़ा चल रहा है तो वह समाप्त हो जाएगा। यदि आपके मन में कोई शंका है तो उनसे बात करने के लिए अनुकूल है। इसलिए उनसे खुलकर बात करें।

**धनु** — आज परिवार के सदस्यों का आपके प्रति प्रेम और बढ़ेगा तथा वे आपके लिए कुछ नया करने का प्रयास कर सकते हैं। किसी से बात करते समय अपने शब्दों के चुनाव पर ध्यान दें तथा कटु वचन कहने से बचें।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत में आपका जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है तथा दोनों के बीच मतभेद उभरकर आयेंगे। किसी भी प्रकार की द्वेष भावना को मन में न आने दें तथा उनसे खुलकर बात करें।

**कुंभ** — आज मानसिक रूप से आपको सिर दर्द, चिंता व तनाव की समस्या हो सकती है जिससे मन बेचैन रहने की संभावना है। ऐसे में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में स्थान दें।

**मीन** — आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो किसी तीसरे के द्वारा आपको भ्रमित करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि आप उसके जाल में आसानी से नही आएंगे,लेकिन इससे आपके रिश्ते में दरार पड़ सकती है। इसलिए पहले से ही इसको लेकर सतर्क रहें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
जान से प्यारा — सुबह : 11 .21
चाइना गेट — रात : 07 .20

**&pictures**
आई — सुबह : 10 .45
लव हास्टल — रात : 08 .00

**SONY PIX**
टार्जन — सुबह : 10 .57
जॉन रैंबो — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
चेन्नई वर्सेज चाइना — सुबह : 08 .53
रावणासुर — रात : 08 .00

**colors CINEPLEX**
बेमिसाल — सुबह : 11 .35
तनु वेड्स मनु — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# नक्सलवाद की समस्या

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है। राज्य में नक्सलवादियों की सक्रियता सरकार के नक्सल-विरोधी अभियान से संबंधित नीतियों पर प्रश्नचिह्न है। सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई के दो जवान शहीद हो गए। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया। साफ है,नक्सली घात लगाकर आधुनिकतम घातक हथियारों से हमला बोलने में सक्षम व समर्थ हैं। साथ ही नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों ने अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। संगठन के बड़े कैडरों ने अपने लड़ाकों को नकली नोट छापने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। पुलिस ने रविवार को तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाने की मशीन, नकली नोटों के सैंपल, विस्फोटक और हथियार बरामद किए। तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे राज्य में पहली बार नक्सलियों के नकली नोट बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों के दबाव में और धन की कमी के कारण, नक्सली क्षेत्र के आंतरिक इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की खरीद के लिए नकली नोटों का उपयोग करने और स्थानीय आदिवासी विक्रेताओं को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। आश्चर्य है कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा जाली नोट छापे जाने को लेकर एनआईए को भनक तक नहीं है। नक्सली इस कदम से भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की भी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्र-राज्य की संवैधानिक व्यवस्था को यह गंभीर चुनौती है। जाहिर है, इनसे न केवल सख्ती से निपटने की जरूरत है, बल्कि खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क करने की जरूरत है। क्योंकि राज्य सरकार की जासूसी संस्थाएं असफल रही हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या वर्ष 2000 के आसपास सामने आई। यहां स्थिति गंभीर व चुनौतीपूर्ण थी। हालांकि खबरें तो यहां तक हैं कि पाकिस्तान और चीन माओवाद को बढ़ावा देने की दृष्टि से हथियार पंहुचाने की पूरी एक श्रृंखला बनाए हुए हैं। नक्सली समस्या को लेकर ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले के मुकाबले कमी आई है। शुक्रवार को सुकमा में चार नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इसके बावजूद अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में बदलाव किया है। इसलिए इन्हें नेस्तनाबूद करने की जिम्मेदारी अब सेना व सुरक्षा बलों को संयुक्त रूप से सौंप देनी चाहिए।

# बढ़ते तापमान का कारण और स्थायी समाधान

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

**इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिन: का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके।**

विकास के नाम पर कृत्रिम धन को संचित करने के लिए , जो मानव जीवन के लिए जरूरी वास्तविक धन है, उसको लूटने की होड़ मची हुई है। हम सहअस्तित्व के सिद्धांत को नकार कर जिस तरह से प्रकृति के संसाधनों को निचोड़ रहे है, इसके कारण ही आज धरती हीट वेव जैसी समस्याओं का सामना कर रही है। अब तो तापमान बढ़ने की बात सिर्फ दिन के समय की नहीं रही, बल्कि अब रातें भी गर्म होने लगी है, भूमिगत जल का तापमान भी बढ़ने लगा है। इससे स्पष्ट है कि हमने पृथ्वी पर जीवन को संकटमय बना दिया है। आज अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो चुका है। इतना तापमान भारत में हीट वेव की रेड कैटगरी के अंतर्गत आता है। जो कि मानव के स्वास्थ्य के हिसाब से बहुत अधिक है या नुकसानदायक है। इतना ही नहीं इससे भविष्य में गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में छह गुना इजाफा हो सकता है। अगर तापमान बढ़ने के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों ( कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन आदि ) के अलावा इन निम्न पहलुओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

शहरीकरण के चलते हीट इंडेक्स जैसे कारणों को अनदेखा किया जाना, भूमिगत जल, पेट्रोलियम पदार्थों व कोयला आदि का मनमाना दोहन, नदियों, तालाबों, कुंओं, बावड़ियों में जल स्तर घाट जाना यानी पृथ्वी की सतह पर पानी का कम हो जाना, घरों में एसी के उपयोग होने के कारण स्थानीय तापमान में वृद्धि होना, जंगल कटान के कारण पशु पक्षियों का कम होना, पृथ्वी की चुंबकीय क्षमता में कमी होना एवं पृथ्वी की अंदर की सतह के घूर्णन की गति कम होना व सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का घटना बढ़ना इत्यादि । भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है। इसमें सबसे पहला तो यही काम है जो कॉप -28 में निर्णय जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लेकर लिए गए उनका पालन व क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो तभी हम इस परेशानी को एक अवसर के रूप में बदल सकते है। स्पष्ट है कि हमको धरती की स्थानीय वहन क्षमता के अनुसार खनिजों का खनन करना होगा। इससे कम समय में काफी सार्थक और उपयोगी परिणाम प्राप्त हो पाएंगे। दूसरा दुनिया में 'सहअस्तित्व के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे विश्व में एक सामान पर्यावरणीय कानून और नियम लागू किए जाएं। इसके अलावा भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए देश में प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

**भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है।**

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके। बढ़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो जिसमे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जाए एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत पूरी दुनिया में लागू हो। इसके लिए हमको कुछ बदलाव अपने में करने होंगे तभी हम इन प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पा सकेंगे। इसीलिए पैसे के मूल्य और चक्र को देखते हुए, विश्व में वस्तु विनिमय प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाए। सर्कुलर इकोनॉमी का सबसे बड़ा फायदा ये है, कि ये स्थानीय स्तर पर काम और कुशल कारीगर तैयार करेगी । यानि भारत सरकार को चाहिए कि जो कौशल विकास के नाम पर जो केंद्र चलाए जा रहे है वो स्थानीय संसाधनों के आधार पर चलाए। जिससे कि प्रशिक्षित लड़के - लड़कियों को स्थानीय स्तर पर काम मिल सके। इससे परोक्ष व अपरोक्ष रोजगार मिलने के साथ साथ उस क्षेत्र की जैव विविधता भी समृद्ध बनी रहेगी एवं पलायन, शहरीकरण, पर्यावरण, झुग्गी झोपड़ी का विस्तार, भी नहीं होगा व कुटीर उद्योग बढ़ने के साथ सामाजिक समरसता बनी रहेगी । इस तरह के प्रयास से किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। तभी हम भारत के संविधान व पर्यावरणीय कानूनों के अनुसार एक मजबूत इको साइड कानून की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके लिए हमको कुछ नियम बैंको या ऋण देने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में मजबूत और प्रकृति के नियमों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं व परियोजनाओं को ऋण उपलब्ध हो। इसके लिए प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए सर्वोच्च कार्य का दर्जा प्राप्त हो। इसके बाद अंत में बात जीवन शैली की आती है। इसमें हमको ऋतू के अनुसार अपने खान पान और पहनावे पर भी ध्यान देना होगा ताकि मानव शरीर का इम्म्यून पावर भी ताप को सहन करने योग्य हो सके।

उपरोक्त उपायों के साथ साथ हमको स्थायी समाधान तलाशना होगा। क्योंकि वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम कर देना जलवायु परिवर्तन या रूपांतरण का स्थायी हल नहीं है। न ही इसका स्थायी समाधान देश और दुनिया की किसी सरकार व टेक्नोलॉजी के पास है। इसका स्थायी समाधान सिर्फ दुनिया के किसानों के पास है। क्योंकि किसान ही है जिसका सीधा संबंध मिटटी से होने के कारण, जैव विविधता, जल, पशु-पक्षी आदि से भी होता है। किसान ही है जो जल की नदियों का पुनः धरती से आकाश यानि जल का लंबवत बहाव सुनिश्चित कर सकता है। जिस दिन ये लंबवत जल का प्रवाह फिर से सही मात्रा में होने लगेगा, हम प्रकृति को व्यवस्थित कर संतुलन में ला सकेंगे । यानि बारिश, ताप, दाब, आर्द्रता आदि मानकों को सही अनुपात में ला सकेंगे। कुल मिलाकर हम प्रकृति के चक्रण को व्यवस्थित कर लेंगे । ये जो एकल कहानी ग्रीन हाउस गैसों के बारे में जलवायु परिवर्तन को लेकर बताई जा रही है, ये दुनिया को अव्यवस्थित कर देने लिए काफी है। अगर हम जलवायु परिवर्तन को सुधारने के चक्कर में सिर्फ इन गैसों को कम करने के प्रयास करते रहे तो निश्चित मान कर चलो कि ये प्रक्रिया दुनिया के लिए विनाशकारी सिद्ध होगी। धरती पर दो तरह की नदियों का प्रवाह होता है एक क्षितिज के समानान्तर दिशा में दूसरा क्षितिज के लंबवत दिशा में। हमने पेड़ पौधे व मिटटी में कार्बन की मात्रा कम करके इस लंबवत प्रवाह को प्रभावित किया है जिसके कारण ये तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगर प्रकृति की दृष्टि से सोचें तब शायद हमको अच्छे परिणाम विज्ञान के माध्यम से मिल सकेंगे।

## प्रसंगवश

# स्मार्ट वर्क के युग में हार्ड वर्क की उपादेयता

डिजिटल उपकरणों से लैस आधुनिकीकरण, शहरीकरण और पाश्चात्यकरण के इस दौर में स्मार्ट वर्क की संकल्पना का जोर है। अब यह संकल्पना केवल भौतिक जीवन शैली को समृद्ध करने तक सीमित नहीं रह गई है, वरन यह मानवीय संबंधों, व्यवहार तथा भावनाओं पर भी बड़ी तेजी से पकड़ बनाती जा रही है। दूसरे शब्दों में मानवीय मनोविज्ञान तथा व्यवहार को भी बहुत गहरे तक प्रभावित कर रही है। मनुष्य स्वचालित यंत्र की भांति व्यवहार कर रहा है, अपने स्वार्थ व महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने हेतु मशीनों की भांति व्यवहार करने लगा है।

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

एक और विवेक प्रधान, भावना प्रधान मनुष्यों में मशीनी प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार किया जा रहे हैं, जिससे जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सके। कदाचित मानव की जीवन को आसान बनाने की प्रवृत्ति उसमें कठोर श्रम के प्रति अलगाव उत्पन्न कर रही है। वह केवल मस्तिष्क की गणनाओं व बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर जीवन को संचालित करना चाहता है।

केवल मस्तिष्क के अनुसार जीवन को संचालित करने की प्रवृत्ति वास्तविक संबंधों में भी प्रवेश करती जा रही है। यही कारण है आज चौतरफा हिंसा, तनाव, अलगाव विद्वेष आदि की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भौगोलिक दूरिया जितनी तेजी से घट रही है, मानसिक दूरियां बढ़ती जा रही हैं । सुख सुविधाओं के पालने में पलने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी अवसाद ग्रस्त हैं। प्रश्न यह है कि क्या कोरा स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का स्थान ले सकता है ? बेशक डिजिटल क्रांति के विस्तार और विकास के साथ जीवन सरल होता चला जाएगा लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त मशीनें कभी भी मानवीय भावनाओं, प्रेम , करुणा , दया और मौलिक सृजन का स्थान नहीं ले सकते।

उदाहरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक से निर्मित भगवान राम का चित्र ही लीजिए । यह चित्र भावनाओं के स्तर पर अधूरा सा लगता है क्योंकि इसमें कलाकार का समर्पण, भक्ति और भावना नहीं है जो उसके स्पर्श से चित्र में नैसर्गिक सौंदर्य एवं उत्कृष्टता लाती है , जिससे चित्र अतीत के परिपेक्ष्य में जीवंत हो उठते है। जिस प्रकार चैटजीपीटी माध्यमों से विभिन्न क्षेत्रो मे लेखन और काव्य सृजन की बात प्रचारित की जा रही है, उसमें भी भावनाओं और मौलिकता का अभाव होगा जिससे तमाम शब्दों से अलंकृत और व्याकरण की सटीकता के बावजूद अधूरापन रहेगा। व्यक्ति द्वारा हृदय की कोमल भावनाओं की गहराइयों में डूबकर और मस्तिष्क की पूर्ण स्मृतियों और वर्तमान परिदृश्य के आधार पर जो दृश्य खिंचा जाता है वह अनुपम , अतुल्यनीय होता है , मशीनों से ऐसी उम्मीद बेमानी है ।

उदाहरण के लिए हस्तशिल्प को ही लीजिए। आज मशीनों से निर्मित तमाम प्रकार के परिधान बाजार में सस्ती कीमतों में उपलब्ध है , लेकिन क्या यह हाथ की कारीगरी की खूबसूरती व कला सौंदर्य को उकेर सकते हैं । यही कारण है संभ्रांत वर्ग में आज भी इसकी उच्च स्तरीय मांग बनी हुई है।

डिजिटल क्रांति से पेपरलेस का दावा किया गया लेकिन किताबों का विकल्प ई-बुक नहीं हो सकता। जो आनंद पुस्तकों के शब्द सागर में डूबने में है , वह ई-बुक्स में कहां? यह तो पाठक ही भली भांति जानता है । अतः डिजिटल क्रांति समय और श्रम को बचाने का कार्य तीव्रता और सटीकता से करने के मामले में मानवीय श्रम से कहीं बेहतर है, लेकिन भावनात्मक , मौलिक सृजन मानवीय श्रम का स्थान कभी नहीं ले सकती।

इसलिए आवश्यक है मनुष्य मशीनों पर पूर्ण रूप से निर्भर न रहकर अपनी भावनाओं को नव आयाम दे, मौलिकता को बनाए रखते हुए उत्पादकता बढ़ायी जाए। यही मानव जीवन की उपादेयता और सुंदरता है, प्रकृति के साथ समरसता का प्रतीक है । प्रकृति के अंश को प्रकृति के अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए जो मानवीय प्रकृति व संस्कृति को सही दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है।

# बाजार बनी दुनिया में क्या है जिसकी बोली न लगे

डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

**उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें?**

प्रतियोगिता परीक्षाओं के क्वेश्चन आउट होकर बिकना हमारे बाजार का हिस्सा बन चुका है। वही बाजार, जिसे हम अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की भाषा में ' बाजारवादी व्यवस्था का सिरमौर' कहते हैं। बाजार खरीदार बनाता है और खरीदार भी अक्सर नए बाजार को खड़ा करते हैं।

फिल्मों में देखते हैं कि जिलों में हाकिमों की पोस्टिंग बिकती है, अखबारों में पढ़ते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों, कुलसचिवों के पद बिकने के आरोप लग रहे हैं, टीवी में देखते हैं कि एमपी और एमएलए कभी खुदरा तो कभी थोक के भाव में बिक जाया करते हैं, सुनते आए हैं कि मालदार थानों में दारोगा जी की पोस्टिंग की बोलियां लगती हैं, मनचाहा शहर और कॉलेज में पोस्टिंग पाने के लिए प्रोफेसर साहेबानों को अक्सर मोटा माल डाउन करना पड़ता है तो फिर परीक्षाओं के पहले उसके क्वेश्चन पेपर्स क्यों न बिकें?

जब दुनिया बाजार बनने लगती है तो ऐसा क्या है जिसकी बोलियां न लगें? बाजार की अपनी कोई नैतिकता नहीं होती। उसे नियमों और कानूनों से नियंत्रित किया जाता है। लेकिन, जब रेगुलेटर्स ही बिकने के लिए तैयार हों तो नियम और कानून गया भाड़ में। उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें? बचपन से बाप के वैध-अवैध पैसों के बल पर फर्राटे से एसयूवी उड़ाते दोस्तों के साथ पिज्जा खाने जाने की आदत है। तो, उसे भी कमाई वाली नौकरी चाहिए। हर पैसे वाले का बेटा मेधावी ही हो जरूरी नहीं। चाहे जितना कोटा में कोचिंग करवा लो, नीट या जेईई कठिन एक्जाम हैं, नेट में अच्छा स्कोर लाना कठिन है। सीटें सीमित हैं, अभ्यर्थी अपरम्पार हैं। लेकिन पैसा भी एक चीज है जो बहुत कुछ खरीद सकता है। किसी भी कीमत पर अपनी संतान के लिए करियर खरीद लेने की उत्कंठा पाले लोगों का एक अलग, नव धनाढ्य वर्ग डेवलप हुआ है। वैसे भी, इस देश में अब रीति नीति भी यही बनती जा रही है कि अच्छे संस्थानों में और अच्छे कोर्सों में पैसे वालों के ही बेटे पढ़ सकें।

अब, शॉर्ट कट का तकाजा है कि क्वेश्चन पेपर ही आउट करवा लिया जाए। आवश्यकता आविष्कार की जननी है। लो जी, इसका भी मार्केट तैयार हो गया। एक से एक टैलेंटेड लोग लग गए क्वेश्चन आउट कर बेचने के धंधे में। पता नहीं, ये हुनर सीखी कहां से। कोई प्रिंटिंग प्रेस से ही क्वेश्चन उड़ा ले रहा है कोई रास्ते में हथौड़ा मार कर सील तोड़ ले रहा है। लाखों, करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं, जोड़ कर देखो तो अरबों का बाजार है यह। दुनिया जब बाजार बन जाती है तो हर शै का अपना बाजार सजता है। क्वेश्चन पेपर्स का भी अपना मार्केट है। सिपाही बहाली के सवालों का इतना रेट, दारोगा बहाली का इतना, मास्टर बहाली का ये रेट, इंजीनियर डॉक्टर का रेट इतना। फिर, रेट इस पर भी निर्भर करता है कि कहीं किसी सेफ जगह में किसी रिसार्ट में या होटल में मटन चिकन पनीर की प्लेटें सामने सजवा कर एक एक क्वेश्चन का आंसर भी रटवा दिया जाएं। फिर, एयरकंडीशंड गाड़ियों में अहले सुबह एक्जाम सेंटर तक पहुंचा देने का जिम्मा भी। बोले तो कंप्लीट पैकेज।

आजकल बाजार में कंप्लीट पैकेज का जमाना है। तो, पैसे वालों को अधिक आराम है। पैसा ही तो लगना है। वह तो देश को लूट कर, सरकार को लूट कर, पब्लिक को लूट कर है ही इतना कि कुछ भी खरीद लें। अब, जब बाजार सजते हैं तो कुछ सीमित आमदनी वाले मिडिल क्लास के होशियार लोग भी लपकते हैं उधर। जमीनें बेच कर, गहने गिरवी रख कर, लोन ले कर इस अंधेरे बाजार में पैसे लगा डालते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर बन गया तो क्या कहने। पिछले साल यूपी में खबरें आई थी कि प्रोफेसर बनवाने का बाजार 35-40 लाख तक चला गया था। वह भी तब जब अपने मेरिट से बीए, एमए, नेट, पीएचडी किए रहो। बाजारों के बड़े बड़े खिलाड़ी बड़ी ही सफाई से बचते हैं, बचाए जाते हैं, जांच समितियों के द्वारा, मीडिया के द्वारा, ताकि वे अगली बार अगले गुर्गों के सहारे अपने अगले खेल कर सकें। बाजार बनती दुनिया में पोस्टिंग बिकती है, सेलेक्ट होना बिकता है, एक्जाम सेंटर बिकता है, क्वेश्चन पेपर बिकता है, बहुत कुछ बिकता है। जब खरीदने वाले झोली भर कर मुंह बाए खड़े हैं तो बेचने वाला तो धरती फोड़ के निकल कर आ जाएगा। बाजार का यही नियम है।

## सोशल फोरम

# कृषि विज्ञान के जनक

आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

दुनिया के अन्य महाद्वीपों के लोग जब वर्षा, बादलों की गड़गड़ाहट के होने पर भयभीत होकर गुफाओं में छुप जाते थे... जब उन्हें एग्रीकल्चर का ककहरा भी मालूम नहीं था.. उससे भी हजारों वर्ष पूर्व ऋषि पाराशर मौसम व कृषि विज्ञान पर आधारित भारतवर्ष के किसानों के मार्गदर्शन के लिए" कृषि पाराशर" नामक ग्रंथ की रचना कर चुके थे।

ऋषि पाराशर ग्रंथ में लिखते हैं जीवन का आधार कृषि है कृषि का आधार वृष्टि अर्थात बारिश है । हर किसान को बारिश के विषय में जरूर जानना चाहिए।

ऋषि पाराशर ने अपने ग्रंथ के द्वितीय खंड वृष्टि खंड में बादलों को 4 भागों में वर्गीकृत किया है। आवरत मेघ, ) सम्रत मेघ , पुष्कर मेघ और द्रोण मेघ । पहले वाला मेघ एक निश्चित स्थान में बारिश करता है। दूसरा मेघ एक समान बारिश करता है। तीसरे मेघ से बहुत कम वर्षा होती है। चौथे मेघ से उत्तम वर्षा होती है। ऋषि पाराशर ने कृषि भूमि को तीन भागों में विभाजित किया अनूप कृषि भूमि ,जांगल कृषि भूमि विकट भूमि। पहली से दूसरी, दूसरी से तीसरी भूमि को कृषि के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया। कृषि खंड में उन्होंने बताया किस महीने में बीजों का संग्रह करना चाहिए बीजों की रक्षा कैसे करनी चाहिए बीजों का रोपण किस विधि से होना चाहिए।

सचमुच अतीत का भारत विश्व गुरु था.. जहां ज्ञान विज्ञान कला कौशल की भरमार थी.. कोई ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे ऋषि-मुनियों ने अमूल्य ग्रंथों की रचना ना की हो..!

दुर्भाग्य से महाभारत के महायुद्ध में हजारों लाखों ऋषि महर्षि , योद्धा मारे गए.. परिणाम स्वरूप गुरुकुल शिक्षा पद्धति और शिक्षा परंपरा विद्या की वैदिक संस्थाएं लुप्त हो गईं। 90 फ़ीसदी से अधिक ज्ञान परंपरा व ग्रंथ लुप्त हो गए। आज जलवायु परिवर्तन के कारण अमेरिका ऑस्ट्रेलिया की भूमि बंजर होती जा रही है। यह भारत के ऋषि महर्षियो का ज्ञान ही था कृषि के क्षेत्र में लाखों करोड़ों वर्ष के पश्चात भी भारत भूमि बंजर नहीं हो पाई ।

-फेसबुक वॉल से

# भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक था नालंदा विश्वविद्यालय

प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में शिक्षा का एक प्रसिद्ध केंद्र था, जो वर्तमान बिहार में स्थित है। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान हुई थी और पाल वंश के शासनकाल के दौरान यह अपने चरम पर पहुंच गया था। विश्वविद्यालय ने दुनिया भर से विद्वानों और छात्रों को आकर्षित किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध था। ईसा से 1200 साल पहले। खुदाई में मिले अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में बुद्ध और महावीर के समय से पहले भी इंसानी बसाहट हुआ करती थी।

नालंदा जिसका प्रारंभिक नाम "बड़गांव"और जैन धर्म मे इसे कुण्डलपुर कहा जाता था। यह बौद्ध धर्म के साथ हिंदू और जैन धर्म का भी केंद्र रहा है। शक्रादित्य ने नालंदा में एक बौद्ध मठ का निर्माण कराया था। छठवीं शताब्दी आते-आते, ये एक बहुत बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो गया। गुप्त काल के अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में तब हिंदू, जैन, बुद्ध, तीन धर्मों का प्रभाव था। जो यहां की निर्माण शैली, वास्तुकला और मूर्तियों में दिखाई देता है।

बौद्ध धर्म के ग्रंथ बताते हैं कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा में एक उपदेश दिया था। उनके एक शिष्य शारिपुत्र के नाम पर नालंदा म् एक स्तूप भी बना हुआ है। नालंदा का एक संबंध जैन धर्म से भी है। जैन सूत्रों के अनुसार भगवान महावीर ने भी कुछ वर्ष नालंदा में बिताए थे। गुप्त काल के बाद कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने नालंदा को अनुदान दिया। उन्होंने यहां तीन मंदिरों का निर्माण कराया। आठवीं सदी के बाद बंगाल के पाल वंश ने नालंदा की देखरेख की। चीनी यात्री ह्वेनसांग लिखते हैं, "नालंदा में दाखिला लेने वालों में सिर्फ 20 प्रतिशत छात्रों को प्रवेश मिलती थी।" नालंदा के सभी छात्रों ने महायान के साथ-साथ बौद्ध धर्म के अठारह ( हीनयान ) संप्रदायों के ग्रंथों का अध्ययन किया। उनके पाठ्यक्रम में वेद , तर्कशास्त्र, संस्कृत व्याकरण, चिकित्सा, षटदर्शन, व्याकरण, एस्ट्रोनॉमी, गणित जैसे तमाम विषयों की पढ़ाई हुआ करती थी। पढ़ाई का तरीका भी अनूठा हुआ करता था।

ह्वेन सांग के लिखे अनुसार नालंदा में एक वक्त में दस हजार छात्र पढ़ाई करते थे। और उन्हें पढ़ाने के लिए लगभग 1500 शिक्षक हुआ करते थे। इन सबके ऊपर एक चांसलर हुआ करता था। ह्वेनसांग ने नालंदा के एक चांसलर, शिलाभद्र का जिक्र किया है। जो ह्वेन सांग के अनुसार योग शास्त्र के सबसे बड़े शिक्षक थे।

नालंदा के विद्यार्थियों के द्वारा ही एशिया में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का विस्तृत प्रचार व प्रसार हुआ था। तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर भदंत शांतिरक्षित और पद्मसंभव तिब्बत गए थे और वहां उन्होंने संस्कृत, बौद्ध साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने में अप्रतिम योग्यता दिखाई थी। नालंदा में बौद्ध धर्म के अतिरिक्त हेतुविद्या, शब्दविद्या, चिकित्सा शास्त्र, अथर्ववेद तथा सांख्य से संबंधित विषय भी पढ़ाए जाते थे। युवानच्वांग ने लिखा था कि नालंदा के एक सहस्त्र विद्वान् आचार्यों में से सौ ऐसे थे जो सूत्र और शास्त्र जानते थे, पांच सौ, 3 विषयों में पारंगत थे और बीस, 50 विषयों में। केवल शीलभद्र ही ऐसे थे जिनकी सभी विषयों में समान गति थी।

धर्मस्वामिन के अनुसार बख्तियार खिलजी की मौत के कई साल बाद नालंदा पर एक और आक्रमण हुआ था। जिसके बाद नालंदा लगभग पूरा खाली हो गया। तुर्क आक्रमणों के चलते बौद्ध भिक्षुओं में डर बैठ गया था। जिसके बाद ये इलाका खाली कर दिया गया। नालंदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास के रुप में देखा जाना चाहिए।

# महत्वपूर्ण होगा स्पीकर का चुनाव

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अठारवीं लोकसभा में किसी दल का स्पष्ट बहुमत नहीं है। भाजपा की अगुवाई में राजग यानी एनडीए की मिली-जुली सरकार है। ऐसे में लोकसभाध्यक्ष यानी स्पीकर का पद बेहद महत्वपूर्ण होगा। भाजपा के कुल 240 सांसद ही हैं,जो पूर्ण बहुमत से 32 कम हैं। भाजपा का इतिहास दल बदल कराकर विपक्षी सरकारें गिराने और अपनी बनाने का रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा के 2018 वाले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई थी और कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन भी गई थी;किंतु तोड़ फोड़ करके भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। इसके लिए उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिलाया था। कोशिश राजस्थान में भी की गई, हालॉकि योजना परवान नहीं चढ़ी। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की महा अघाड़ी सरकार में दल बदल कराया गया और उसे गिराकर शिवसेना के नए बने एकनाथ शिंदे गुट की राजग सरकार बनी। उत्तराखंड में बड़ी संख्या में कॉग्रेसियों को भाजपायी बनाया गया और विजय बहुगुणा को इस्तेमाल किया गया। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट के जज जोसेफ ने इसे 'पाप'करार दिया। अपने इस स्वभाव और रीति नीति के चलते यदि स्पीकर भाजपा का बन गया तो छोटे दलों की खैर नहीं,वे चाहे जिस तरफ के हों। वो तोड़े और भाजपा में विलीन किए जाएंगे। ऐसे में 26 जून को होने वाला स्पीकर चयन बहुत महत्व रखता है तथा सांसदों,विशेषकर छोटे दलों को बहुत विवेक लगाना होगा और सूझबूझ से काम करना होगा। सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी। अभी फिलहाल भाजपा अपना ही स्पीकर बनाने पर तुली है और विपक्ष का कहना है कि यदि चंद्रबाबू नाइडू की तेदेपा का स्पीकर कैंडिडेट सामने आता है,तो वे समर्थन करेंगे; भाजपाई यदि खड़ा हुआ,तो विरोध होगा और चुनाव लड़ा जायगा। युद्ध की दुंदुभी तो बज चुकी है,प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर ही। कांग्रेस सांसद के.सुरेश ज्यादा सीनियर थे। उन्हें बाईपास करके भाजपाई भर्तिहरि महताब को इस पद पर बिठाया गया है। अगले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण और सावधानी बरतने के हैं।

# डॉ.श्यामा प्रसाद के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

## जनसंघ के संस्थापक और अध्यक्ष की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

अल्मोड़ा में भाजपा कार्यालय में रविवार को डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पुण्यतिथि पर डॉ. श्यामा प्रसाद को याद करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जनसंघ के संस्थापक और अध्यक्ष रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई। रविवार को पाताल देवी स्थिति पार्टी कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुण्यतिथि के दौरान गोष्ठी का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद का जीवन बड़े संघर्षों में बीता। कहा कि नेहरू मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देने के बाद उन्होंने जनसंघ की स्थापना की। उन्हीं के विचारों और संघर्ष पर आज भाजपा आगे बढ़ रही है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, धमेंद्र बिष्ट, बंशीलाल कक्कड़, दर्शन रावत, कैलाश गुरुरानी, ललित लटवाल, रवि रवि रौतेला, विनीत बिष्ट, मनोज वर्मा, संजय टम्टा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, पूनम पालीवाल, आनंद सिंह कनवाल, चंदन रावत, गिरीश चंद्र खोलिया, अजय वर्मा, अर्जुन बिष्ट, अमित साह, सौरव वर्मा, देवाशीष नेगी, आनंद डगंवाल आदि रहे।

**▸▸ आज भाजपा उन्हीं के विचारों और संघर्ष पर आगे बढ़ रही**

### डॉ. मुखर्जी ने अपना जीवन भारत की एकता और प्रगति के लिए समर्पित किया

**रानीखेत, अमृत विचार :** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर यहां भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा डॉ. मुखर्जी ने अपना जीवन भारत की एकता और प्रगति के लिए समर्पित कर दिया। सुभाष पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि देते हुए उनको नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ मुखर्जी के आदर्श देश भर में लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। डॉ. मुखर्जी ने अपना जीवन भारत की एकता और प्रगति के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने स्वयं को एक असाधारण विद्वान और बुद्धिजीवी के रूप में भी प्रतिष्ठित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन नेगी, पूर्व जिलाध्यक्ष दीप भगत, नगर महामंत्री उमेश पंत, संदीप गोयल, राजेन्द्र सिंह, धन सिंह बिष्ट, योगेश हर्बोला आदि मौजूद थे

## कार से टकराई पिकअप, परिवार के चार लोग घायल

**टनकपुर/ लोहाघाट :** बाराकोट-घाट राष्ट्रीय राजमार्ग में सिंगदा के पास पिकअप वाहन की टक्कर से कार में सवार चार लोग घायल हो गए। रविवार को बाराकोट-घाट एनएच में सिंगदा बागधारे के पास गाजियाबाद से पिथौरागढ़ को जा रहे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क में पलटने के बाद रपटते हुए पिथौरागढ़ से बनबसा की ओर आ रही कार से जा टकराया।

दुर्घटना में कार सवार शेखर चन्द निवासी बनबसा, उनकी पत्नी रश्मि चन्द और बेटे शौर्य व सक्षम घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। बाराकोट चौकी प्रभारी अरविंद कुमार और एएसआइ नरेश कुमार ने बताया कि सभी घायलों को लोहाघाट उप जिला अस्पताल भेजा गया।

डा. दीक्षा ने बताया कि रश्मि चन्द और शौर्य को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें हायर सेंटर चम्पावत रेफर किया है। दुर्घटना में पिकअप चालक चंदौसी निवासी रिंकू कुमार और हरियाणा निवासी शुभम को मामूली खरोंच आई।

# ग्रामीण क्षेत्रों में थम नहीं रहा पानी संकट

संवाददाता, अल्मोड़ा

**▸▸ दिन भर पानी की जुगत में जुट रहे लोग, जल संस्थान सड़क से लगे क्षेत्रों में टैंकर से बांट रहा पानी**

**अमृत विचार :** जिले के ग्रामीण इलाकों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पेयजल आपूर्ति नहीं होने का सबसे ज्यादा दिक्कतें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को झेलनी पड़ रही है। रविवार को अवकाश के दिन भी ग्रामीण पानी को जुटे रहे। मुख्यालय समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में पिछले तीन माह से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। वहीं, भीषण गर्मी के बीच लगातार बढ़ रहे तापमान से जल स्त्रोत भी पूरी तरह सूख चुके हैं।

मजबूरन ग्रामीणों को पानी की जुगत को नदी नौलों की दौड़ लगानी पड़ रही है। इससे भी लोगों को पर्याप्त पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। रविवार को जल संस्थान ने वृद्ध जागेश्वर, रैचना मेर गांव, भाना देवली, डीनापानी, मनान, कठपुड़िया, पनुवानौला, उड़लगांव, भट्टखोला, अयारपानी, छडौजा, हवालबाग, कालीमठ, चनोली, तोली, मनिआगर, खौड़ी, घनेली समेत कई जल संकट वाले इलाकों में टैंकर और पिकअप के माध्यम से पानी का वितरण किया गया।

### डे-केयर की बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा

अल्मोड़ा। डे-केयर संस्था की बैठक में नगर समेत तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। शनिवार को आयोजित बैठक में संस्था के सदस्यों ने सीटी बस का किराया बढ़ाए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि वर्तमान में किराया दस रुपये से बढ़ाकर तीस रुपये कर दिया गया है, जो उचित नहीं है। उन्होंने जल्द पूर्व की भांति किराया दस रुपये करने की मांग की। वहीं, शहर में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। बैठक में डॉ. गोकुल सिंह रावत, शंकर दत्त भट्ट, आनंद सिंह बगड़वाल आदि मौजूद रहे।

# मानसून के बाद अक्टूबर में होंगे मां पूर्णागिरि देवी के दर्शन

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चम्पावत के जिला जज अनुज कुमार संगल ने रविवार को मां पूर्णागिरि धाम में देवी दर्शन किए। उन्होंने सपरिवार देवी मां का आशीर्वाद लिया। पुजारी पंडित तुलसी दत्त तिवारी ने पूजा-अर्चना कराई। पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने जिला जज अनुज कुमार संगल का देवी की चुनरी ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

चम्पावत के जिला जज को मंदिर समिति के अध्यक्ष ने दिया स्मृति चिन्ह। ● अमृत विचार

जिला जज ने देवी धाम की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष पंडित नवीन तिवारी, काली मंदिर पुलिस थाना प्रभारी देवनाथ गोस्वामी और भैरव मंदिर के प्रभारी हेमंत कठायत भी मौजूद रहे। इधर सरकारी तौर पर 15 जून को सरकारी मेला संपन्न होने के बावजूद मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी है। सरकारी अवकाश होने के कारण रविवार को 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन किए। आज यानी 24 जून से रात में देवी दर्शन नहीं हो सकेंगे। मानसून सीजन के मद्देनजर मंदिर समिति ने 24 जून से 1 अक्टूबर तक रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक देवी दर्शन नहीं हो सकेंगे। सरकारी तौर पर पूर्णागिरि मेला संपन्न होने के बाद भी इस समय मां पूर्णागिरि धाम के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्र नगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में अभी भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

## पेड़ गिरने से दो घंटे आवाजाही प्रभावित

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा-रानीखेत राष्ट्रीय राजमार्ग के जीबी पंत संस्थान के पास एक चीड़ का पेड़ गिरने से दो घंटे यातायात प्रभावित रहा। संस्थान के कर्मचारियों और यात्रियों ने ही कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क मार्ग से हटाकर किसी तरह यातायात सुचारु कराया।

रविवार दिन में जीबी पंत संस्थान के पास एक चीड़ का पेड़ सड़क में गिर गया। इससे वाहनों की लंबी कतारें लग गई। दो घंटे राष्ट्रीय राजमार्ग में यातायात प्रभावित रहा। मौके पर जीबी पंत संस्थान के कर्मचारियों और यात्रियों ने किसी तरह पेड़ को हटाकर यातायात सुचारू कराया। इस दौरान लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इधर, बीते दिनों वनाग्नि से अधिकांश जंगलों में चीड़ के पेड़ पूरी तरह जल गए है। तेज हवा पर अधिकांश जगह जले पेड़ गिरने के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

# दूसरे दिन भी धरने पर रहे ग्रामीण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** रानी धारा लिंक मोटर मार्ग सुधारीकरण को लेकर शुरू धरना रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने को अल्मोड़ा के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने समर्थन दिया। धरना स्थल में धारानौला, विवेकानंद पूरी, थाना बाजार, राजपुरा, नरसिंगबाड़ी के भी लोग शामिल हुए। उन्होंने मार्ग के सुधारीकरण की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से इस रोड का निर्माण न होना जनप्रतिनिधियों की जनता के प्रति उदासीनता व प्रदेश में पूर्ण रूप से हावी हो चुकी नौकरशाही का जीता जागता उदाहरण है।

रानी धारा लिंक मोटर मार्ग सुधारीकरण को लेकर धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

विभिन्न स्कूलों को जोड़ने वाला यह मार्ग है जो अब बदत्तर हो चुका है, साथ ही बरसात में बड़ी आपदा को दावत दे सकता है। रानीधारा जो अल्मोड़ा प्रबुद्ध जनों, बुद्धिजीवियों के निवास स्थान है और अल्मोड़ा नगर का सबसे समृद्ध इलाका माना जाता है, वहां विकास की स्थिति इतनी दयनीय है कि सालों से एक लिंक रोड का निर्माण नहीं हो पाया है तो अल्मोड़ा नगर के अन्य इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का पता लगाया जा सकता है, वक्ताओं ने कहा कि कुमाऊं-गढ़वाल के सबसे पुराने नगर जिसकी स्थापना लगभग 500 साल पहले हो गयी थी को उचित नेतृत्व न मिलने से अव्यवस्थाओं का नगर बन कर रह गया है। धरने में रिटायर्ड प्रोफेसरों, बुजुर्ग व स्थानीय वरिष्ठ नागरिक भी धरने पर बैठे। सभी ने एक आवज में कहा जब तक इस लिंक रोड का निर्माण नहीं होता धरना जारी रहेगा। धरने के सयोजक विनय किरौला, डॉ सैयद अली हामिद, डॉ एसएस पथनी, महेंद्र सिंह गैडा, नवीन भट्ट, रोहित पंत, संदीप द्रमवाल, दीप चंद्र बिष्ट, शम्भू दत्त बिष्ट, हेम चंद्र सिराडी, दीपा बिष्ट, बिना पंत, नीमा पंत, मीनू पंत, महेश चंद्र बिष्ट, नीरजा चौहान, अर्चना पंत, माया बिष्ट सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# दूषित पानी से डायरिया फैलने के बाद दहशत

अल्मोड़ा, संवाददाता

**▸▸ हवालबाग ब्लॉक के लोगों ने की जल जीवन मिशन योजना से पानी देने की मांग**

**अमृत विचार :** हवालबाग विकास खंड के बख में दूषित पानी से डायरिया फैलने के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने गांव के लिए जल जीवन मिशन योजना से पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

बीते दिनों ग्राम पंचायत बख में उल्टी दस्त से कई ग्रामीण बीमार हुए थे। स्वास्थ्य विभाग की जांच में डायरिया के लक्षण मिले थे। आनन-फानन में आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जबकि गांव में ही एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई थी। ग्रामीणों ने अंदेशा जताया था कि दूषित पानी के सेवन से लोगों में डायरिया की शिकायत आई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति करने वाले स्त्रोत के पानी का सैंपल लिया था। शनिवार को जांच में पानी में कोलीफार्म वैक्टीरिया मिला। पुष्टि के बाद अब ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण स्त्रोत का पानी पीने से डर रहे हैं।

ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत में योजना बनाई गई है। अब तक ग्रामीणों को योजना से पानी नहीं दिया गया है। कई ग्रामीणों के घरों में योजना के कनेक्शन जोड़े गए हैं। उन्होंने जल्द योजना से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

# लगातार पेपर लीक होने पर फूंका पुतला

**▸▸ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर निष्पक्ष परीक्षा कराने की मांग की**

**▸▸ युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया**

चम्पावत में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा-अंडर ग्रेज्युट) परीक्षा से लेकर नेट परीक्षा पेपर लीक धांधली को लेकर कांग्रेस आक्रामक हो गई है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के निर्देश पर रविवार को

चम्पावत में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष पूरन सिंह कठायत के नेतृत्व में मोटर स्टेशन रोड पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का पुतला फूंका। पार्टी ने कहा कि निष्पक्ष परीक्षा आयोजित कराने में फेल रही मोदी सरकार युवाओं के भविष्य की अनदेखी कर रही है, 5 मई को आयोजित मेडिकल परीक्षा में धांधली के बाद 18 जून को हुई नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) का इम्तिहान स्थगित करने के साथ सीबीआई जांच के आदेश देने पड़े। आरोप लगाया कि मोदी राज में छह साल पहले बनी एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) परीक्षाओं की निष्पक्षता बनाने में नाकाम रही है। इससे देश के नौजवानों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह अधिकारी, बालादत्त थ्वाल, जिला प्रवक्ता अशोक वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. महेश ढेक, नगर उपाध्यक्ष विवेकानंद जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह बोहरा, केदार सिंह सामंत, कमल सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, कमल सिंह भंडारी, विवेक बोहरा, मुकेश राम, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

### राम कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**बनबसा :** राम कथा से पूर्व गायत्री शक्तिपीठ की महिलाओं ने नगर में निकाली कलश यात्रा। गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा 23 जून से 27 जून तक राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत रविवार को महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो पाटनी तिराहे, मुख्य बाजार, मीना बाजार से होते हुए वापस शक्तिपीठ मे जिसका समापन हुआ। कलश यात्रा में शक्तिपीठ के परिजनों के अलावा गायत्री परिवार नेपाल के परिजन भी शामिल हुए। कलश यात्रा में गायत्री परिवार के आलोक श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, संगीता मौर्य, पूर्व प्रधानाचार्य बंशीधर उपाध्याय, मीना जोशी, अमृता चौहान, मंजू उन्याल आदि महिलाएं शामिल हुईं।

### निजी वाहन में हूटर बजाने पर चालान

**अल्मोड़ा।** निजी वाहन में हूटर लगवाकर शोर मचाने वाले चालक को महंगा पड़ गया। रविवार को दन्या पुलिस ने जागेश्वर में यातायात चेकिंग के दौरान महिंद्रा थार संख्या यूपी 16 डीएस 5923 के चालक को हूटर बजाते हुए पकड़ा। मौके पर थानाध्यक्ष विजय नेगी ने चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए वाहन में लगे हूटर को निकाला गया। साथ ही चालक को भविष्य में अनाधिकृत हूटर नहीं बजाने की हिदायत दी।

सूराकोट गांव में शिव महापुराण कथा सुनते लोग। ● अमृत विचार

### शिव महापुराण कथा सुनने से पूरी होती है मनोकामना

**लोहाघाट :** बाराकोट ब्लाक के सूराकोट गांव के भगवती मंदिर में शिव महापुराण कथा रविवार को आठवें दिन भी जारी रही। कथा वाचक व्यास प्रकाश कृष्ण शास्त्री ने बारह च्योतिर्लिंगों की कथा सुनाई। कहा कि शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि आनंद देने वाली है। महापुराण सुनने मात्र से ही वंश में वृद्धि होती है। महापुराण कल्प वृक्ष के समान है, जो इसे जिस कामना के साथ सुनता है उसकी वह कामना पूरी होती है। कथा श्रवण करने के लिए रावलगांव, सिमलटुकरा, पाड़ासोंसेरा, इंद्रपुरी, लोहाश्री, सूरी गांवों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भुवन नाथ, पुष्कर नाथ, दिनेश नाथ, हरीश नाथ, कैलाश नाथ, गोविंद नाथ, सुंदर नाथ ने लोगों का स्वागत किया।

# शैली सेवन ने जीती टी-10 क्रिकेट ट्रॉफी

टी-10 रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा, संवाददाता

**अमृत विचार :** एनटीडी में स्व. योगेश तिवारी टी-10 रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया।

शनिवार रात फाइनल मुकाबले में शैली सेवन और ब्लू बड्र्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। शैली सेवन ने शानदार जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। रैमजे खेल मैदान में आयोजित फाइलन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य बनाने का आह्वान किया। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शैली सेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 80 रन बनाए। ब्लू बड्र्स की टीम 51 रन में ऑल आउट हो गई। शैली सेवन ने 29 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि कर्नाटक ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यहां गिरीश धवन, मनोज सनवाल, राजेंद्र गुरुरानी, महेंद्र बिष्ट, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

## उभरते खिलाड़ियों ने सीखीं बैडमिंटन की बारीकियां

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला खेल विभाग व बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया है। रविवार को भी शिविर में प्रतिभागी खिलाड़ियों को बैडमिंटन खेल की विभिन्न बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। हेमवती नंदन बहुगुणा इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कोच लोकेश नेगी और आशुतोष पंत ने उभरते बैडमिंटन खिलाड़ियों को खेल के बारीकियां सिखाई। वहीं, आगामी प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर यहां जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बग्याल, उत्तराखंड स्टेट बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी, डॉ. संतोष बिष्ट, पीएस सांगा, अतुल जोशी, राकेश जायसवाल, गोकुल मेहता, संजय नज्जौन, नंदन रावत सुरेश कर्नाटक, विजय प्रताप, अरविंद जोशी, सुरेंद्र सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

## बदलता बरेली..! 30 लाख में तय हुआ था 15 करोड़ के प्लॉट पर कब्जे का सौदा

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर करीब 15 करोड़ कीमत के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार को सड़क पर डेढ़ घंटे तक फायरिंग की जिस घटना ने बरेली में अपराध का नया इतिहास बना दिया, उसे अंजाम देने के लिए 30 लाख रुपये कीमत अदा कर किराए के गुंडे बुलाए गए थे। कथित रूप से कोर्ट के एक आदेश के साथ राजीव राणा पक्ष पुलिस को लेकर सुबह छह बजे प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचा तो वहां हथियारों से लैस ये गुंडे भी मौजूद थे। इज्जतनगर पुलिस ने इस मामले में जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी तो दिखाई लेकिन माना जा रहा है कि यह अंदाजा उसे भी नहीं था कि मौके पर गैंगवार की भी पूरी तैयारी पहले ही की जा चुकी है। एंटी भूमाफिया और अपराधियों के पलायन कर जाने के दावों बीच शनिवार को बरेली में जो माफिया के बढ़ते हौसले और ताकत का खुला प्रदर्शन किया गया, उसके पीछे कई दिनों की लंबी तैयारी बताई जा रही है। इस मामले में गिरफ्तार एक आरोपी के मुताबिक प्लॉट पर कब्जा करने के लिए 30 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। यह सौदा हिस्ट्रीशीटर केपी यादव ने अपने एक दोस्त के जरिए तय कराया था। इसके बाद अवैध हथियारों के साथ शहर से देहात तक के किराए के तमाम गुंडों को बुलाया गया था। राजीव राणा पक्ष की ओर से इन गुंडों के साथ शहर से कुछ दूर की गई पार्टी में पहले ही पूरी प्लानिंग भी समझा दी गई थी। इस प्लानिंग के बाद शुक्रवार देर रात ये सभी शहर के एक होटल में इकट्ठे हो गए थे। कुछ घंटे यहीं काटे और फिर योजना के तहत शनिवार सुबह पीलीभीत बाईपास पर पहुंचकर प्लॉट पर कब्जा शुरू कर दिया गया। काफी तोड़फोड़ होने के बाद जब आदित्य उपाध्याय पक्ष को इसका पता चला तो विरोध हुआ और फिर ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गईं।

# आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच से बढ़ रहा : शाह

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने की बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा, आधुनिक तकनीक के विस्तार पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की। शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर चर्चा हुई।

उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया।

नई दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

- सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बाढ़ प्रबंधन परामर्श लागू करने की अपील

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की।

उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल जांच करनी चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए। शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए।

### ब्रह्मपुत्र का पानी मोड़कर कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन करें विकसित

शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ मॉक ड्रिल की ज़रूरत पर बल दिया। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग से निपटने के लिए मैनुअल तैयार करने को भी कहा। बैठक में भारतीय मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी विभागों ने मानसून को लेकर हुई तैयारियों और कार्ययोजना के बारे में बताया। दो घंटे चली बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, राज्यों के गृह सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं नदी संरक्षण पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयों के अधिकारी, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य एवं सचिव, एनडीआरएफ और मौसम विभाग के महानिदेशक, केंद्रीय जल आयोग, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म के आरोप में एसआई के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक शादीशुदा महिला कांस्टेबल के साथ दुष्कर्म और उत्पीड़न के आरोप में 32 वर्षीय पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह अपराध 2020 से जुलाई 2022 के बीच सानपाड़ा इलाके में हुआ था। आरोपी ने 26 वर्षीय पीड़िता से दोस्ती की और उसे शादी का झांसा देकर सानपाड़ा के फ्लैट में उससे कई मौकों पर कथित दुष्कर्म किया। दोनों ही मुंबई पुलिस में हैं। आरोपी ने पीड़िता से समय-समय पर 19 लाख रुपये भी लिए, लेकिन उसने केवल 14.6 लाख रुपये ही लौटाए। आरोपी ने महिला का पीछा भी किया। साथ ही पीड़िता को अपने पति को छोड़ने के लिए भी कहा और ऐसा न करने पर उसे मारने की धमकी दी। महिला द्वारा मुंबई के पंत नगर पुलिस थाने में दी गई शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी।

# तमिलनाडु शराब कांड की हो सीबीआई जांच : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार की ओर से संचालित तस्माक दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब

- बोलीं- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी को इस मामले पर देना चाहिए बयान

परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।

उन्होंने उस मामले में गांधी और खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी का शव बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने घुसपैठ-रोधी अभियान के दौरान मारे गए एक आंतकवादी का रविवार को शव बरामद किया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा, उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किए गए घुसपैठ-रोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है। अभियान अभी भी जारी है। सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद उरी सेक्टर के गोहल्लान इलाके में घुसपैठ-रोधी अभियान शुरू किया था।

### आत्महत्या से पहले बेटी मां व कुत्ते को मारी गोली

**चंडीगढ़।** पंजाब के बरनाला जिले में एक व्यक्ति ने अपनी मां, बेटी और कुत्ते की गोली मारकर हत्या करने के बाद अपनी भी जान ले ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम रामराज्य कॉलोनी में व्यक्ति के घर यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि कुलबीर मान सिंह ने रिवॉल्वर से पहले अपनी बेटी निमरत कौर (21) को और अपनी मां बलवंत कौर (85) तथा पालतू कुत्ते को गोली मारी। इसके बाद व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मान लंबे समय से तनाव में था। मान की बेटी हाल ही में कनाडा से लौटी थी। उसने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षा व्यवस्था माफिया के हवाले : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'नीट-यूजी' सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को माफिया और भ्रष्टाचारियों के हवाले कर दिया है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के ठीक एक दिन पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार निकाय एनटीए के कामकाज की समीक्षा और परीक्षा में सुधार की सिफारिशों के लिए समिति गठित की है। केंद्र सरकार ने शनिवार को एजेंसी के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया और नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी।

प्रियंका ने एक्स पर कहा कि नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक हुआ, वहीं नीट-पीजी, यूजीसी नेट और सीएसआईआर-नेट रद कर दिए गए। देश की बड़ी परीक्षाओं का यह हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफिया-भ्रष्टाचारियों के हवाले है। लालची-चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंपने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद, कैंपस से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।

### नीट घोटाले का जिम्मा सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं पर एनटीए की नौकरशाही में फेरबदल पर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए को स्वायत्त निकाय बताया गया लेकिन असल में इसे भाजपा/आरएसएस के हितों को पूरा करने के लिए बनाया गया। उन्होंने ये बाते एक्स किए पोस्ट में कही।

## गोहत्या मामलाः मध्यप्रदेश के मुरैना में दो आरोपियों के खिलाफ लगाई रासुका

**मुरैना (मध्यप्रदेश)।** मुरैना जिले के गांव से गोमांस बरामद होने के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोहत्या की शिकायत के बाद पुलिस ने जिले के नूराबाद गांव की बंगाली कॉलोनी स्थित मकान से गोमांस और गाय की खाल जब्त की थी। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आदर्श शुक्ला ने बताया कि अनिपाल गुर्जर ने शिकायत दी थी कि उसने कुछ लोगों को गोहत्या करते देखा और जब उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उस पर हमला किया। दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। एएसपी अरविंद ठाकुर ने बताया कि आरोपी असगर और रेतुआ पर रासुका के तहत मामला दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया।

# मणिपुर में फिर गोलीबारी, सुरक्षा बलों को भेजा गया

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में दो संघर्षरत समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है। रविवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां चलानी शुरू कीं।

- एक घंटे हुई गोलीवार, कोई हताहत नहीं हुआ :पुलिस

उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी गोलीबारी की। इलाके में स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया गया है। अधिकारी ने बताया कि एक घंटे बाद गोलीबारी थम गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

# बैराज के सभी फाटक हरियाणा ने किए बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी।

आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनका अनशन तीसरे दिन, रविवार को भी जारी है। आप ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। मंत्री ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने पूछा कि जब उसके पास पर्याप्त आपूर्ति नहीं है तो वह दिल्ली के लिए पानी

कैसे छोड़ेगी। आतिशी ने दावा किया, लेकिन शनिवार जब कई पत्रकार हथिनीकुंड बैराज पर गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, तो सभी ने फोटो खींचे और वीडियो बनाए, जिसमें साफ दिख रहा है कि बैराज में पानी है, लेकिन जिन गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, वे बंद हैं।

उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा सरकार से विनती करती हूं कि हथिनीकुंड बैराज के गेट खोल दीजिए। दिल्ली वालों का पानी छोड़ दीजिए। दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए।

### जल संकट पर आप प्रतिनिधि उपराज्यपाल से मिले

**नई दिल्ली।** आप के प्रतिनिधिमंडल ने जल संकट को लेकर रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद संजय सिंह और आप विधायक सोमनाथ भारती 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने सक्सेना से मुलाकात की। भारद्वाज ने कहा, मानसून 28 जून के आसपास आने की उम्मीद है। शिमला समेत हिमाचल प्रदेश में बारिश शुरू हो चुकी है। यह एक सप्ताह की बात है। हमने उनसे इस एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलाने का अनुरोध किया है। सक्सेना ने उन्हें इस मामले में हरियाणा सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है।

## महिला की हत्या कर ट्रेनों में रखे शव के टुकड़े, 60 वर्षीय व्यक्ति धराया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** उज्जैन में दुष्कर्म में नाकाम रहने पर महिला की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े अलग-अलग यात्री ट्रेनों में रखने के आरोप में जीआरपी ने रविवार को 60 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

जीआरपी अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय महिला के हाथ और पैर ऋषिकेश में यात्री ट्रेन में 10 जून को मिले थे, जबकि उसके शरीर के बाकी हिस्से इंदौर में एक अन्य यात्री ट्रेन से नौ जून को मिले थे। जीआरपी की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने बताया कि महिला की नृशंस हत्याकांड के आरोप में कमलेश पटेल (60) को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि रतलाम जिले की महिला पति से झगड़े के बाद 6 जून को घर छोड़कर चली गई थी। परिवार ने 12 जून को बिलपांक पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महिला उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। पटेल महिला को घर ले गया और उसे भोजन में नींद की गोली मिलाकर दी। नींद आने पर पटेल ने दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन नींद खुल गई और महिला ने शोर मचा दिया। पटेल ने रस्सी से गला घोटकर महिला की हत्या कर लाश के टुकड़े ट्रेन में रख दिए ताकि उसकी पहचान न हो सके।

## कारोबार/कृषि

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5700 मसूरी- 4700 बासमती- 9500 परमल- 3600 दाल दलहन : काला चना- 7500-7700 साबुत चना दाल- 6800-7600 मूंग साबुत- 10200-10500 राजमा- 11500-17000 दाल उड़द- 10800-11200 साबुत मसूर दाल- 7300 मसूर दाल- 7500-8500 उड़द साबुत- 11500-12000 काबुली चना- 11800-12700 अरहर दाल- 16000-17000 लोबिया/करमानी- 8500-8700 सोयाबीन- 4100 मूंगफली- 10000-11500 मटर (सूखी)- 5100-5300 मक्का- 1700-3000

### इलेक्ट्रॉनिक की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर होगी 240 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक और सब-असेंबली की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर 240 अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान है। उद्योग मंडल सीआईआई की रिपोर्ट में कहा गया कि इनमें मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि जैसे कुछ कलपुर्जे शामिल हैं, जिन्हें आयात किया जाता है।

# राज्यों को समय से पहले मुआवजा दे सकता है केंद्र

## जीएसटी क्षतिपूर्ति : केंद्र ने 2020-21 और 2021-22 में राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ का लिया था कर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति के तहत राज्यों को मुआवजा देने को लिए गए कर्ज का समय से पहले भुगतान कर सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में जीएसटी राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

उन्होंने बताया कि कर्ज को तय समय से चार महीने पहले नवंबर, 2025 तक चुकाया जा सकता है। बाजार से लिए गए कर्ज का पूरा भुगतान मार्च, 2026 तक किया जाना था। अधिकारी ने कहा कि अगस्त में जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है। माल और सेवा कर लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए मुआवजा उपकर को शुरू में पांच साल के लिए लाया गया था। क्षतिपूर्ति

- तय समय से चार महीने पहले नवंबर 2025 तक चुकाया जा सकता है कर्ज
- बाजार से लिए कर्ज का भुगतान मार्च 2026 तक किया जाना था

उपकर जून, 2022 में खत्म हो गया, लेकिन लेवी के जरिये जमा की गई राशि का उपयोग केंद्र द्वारा कोविड-19 के दौरान उधार लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन को चुकाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में शनिवार को कर्नाटक ने क्षतिपूर्ति उपकर लगाने, ऋण राशि के पुनर्भुगतान और आगे की व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा उठाया था। अधिकारी ने कहा कि राज्यों को बता दिया गया है कि ऋण राशि का भुगतान जल्दी किया जा सकता है। मार्च, 2026 के बजाय नवंबर, 2025 तक ऐसा हो सकता है। इसलिए नवंबर, 2025 से आगे उपकर राशि का बंटवारा कैसे किया जाएगा, इस सब पर अगली परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।

### जीएसटी परिषद तीन मंत्री समूहों का करेगी पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए। परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। गठित समूह में ओडिशा से वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है।

### जीएसटी भुगतान से पहले बिक्री रिटर्न फॉर्म में संशोधन संभव

**नई दिल्ली।** जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन का विकल्प होगा। परिषद ने बैठक में करदाताओं को कर अवधि के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 में विवरण संशोधित करने और अतिरिक्त विवरण जोड़ने की सुविधा के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1ए के जरिए नयी वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख और पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटीआर-1 में दिए विवरण में संशोधन की अनुमति से कर भुगतान से पहले लिपिकीय और अनजाने में होने वाली गलती को सुधारने का एक मौका मिलेगा।

# सऊदी अरब में इस्पात संयंत्र जल्द स्थापित करेगा एस्सार

नई दिल्ली, एजेंसी

एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। समूह के शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है। यह मंजूरी किसी भी समय मिल सकती है, जिसके बाद समूह सऊदी अरब में रास अल-खैर में बंदरगाह सुविधाओं के साथ 40 लाख टन सालाना क्षमता के इस्पात संयंत्र पर काम शुरू कर देगा।

समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक रुइया ने कहा कि हमें अब भी सभी अंतिम मंजूरियां नहीं मिली हैं। यह संयंत्र सऊदी अरब की घरेलू इस्पात मांग को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब एक बड़े वृद्धि

- 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा एस्सार

के दौर में है। वहां आज बड़ी मात्रा में इस्पात का आयात किया जाता है। ऐसे में मूल रूप से यह एक घरेलू संयंत्र होगा। तेल से समृद्ध सऊदी अरब की नजर इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण केंद्र बनने पर है। 2030 तक उसका लक्ष्य सालाना तीन लाख कारों के विनिर्माण पर है। एस्सार समूह ऐसी कारों के साथ-साथ अन्य उपभोक्ता सामान उद्योग की ओर से आने वाले इस्पात की मांग का लाभ उठाना चाहता है।

## एफपीआई ने जून में अब तक शेयरों में 12,170 करोड़ रुपये किए निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये निवेश किए हैं।

नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586

करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ से अधिक की राशि निकाली थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपये रही है।

### ई-कॉमर्स निर्यात बढ़ाने को राजस्व विभाग व डीजीएफटी कर रहे काम

**कोलकाता।** देश से ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) राजस्व विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। देशभर में निर्दिष्ट ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे ऑनलाइन निर्यात को सुसंगत बनाया जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार देश का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर है, जबकि चीन का 350 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक सहयोगी ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करके इस अंतर को पाटना है। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने कहा कि इस संबंध में बहुत चीजें सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। हम राजस्व विभाग के साथ ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित करने पर काम कर रहे हैं, ताकि माल की खेप को मंजूरी में तेजी लाई जा सके। इन केंद्रों में समर्पित सीमा शुल्क और जांच जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे पहले से मंजूरी प्राप्त पार्सल को हवाई अड्डों पर ग्रीन चैनल से आगे बढ़ाया जा सकेगा और आगे इनकी जांच की जरूरत नहीं होगी।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट

- 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ी, 831 अन्य देरी से चल रहीं
- मई, 2024 तक इन पर 17,07,190.15 करोड़ हो चुके हैं, खर्च जो लागत का 51.3% है

में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3% है। मंत्रालय ने कहा है कि समयसीमा के हिसाब से देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या 554 पर आ जाएगी। 831 परियोजनाओं में से 245 एक से 12 महीने, 188 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने देरी से चल रही हैं।

## 10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

# टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित

## हमारे खिलाड़ी हर परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परख रहे हैं

एंटीगा, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बंगलादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 स्कोर तक पहुंच गए।

मुझे नहीं लगता कि टी-20 में यह मायने रखता है कि आप कितने अर्धशतक या शतक लगा रहे हैं बल्कि यह अधिक जरूरी है कि आप विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में कितने सफल हैं। मैंने पिछले मैच के बारे में भी कहा था कि सूर्या के साथ उनकी साझेदारी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण थी। हमें हार्दिक की क्षमता का पता है। आज उन्होंने इस बात की मिसाल पेश की कि वह बल्ले के साथ क्या कमाल दिखा सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा कि इंटेंट के साथ बल्लेबाजी करना अहम है।

भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है और आठ नंबर पर बल्लेबाजी विकल्प के रूप में भारत के पास रवींद्र जडेजा हैं। इससे भारत के शीर्षक्रम को छूट के साथ बल्लेबाजी करना का अवसर मिला है।

### शर्मा अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को जल्द बाहर करने की फिराक में

**ग्रोस आइलेट।** आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिये यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा।

- विराट कोहली पर होंगी सभी की निगाहें
- टीम शीर्षक्रम के प्रदर्शन का कर रही इंतजार
- भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है
- पंड्या ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर दिया जवाब

**टीमें : भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

**मैच का समय : रात आठ बजे से।**

## मेरी सबसे कठिन परीक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी : कुलदीप यादव

**ग्रोस आइलेट, एसेंसी।** कुलदीप यादव टी-20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं। जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिये और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाये रखना जरूरी है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।

## खेल डायरी

### नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

### पूर्व ओलंपियनों के लिए चिकित्सा बीमा

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को यहां कहा कि देश का यह शीर्ष खेल निकाय सभी पूर्व ओलंपियनों के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजना लाने योजना तैयारी की है। उषा ने आईओए की कार्यकारी समिति को सिफारिशें प्रस्तावित की हैं जिन पर जल्द ही चर्चा होगी। उषा को यह विचार भारतीय तीरंदाज लिंबा राम की दुर्दशा को देखने के बाद आया। उषा ने यहां अपने आवास पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर महान भारतीय खिलाड़ी गुरबचन सिंह रंधावा को सम्मानित किया।

### भारतीय टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में जीता कांस्य

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं।

### रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भक्त महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गयी।

# जीत के साथ इंग्लैंड सेमीफाइनल में

ब्रिजटाउन, एजेंसी

गत चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में सह मेजबान अमेरिका को 62 गेंद रहते 10 विकेट से हराकर अपना सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बन गई।

इससे पहले इंग्लैंड के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका की टीम ने सुपर आठ के अपने आखिरी मैच में 18.5 ओवर में 115 रन पर सिमट गयी। अमेरिका के लिए नितीश कुमार 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कोरी एंडरसन ने 29 रन और हरमीत सिंह ने 21 रन का योगदान दिया। क्रिस जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके। सैम करन और आदिल रशीद ने दो दो जबकि रीस टॉप्ले और लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इससे पहले चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में अमेरिका के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

अपने आखिरी मुकाबले में 10 विकेट से जीतने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

## वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ खेलों में भारत को रिकॉर्ड 32 पदक

**नयी दिल्ली।** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के चार अधिकारियों ने फ्रांस में आयोजित 'वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ' खेलों में रिकॉर्ड 32 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक, मेजर अनीश जॉर्ज, कैप्टन स्टीफन सेबेस्टियन और कैप्टन डानिया जेम्स (महिला वर्ग में) ने सेंट ट्रोपेज में आयोजित खेलों के 43वें चरण में 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पेशेवर चिकित्सकों के 'ओलंपिक खेल' माने जाने वाले इन खेलों में कैप्टन सेबेस्टियन ने छह स्वर्ण पदक जीते।

# भारत ने किया अफ्रीका का सूपड़ा साफ

दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सीरीज पर कब्जा करने के बाद भारतीय महिला टीम ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुई।

बेंगलुरु, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की।

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा। लॉरा ने 57 गेंद पर 7 चौकों लगाए और तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले। अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने (43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय

| खिलाड़ी | बनाम | वर्ष | रन |
|---|---|---|---|
| स्मृति | द. अफ्रीका | 2024 | 342 |
| जया शर्मा | न्यूजीलैंड | 2003 | 309 |
| मिताली | ऑस्ट्रेलिया | 2004 | 289 |
| मिताली | इंग्लैंड | 2010 | 287 |
| पूनम | द. अफ्रीका | 2021 | 263 |

### तीन मैचों की श्रृंखला

- मंधाना शतक से चूकी, 90 रन की खेली तूफानी पारी
- भारतीय महिला टीम ने सीरीज पर किया 3-0 से कब्जा

### स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका 215/8 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लॉरा वोलवार्ट का एवं बो अरुंधति | 61 | 57 | 7/0 |
| तैजमिन रन आउट (श्रेयंका/ रिचा) | 38 | 66 | 2/1 |
| मारिजेन कैप का एवं बो पाटिल | 07 | 20 | 0/0 |
| एनेके बॉश का एवं बो अरुंधति | 05 | 09 | 1/0 |
| सुने लूस बो वस्त्राकर | 13 | 23 | 1/0 |
| नेदिन डि क्लर्क बो दीप्ति | 26 | 46 | 2/0 |
| नोनदुमिसो रन आउट (दीप्ति / घोष) | 16 | 29 | 2/0 |
| मेइके डि रिडर नाबाद | 26 | 31 | 2/0 |
| नॉनकुलुलेको म्लाबा बो दीप्ति | 00 | 01 | 0/0 |
| तुमी सेखुकुने नाबाद | 06 | 18 | 0/0 |

**अतिरिक्त** -17 रन, **विकेट पतन :** 1-102, 2-104, 3-114, 4-120, 5-143, 6-174, 7-178, 8-178

**गेंदबाज :** श्रेयंका 10-0-35-1, अरुंधति 10-0-36-2, वस्त्राकर 9-0-54-1, दीप्ति 10-0-27-2, राधा 10-0-46-0, मंधाना 1-0-10-0।

**भारत 220/4 (40.4ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना कैच खाका बो म्लाबा | 90 | 83 | 11/0 |
| शैफाली वर्मा कैच बॉश बो सेखुखुने | 25 | 39 | 4/0 |
| प्रिया पुनिया कैच बॉश बो खाका | 28 | 40 | 3/1 |
| हरमनप्रीत रन आउट | 42 | 48 | 2/0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 19 | 31 | 1/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 06 | 03 | 0/1 |

**अतिरिक्त**- 10 रन, **विकेट पतन :** 1-61, 2-123, 3-171, 4-214

**गेंदबाज :** खाका 9-0-38-1, डि क्लर्क 8-0-45-0, सेखुकुने 8.4-0-43-1, म्लाबा 10-1-55-1, शेनगेस 5-0-37-0।

# ऑस्ट्रेलिया पर अफगान की ऐतिहासिक जीत

ऑस्ट्रेलिया पर जीत मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

किंग्सटाउन, एजेंसी

रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

यह जीत इसलिये ऐतिहासिक है क्योंकि अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारुप में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया है वो भी विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट में। इसी जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। अगर अफगानिस्तान, बंगलादेश को हरा देता हैं और भारत, ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंच जायेगा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकार्ड 118 रनों की साझेदारी करते हुए पारी की शानदार शुरुआत की। 16वें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने रहमानउल्लाह गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रहमानउल्लाह गुरबाज ने 49 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

इसके बाद 17वें ओवर में एडम जम्पा ने अजमतउल्लाह उमरजई (2) को आउट कर दूसरी और इसी ओवर की आखिर गेंद पर इब्राहिम जदरान को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरी सफलता दिलाई। इब्राहिम जदरान ने 48 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (51) रनों की पारी खेली।

### टी-20 वर्ल्ड कप

- अफगानिस्तान ने 21 रनों से दी करारी शिकस्त
- रहमानउल्ला गुरबाज और इब्राहिम ने जड़ा अर्धशतक
- गुलबदीन नईब ने 4 ओवर में 4 विकेट लेकर दिए 20 रन

**60** रन गुरबाज ने 4 छक्के व 4 चौके की मदद से बनाए

**51** रन जदरान ने 6 चौकों की मदद से 48 गेंदें खेल कर बनाए

### सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.650 |
| बंगलादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.489 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.625 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.814 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.412 |
| अमेरिका | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.908 |

### जीत की खुशी में पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी-20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

**यूरो कप** | बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंचे

# बेल्जियम ने रोमानिया को दी शिकस्त

कोलोन (जर्मनी), एजेंसी

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।

बेल्जियम के गोलकीपर कोएन कैस्टेल्स (ऊपर बाईं ओर) गोल को रोकत हुए।

### यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा

**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी। पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा।

# विंडीज व अफ्रीका के बीच करो या मरो का मुकाबला

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

मेजबान वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जायेगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं, लेकिन उसे भी जीत जरूरी है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी नेट रनरेट पर टिकेगा।

**टीमें : दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**मैच का समय : सुबह छह बजे से।**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# चुनाव की तारीख को लेकर सट्टेबाजी में घिरा कंजर्वेटिव पार्टी के एक और नेता

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को एक बार फिर आलोचना का सामना करना पड़ा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को रविवार को एक बार फिर आलोचना का सामना पड़ा क्योंकि उनकी पार्टी के एक और वरिष्ठ पदाधिकारी पर आम चुनाव की तारीख पर सट्टा लगाने का आरोप लगा है। देश में आम चुनाव के लिए चार जुलाई की तारीख तय की गई है। यह मामला चुनाव की तारीख घोषित किए जाने से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने से संबंधित है। इससे पहले भी सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पर आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का मामला सामने आ चुका है, जिसकी जांच जारी है।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सामने आए आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे जबकि अब पता चला है कि कंजर्वेटिव पार्टी के मुख्य डेटा अधिकारी की भी जुआ-रोधी नियामक द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने के आरोप में जांच की जा रही है। इस संबंध में द संडे टाइम्स की रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद निक मेसन ने किसी भी तरह का गलत कार्य करने से इनकार किया है। यह सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक नया झटका है, जो पहले से ही सभी चुनाव-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों में विपक्षी लेबर पार्टी से बहुत पीछे चल रही है।

इससे पहले, सुनक के चुनाव अभियान की अगुवाई कर रहे टोनी ली और उनकी पत्नी लॉरा सैंडर्स पर चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का आरोप लगा था। ब्रिटेन में सट्टेबाजी कानूनी है, लेकिन अंदरूनी जानकारी का लाभ उठाकर सट्टा लगाना गैरकानूनी है। सुनक ने इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा था, कई जांच चल रही हैं। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे न केवल कानूनी कार्रवाई का सामना करना चाहिए, बल्कि मैं यह भी सुनिश्चित करूंगा कि उसे कंजर्वेटिव पार्टी से बाहर निकाल दिया जाए।

## प्रकृति



कोलकाता में गंगा नदी के तट से डूबते सूरज का मनोरम दृश्य। ● एजेंसी

# यूएई पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान के साथ व्यापक वार्ता करने के लिए रविवार को अरब देश की यात्रा पर पहुंचे हैं। जयशंकर और अल-नाहयान के द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के समग्र परिदृश्य की समीक्षा करने का अवसर उपलब्ध कराएगी। उसने एक संक्षिप्त बयान में कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इसमें कहा गया है, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में बेहतर हुए हैं।

- द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर भी चर्चा की उम्मीद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। दोनों देशों ने आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए फरवरी 2022 में विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## एक नजर

### अमेरिका के ओहायो में गोलीबारी में 10 घायल

**ओहायो।** अमेरिका के ओहायो राज्य की राजधानी कोलंबस में हुई गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से कहा कि गोलीबारी रविवार तड़के शॉर्ट नॉर्थ आर्ट्स जिले में हुई। कोलंबस पुलिस विभाग ने कहा कि सभी घायल पुरुष हैं। गोलीबारी के संदिग्ध की पुलिस तलाश कर रही है जो सफेद रंग की होंडा सिटी में फरार हो गया था।

### यूक्रेन ने रूस में 30 से अधिक ड्रोन भेजे

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस की बमबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिसके कुछ ही घंटों बाद शनिवार रात रूस के पश्चिमी क्षेत्रों में 30 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि चार बमों में से एक शनिवार दोपहर पांच मंजिला आवासीय इमारत पर गिरा। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि 41 घायलों का इलाज जारी है।

### केन्या में कर वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन, दो की मौत

**नैरोबी।** केन्या में कर वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। सिटीजन डिजिटल समाचार पोर्टल ने रविवार को यह जानकारी दी। स्टार अखबार ने बताया कि केन्या में एक मसौदा बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 200 अन्य घायल हो गए। स्टार ने बताया कि केन्या की राजधानी नैरोबी में कर वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसके कारण पुलिस को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा।

### मध्य चीन काउंटी में भूस्खलन, 8 लापता

**चांग्शा।** मध्य चीन के हुनान प्रांत में रविवार तड़के भूस्खलन के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूस्खलन हुआइहुआ शहर के शिन्हुआंग डोंग स्वायत्त काउंटी के डौक्सी गांव में हुआ और इसकी सूचना रविवार सुबह करीब 4 बजे काउंटी के आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र को दी गई। इससे चार मकान ढह गए। घटनास्थल पर मौजूद अन्य सभी लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है और बचाव कार्य जारी है।

# शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में कजाकिस्तान नहीं जाएंगे मोदी

## मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से प्रधानमंत्री ने लिया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

तीसरी बाद भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सम्मेलन में उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन में मोदी के शामिल नहीं होने से कई तरह के सवाल खड़े होंगे। हालांकि एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से भी प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, पहले वह एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाने थे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल,

- 3-4 जुलाई को अस्ताना में आयोजित होगा शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन

एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके सदस्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। वर्तमान में शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन में 8 देश कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान जैसे 8 देश सदस्य हैं। वहीं, अफगानिस्तान, ईरान, बेलारूस और मंगोलिया पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। जायसवाल ने सिर्फ इतना कहा कि इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है। जो 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के अलावा, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 2 से 4 जुलाई के बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे।

### 2 साल बाद पुतिन से मिलने का मौका था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 साल से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से नहीं मिल पाए हैं। दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात 2022 में उज्बेकिस्तान में हुए सम्मेलन में ही हुई थी। 2023 में सम्मेलन भारत में होना था। तब भी सरकार ने शेड्यूल का हवाला देकर इसे ऑनलाइन करने का फैसला किया। वहीं भारत ने एससीओ मंच का इस्तेमाल सदस्य देशों, खासकर पाकिस्तान और चीन को बार-बार ये याद दिलाने के लिए किया है कि ग्रुप का एक मूल उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना था। साथ ही यह भी कि सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें।

## लाल सागर में जहाज पर ड्रोन से हमला

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में एक जहाज पर ड्रोन से हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में यह नवीनतम हमला है। यह हमला ऐसे समय में किया है जब अमेरिका ने लाल सागर में आठ महीने तक तैनात रखने के बाद अपने युद्ध पोत यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर को बुला लिया है। हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए इन हमलों के कारण एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोपीय बाजारों तक समुद्र के रास्ते वस्तुओं की आपूर्ति करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# नेतन्याहू ने हथियारों की आपूर्ति में कमी आने की बात दोहराई

तेल अवीव, एजेंसी

- अमेरिका ने नेतन्याहू के दावों को कुछ दिन पहले नकार दिया था

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अपने दावे को दोहराते हुए मंत्रिमंडल को बताया कि गाजा में इजराइल के अभियान के लिए अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति में नाटकीय गिरावट आई है। नेतन्याहू ने कुछ दिन पहले भी यही दावा किया था जिससे अमेरिका ने नकार दिया था।

नेतन्याहू ने अपने मंत्रिमंडल को बताया कि हथियारों की आपूर्ति चार महीने पहले हुई थी, लेकिन यह नहीं बताया कि किस हथियार की आपूर्ति की गई थी। उन्होंने केवल इतना कहा कि कुछ सामग्री छिटपुट रूप से पहुंचीं, लेकिन अधिकांश हथियार वहीं रह गए। नेतन्याहू ने मंत्रिमंडल को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों से आपूर्ति में तेजी लाने के लिए कई सप्ताह तक अनुरोध के बाद पिछले सप्ताह उन्हें एक वीडियो जारी करना पड़ा।

# श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे पकड़े

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाया

श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गयी।

समाचार पोर्टल द न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया। श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गायन विक्रमसूर्या ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया जाएगा। पिछले सप्ताह, चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में उनके ट्रॉलर (मछली पकड़ने में इस्तेमाल की जाने वाली नौका) को जब्त कर लिया था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि ताजा घटना से पहले 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 180 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनके 25 ट्रॉलर जब्त किए गए थे।

# फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को मंजूरी दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया फैसला

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को रविवार को मंजूरी दे दी। पीओके में पिछले महीने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की छह पलाटून तीन महीने के लिए क्षेत्र में तैनात की जाएंगी।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती का यह फैसला, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के खिलाफ नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ एक बड़ा अभियान शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आया है। महंगाई और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने किया और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में व्यापारी इसमें अग्रणी भूमिका में थे। जियो न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया, यह घटनाक्रम विवादित क्षेत्र के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक और गृह मंत्री मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात के बाद हुआ। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने कानून और व्यवस्था की स्थिति, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, साथ ही विवादित क्षेत्र के अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर चर्चा की।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पीटीआई का पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन
- आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली करने के आरोप लगे थे

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने रविवार को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में विफल रहने के कारण मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग दोहराई और पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह बात मीडिया की खबरों में कही गई है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में बताया गया है कि खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया और नेशनल असेंबली (संसद का निचला सदन) के अन्य सदस्यों के साथ राजधानी इस्लामाबाद में संसद से पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के कार्यालय तक एक रैली निकाली। नेता प्रतिपक्ष और पीटीआई के नेता उमर अयूब के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव में कथित धांधली को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजा और निर्वाचन आयोग के सदस्यों के इस्तीफे की मांग की। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए विवादास्पद आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली किये जाने के आरोप लगे थे। इस दौरान पार्टी के संस्थापक और क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने खान की रिहाई के लिए नारे भी लगाए गए।

### पर्यटक की हत्या के आरोप में 23 लोग गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की पुलिस ने स्वात शहर में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी करने वाले एक पर्यटक की पीट-पीटकर हत्या करने के सिलसिले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में आई खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गयी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की मदयान तहसील में बृहस्पतिवार को गुस्साई भीड़ ने मुहम्मद इस्माइल (40) की गोली मारकर हत्या कर दी और उसे पूरे कस्बे में घसीटते हुए ले गए तथा बाद में सार्वजनिक रूप से उसे फांसी पर लटका दिया। इस्माइल पंजाब प्रांत के सियालकोट का रहने वाला था। भीड़ ने मदयान पुलिस थाने को भी आग के हवाले कर दिया था। इस्माइल पर कुरान के पन्ने जलाने का आरोप था। इस घटना में पांच पुलिसकर्मी और 11 स्थानीय लोग घायल हो गए थे।

# गाजा संघर्ष को लेकर नहीं बदलेगा श्रीलंका का रुख

कोलंबो, एजेंसी

- विक्रमसिंघे बोले- पांच साल में हो फिलिस्तीन की स्थापना

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को पांच साल के अंदर एक अलग फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के लिए श्रीलंका के अटूट समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की वर्तमान दिवालिया अर्थव्यवस्था के बावजूद उदार सार्वजनिक योगदान से उनकी सरकार के गाजा बाल कोष में दस लाख डॉलर एकत्र किए गए, जिन्हें दान कर दिया गया है।

विक्रमसिंघे ने ये टिप्पणियां गाजा के प्रभावित लोगों के लिए पूर्वी प्रांत के मुस्लिम बहुल कट्टनकुडी में जुम्मा मस्जिद में आयोजित विशेष सेवा में भाग लेने के दौरान कीं।

उन्होंने कहा, गाजा संघर्ष को लेकर श्रीलंका का रुख कभी नहीं बदलेगा, पांच साल में एक स्वतंत्र फलस्तीन देश की स्थापना के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए और नागरिकों की हत्या बंद होनी चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा, हमास से जुड़ी समस्याओं का फर्क आम लोगों पर नहीं पड़ना चाहिए। इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का समाधान अलग से किया जाना चाहिए। श्रीलंका सरकार ने देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था के दिवालिया होने के बावजूद गाजा बाल कोष की स्थापना का निर्णय लिया।

## बॉलीवुड हलचल

### पवन सिंह की बायोपिक का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक पवन सिंह की रियल और रील लाइफ बनी भोजपुरी फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी स्टार के जीवन पर आधारित बायोपिक फिल्म में खुद उसी अभिनेता ने खुद का किरदार जिया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार है जब फिल्म पवर स्टार खुद पवन सिंह ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। इस फिल्म में पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका है। फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फ़िल्म पवन सिंह की लाइफ स्टाइल पर आधारित है, रीयल लाइफ में जैसे पवन सिंह हैं, वैसे ही इस फ़िल्म में भी वे दिखेंगे। मैड्ज मूवीज बैनर के तले बिग स्केल पर बनाई गई भोजपुरी फिल्म पावर स्टार के प्रोड्यूसर मधु शर्मा और समीर आफ़ताब हैं। इस फ़िल्म का निर्देशन फिरोज खान ने किया है। फिल्म पावर स्टार में पवन सिंह, मधु शर्मा, पीयूष सुहाने, मनोज सिंह टाइगर, प्रकाश जैस, युगांत पांडे, संजय वर्मा, अजय पटेल, इंद्रेश त्रिपाठी, उजैर खान, हेमलाल कौशल, सुजीत सार्थक, अभिषेक नजर आएंगे।

### 72 वर्ष के हुए बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर आज 72 वर्ष के हो गये। राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ। वर्ष 1975 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लिये वह मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान वह निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा के ऑफिस में एक छोटे से कमरे में रहकर संघर्ष किया करते थे। राज बब्बर ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म सौ दिन सास के से की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री रीना राय के पति की भूमिका निभाई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी लेकिन अभिनेत्री प्रधान फिल्म होने के कारण उन्हें अधिक नोटिस नहीं किया गया।



### एसएस राजामौली ने कल्कि के ट्रेलर की तारीफ की

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रशंसकों से लेकर मशहूर हस्तियों तक, हर कोई ट्रेलर की सराहना कर रहा है। निर्देशक एसएस राजामौली ने भी ट्रेलर की सराहना की है। निर्देशक एसएस राजामौली ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह पावर पैक्ड ट्रेलर है। यह फिल्म एफडीएफएस देखने के लिए सही मूड और टोन सेट करता है। अमिताभ जी, डार्लिंग और दीपिका के किरदारों में बहुत गहराई है। यह वाकई दिलचस्प है।

# ताइवान ने द्वीप के पास चीनी सैन्य विमान देखे

ताइपे, एजेंसी

ताइवानी सेना ने पिछले 24 घंटों में द्वीप के करीब चीनी सशस्त्र बलों के 15 विमान और छह जहाज देखे हैं। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर कहा, ताइवान के आसपास रविवार सुबह छह बजे तक 15 पीएलए विमान और छह पीएलएएन (नौसेना) जहाज देखे गये। आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये।

चीनी सशस्त्र बलों ने मई में द्वीप के प्रशासन के नये प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार संभालने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया। उनके अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की संभावना है। चीन ने जून की शुरुआत में कहा था कि चीनी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी, साथ ही पुनर्मिलन को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। साथ ही, सेना देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। ताइवान 1949 से से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान (अपनी स्वयं की निर्वाचित सरकार वाला क्षेत्र) मानता है कि वह एक स्वायत्त देश है। बीजिंग ताइपे के साथ अन्य देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

**चीन की दादागिरी**

- आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसे

# पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन युद्ध शुरू नहीं करेंगे : फिलीपींस

मनीला, एजेंसी

- फिलीपींस की सेना ने चीनी सैनिकों के हमला करने के वीडियो सार्वजनिक किए थे

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी ताकत के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी। वह उन नौसेना कर्मियों को पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे। सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी। इस हिंसक टकराव ने अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी और एशियाई देशों की चिंता बढ़ा दी है।